
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
TITLE CODE :UPHIN49919
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 1 अंकः 085 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 08 जनवरी 2023 http://samajjagran.in पेजः12 मूल्य 05 रुपया

## हरियाणाः हादसे का शिकार हुई गृह मंत्री अनिल विज की कार, बाल-बाल बची जान



बहादुरगढ़. हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज का सड़क दुर्घटनाओं से पीछा नहीं छूट रहा. शनिवार को बहादुरगढ़ स्थित केएमपी एक्सप्रेसवे पर गृह मंत्री अनिल विज हादसे का शिकार होते-होते बचे. दरअसल एक ट्रक की टक्कर लगने के बाद काफिले में शामिल एस्कॉर्ट गाड़ी अनियंत्रित होकर आगे चल रही मंत्री अनिल विज की गाड़ी से टकरा गई. संयोगवश दुर्घटना केवल गाड़ियों के टकराने तक ही सीमित रही. किसी को चोट नहीं आई और कुछ देर बाद मंत्री गुड़गांव के लिए रवाना हो गए.

घटना शनिवार दोपहर करीब 3:00 बजे की है. मिली जानकारी के अनुसार मंत्री अनिल विज रोहतक से गुरुग्राम जा रहे थे. जब वो केएमपी एक्सप्रेस-वे पर मुंडाखेड़ा गांव के पास पहुंचे तो उनके काफिले की एस्कॉर्ट गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई, जिसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर आगे चल रही अनिल विज की गाड़ी से भिड़ गई. गनीमत यह रही कि मंत्री अनिल विज सहित अन्य किसी को भी चोट नहीं आई. इसके बाद ट्रक को वहीं पर रुकवाया गया. कुछ देर बाद मंत्री अनिल विज काफिले सहित रवाना हो गए.

मामला संज्ञान में आने के बाद झज्जर जिला पुलिस और प्रशासन हरकत में आया. एसपी वसीम अकरम सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई. पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है. बता दें कि पिछले महीने भी अनिल विज की गाड़ी का सड़क पर चलते हुए शॉकर टूट गया था. इस दौरान भी अनिल विज बाल-बाल बचे थे. फिलहाल पुलिस की जांच चल रही है लेकिन देखना होगा कि जांच में क्या कुछ निकल कर सामने आता है.

## धूमधाम से मनेगी कपूर्री ठाकुर की जयंती

**समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : राष्ट्रीय नाई महासभा जनपद इकाई बलिया के जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद नंदवंशी ने बताया कि इस वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर जयंती काफी धूमधाम के साथ जनता इंटर कालेज के मैदान में मनाया जाएगा। इससे पूर्व 15 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर जयंती के उपलक्ष्य में जनपद के भीमपुरा से रथयात्रा निकाली जाएगी, जो दस दिन तक पूरे जनपद का भ्रमण करेगी। जिलाध्यक्ष शनिवार को नगरा में प्रेस-



ावार्ता में कहा कि फेफना क्षेत्र के सपा विधायक संग्राम सिंह यादव व दीपक सिंह बघेल रथयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि कपूर्री ठाकुर के जयंती के अवसर पर आयोजित समा-रोह में मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजमणि शर्मा के अलावा अन्य बड़े नेता भी शामिल होंगे। जयंती समारोह में जिले के राजनैतिक दलों के नेता भी भाग लेंगे। उन्होंने स्वजातीय बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में जयंती समारोह में भाग लेने की अपील की है

## बढ़ती ठंड से प्रभावित होने लगा आम जनजीवन

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : इस समय पड़ रही कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है । सर्दी के मार से मनुष्य के साथ-साथ जीव जंतु भी प्रभावित होने लगे हैं । इसी क्रम में शनिवार की सुबह कचहरी रोड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के सामने ठंड के कारण एक कौवा बेसुध होकर गिर गया।

इतना देखते ही एटीएम पर तैनात गार्ड भगवान दास ने तत्काल आग जलाकर उसे गर्मी दिया। गर्मी पाकर पक्षी के शरीर में हलचल होने लगी इसके बाद काफी देर तक गार्ड ने उसकी देखभाल की जिससे कौवे की जान बच गई। भगवान दास के इस पछी प्रेम



की लोगों में काफी चर्चा है। मालूम हो कि पिछले सप्ताह से तेज हवा के चलते ठंड में काफी वृद्धि हो गई है तापमान काफी गिर गया है। जिसके चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

## भारतीय विज्ञान कांग्रेस नागपुर अधिवेशन मे डॉ. अनिल कुमार नें भौतिकी विज्ञान में बिहार का किया प्रतिनिधित्व

नागपुर । भारतीय विज्ञान कांग्रेस 108 वे 3-7 जनवरी 2023 आयोजित नागपुर अधिवेशन का उद्धाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। इस अधिवेशन मे उन्होंने Science & technology in sustainable development with women empowerment पर नए अनुसंधान की बात कही। इस अधिवेशन मे देश विदेश से कई नामचीन वैज्ञानिको ने भाग लिया। विज्ञान के क्षेत्र मे अलग -अलग विभाग मे नए अनुसंधान करने वाले व्याख्यान दिये। जिसमे बिहार से सिर्फ पूर्णिया महिला कॉलेज, भौतिकी विभाग के सहायक अतिथि प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार को उनके द्वारा किये गये शोध कार्य का व्याख्यान देने का अवसर मिला। डॉ अनिल ने अल्युमिनियम कॉपर मिस्र धातु पर अपने नए शोध पर व्याख्यान देते हुए कहा कि यह आने वाले समय मे औधोगिक छेत्र के लिए काफी सस्ता, टिकाऊ एव लाभकारी सिद्ध होगा। डॉ अनिल के इस शोध कार्य मे मुख्य भूमिका डॉ सुशील कुमार मंडल, टी एम बी यू भागलपुर एवं प्रो बी के सिंह की रही। डॉ अनिल को उनके इस नए अनुसंधान कार्य के लिए भारतीय विज्ञान कांग्रेस भौतिकी विभाग द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सखी वन स्टॉप सेंटर नोएडा में वजीदपुर झुग्गी की महिलाओं के लिए हुआ विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।

जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सखी वन स्टॉप सेन्टर, बी-11. सेक्टर-62 नोएडा परिसर में वजीदपुर झुग्गी की महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वैच्छिक संगठन ऐस्त्रङ्क्१ी१ कल्र्ां 4 हङ्क१' के सौजन्य से किया गया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेन्टर के कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। इसी के साथ विभिन्न योजनाएँ जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को कम्बल एवं गर्म कपडे वितरित किये गये। कार्यक्रम में सेक्टर-58 थाने के एस०एच०ओ० विवके द्विवेदी, संस्था



की संस्थापक कीर्ति माथुर, चौकी इंचार्ज एस0आई0 सोनिका, केन्द्र प्रभारी श्वेता एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## डॉ. प्रवीण तोगड़िया का 28 जनवरी को जौनपुर आगमन

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष एवं ख्याति लब्ध कैंसर चिकित्सक डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया का काशी प्रांत का प्रवास 28, 29 जनवरी को हो रहा है।

डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया 28 जनवरी की सुबह लखनऊ से चलकर अमेठी होते हुए शाम 4:00 बजे तक जौनपुर पहुंचेंगे। इसके बाद नगर के प्रसिद्ध टीडी इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति होकर अपने लोगो संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद के डा. तोगड़िया जौनपुर वाराणसी मार्ग पर स्थित सिंह कोल्ड स्टोरेज के स्वामी राजकुमार सिंह के निवास पर रात्रि प्रवास करेंगे। इसी क्रम में दूसरे दिन प्रातः 9 बजे यानी 29 जनवरी को डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया कार द्वारा काशी के लिए प्रस्थान करेंगे । इस आशय की जानकारी परिषद के जिला अध्यक्ष अजय पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। साथ ही उन्होंने



परिषद सहित इसके अनुवांशिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्यकताओं व हिंदू विचारधारा के लोगों से अपील किया है कि डॉक्टर तोगड़िया के विचारों को सुनने के लिए लोग अधिक से अधिक संख्या मे भाग ले और हिंदू रक्षा निधि अर्पण में योगदान कर कार्यक्रम को सफल बनाएं

## ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के सीईओ को एक महीने की सजा, गिरफ्तारी का आदेश।

गौतमबुद्धनगर की बड़ी खबर। माननीय जिला न्यायालय नें नोएडा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीओ रितु महेश्वरी को एक महीना की सजा सुनाते हुए पुलिस को गिरफ्तारी जारी किया है। बताते चले कि रितु महेश्वरी इस समय मे नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के मुख्य कायार्पालक अधिकारी है। जिला गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमीशनर को सीओ की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है। मामला एक भूखंड आवंटन और नोएडा प्राधिकरण के बीच 18 साल से उपभोक्ता अदालत में चल रहे मुकदमा में शनिवार को जिला उपभोक्ता न्यायालय नें यह फैसला सुनाया है।

### क्या है मामला

जिला उपभोक्ता फोरम से मिली जानकारी के मुताबिक महेश मित्रा नाम के व्यक्ति ने वर्ष 2001 में भूखंड आवंटन के लिए आवेदन किया था। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने महेश मित्रा को आवंटन नहीं किया। जिसके खिलाफ उन्होंने वर्ष 2005 में एक मुकदमा जिला उपभोक्ता फोरम में दायर किया था। इस मुकदमे पर 18 दिसंबर 2006 को जिला फोरम ने फैसला सुनाया। जिला फोरम ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण को आदेश दिया कि महेश मित्रा को उनकी आवश्यकता के अनुसार 1,000 वर्ग मीटर से 2,500 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल का भूखंड आवंटित किया जाए। जिस पर प्राधिकरण के नियम और शर्तें लागू रहेंगी। इसके अलावा मुकदमे का हर्जा-खर्चा भी भरने का आदेश प्राधिकरण को दिया गया था।




### अथॉरिटी ने राज्य आयोग का दरवाजा खटखटाया

जिला उपभोक्ता फोरम के आदेश के खिलाफ विकास प्राधिकरण ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील दायर की। अपील पर 21 दिसंबर 2010 को राज्य आयोग ने फैसला सुनाया। राज्य आयोग ने फैसला दिया कि महेश मित्रा की ओर से नोएडा विकास प्राधिकरण में जमा किए गए ड्ट20,000 की पंजीकरण राशि वापस लौटाई जाएगी। यह धनराशि 6 जनवरी 2001 को जमा की गई थी। उस दिन से लेकर भुगतान की तारीख तक 6% ब्याज भी चुकाना होगा। राज्य आयोग के इस फैसले से विकास प्राधिकरण को बड़ी राहत मिल गई।

### महेश मित्रा ने राष्ट्रीय आयोग में अपील दायर की

राज्य आयोग के इस आदेश के खिलाफ महेश मित्रा ने राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। पूरे मामले को सुनने के बाद राष्ट्रीय आयोग ने 30 मई 2014 को अपना फैसला सुनाया। राष्ट्रीय आयोग ने कहा कि मित्रा का पक्ष सही है और राज्य आयोग का फैसला गलत है। जिला उपभोक्ता फोरम ने जो फैसला सुनाया था, वह सही है। हालांकि, जिला उपभोक्ता फोरम के फैसले में राष्ट्रीय आयोग ने मामूली बदलाव किया। राष्ट्रीय आयोग ने अपने फैसले में कहा कि महेश मित्रा को 500 वर्गमीटर से 2,500 वर्गमीटर के बीच का कोई भी प्लॉट आवंटित किया जा सकता है। यह उनकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट और आवश्यकता के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

### प्राधिकरण ने राष्ट्रीय आयोग का फैसला लटकाया

राष्ट्रीय आयोग के फैसले पर ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने अमल नहीं किया। जिसके खिलाफ महेश मित्रा ने एक बार फिर जिला उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया। जिला फोरम ने कई बार ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण को राष्ट्रीय आयोग के फैसले का अनुपालन करने के लिए आदेश दिए। अंततः 14 जुलाई 2017 को जिला फोरम ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के बैंक खाते कुर्क कर लिए। इस एक्शन के खिलाफ प्राधिकरण ने राज्य आयोग में अपील दायर की। राज्य आयोग ने जिला फोरम के आदेश को रद्द कर दिया। जिला फोरम ने 18 अगस्त 2017 को प्राधिकरण के सीईओ को व्यक्तिगत रूप से फोरम के सामने हाजिर होने का आदेश दिया। इस आदेश के खिलाफ भी प्राधिकरण ने राज्य आयोग से निरस्तीकरण आदेश हासिल कर लिया।

सीईओ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी जिला भोक्ता फोरम ने शनिवार को पारित आदेश में कहा है कि पिछले 9 वर्षों से ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण जिला फोरम और राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के आदेशों को लटका रहा है। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य दयाशंकर पांडे ने पूरे मामले की सुनवाई करते हुए शनिवार को नया आदेश पारित किया है। जिसमें ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को एक महीने की सजा सुनाई गई है। उन पर ड्ट2,000 का अर्थदंड लगाया गया है। सीईओ को गिरफ्तार करने के लिए गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर को वारंट भेजा गया है। जिला फोरम की ओर से सीईओ को आदेश दिया गया है कि अगले 15 दिनों में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के आदेश का पालन किया जाए।

## सीट बेल्ट एवं हेलमेट के बिना वाहन चलाते पर गाड़ी होगी सीज

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : सड़क सुरक्षा माह तथा यातायात नियमों के सम्बन्ध में वाहन चालकों एवं यात्रियों को जानकारी दिये जाने के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में गाजीपुर तिराहा से भीटी चौराहा तक रोड के किनारे खड़े वाहनो का चालान किया गया। हेलमेट पहने हुए लोगों का माला एवं पुष्प देकर सम्मान भी किया गया। हेलमेट एवं सीट बेल्ट न पहनकर वाहन चलाने से होने वाले सड़क दुर्घटना के बारे में भी लोगों को बताया गया। इस अवसर पर एआरटीओ प्रशासन रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रवर्तन कहकशा खातून, यात्री कर अधिकारी अरविन्द कुमार जैसल, दयानिधि



उपाध्याय प्रधान सहायक, सूर्यनाथ यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बोधगया के चीन मंदिर में लगा भारत का विवादित नक्शा भारत के अखंडता व संप्रभुता के खिलाफ – कांग्रेस

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया ( बिहार)- 7 जनवरी 2023 -अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो0 विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रद्युमन दुबे, मिथिलेश सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, आदि ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि बुद्ध की ज्ञान स्थली से विख्यात बोधगया जहां मंदिर के गेस्ट हाउस में चीन के मंदिर व भारत का विवादित नक्शा जिसमे लद्दाख के कुछ भाग को चीन ने अपनी सीमा में दिखाया है।जिसे विभिन्न एक्सपट्र्स, जानकार ने बेहद गंभीर बताते हुए इस विवादित नक्शा को भारत में कहीं नहीं लगाने की बाते कहीं है। नेताओ ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि चीन का यह नक्शा पूरी तरह गलत तथा भारत की अखंडता, संप्रभुता के खिलाफ है। कांग्रेसी नेताओ ने स्थानीय प्रशासन, राज्य वकेंद्र सरकार से अविलंब बोधगया स्थित चीन के मंदिर के गेस्ट हाउस के दीवार से विवादित नक्शा अविलंब हटाने की मांग किया है ' नेताओं ने आगे कहा है कि विगत कई दिनों से लगातार कांग्रेसी नेताओं द्वारा विवादित नक्शा कि मामला को उठाया जा रहा है परंतु अभी तक नक्शा नहीं हटाया गया है।नेताओ ने कहा बोधगया में चीन मंदिर का निर्माण सन 1945 में हुआ था, जो कि महाबोधी मंदिर के कुछ दूरी पर स्थित है, बोधया में दो सौ से ज्यादा बौद्ध मठ, मंदिर है , जो संबंधित देशों से संचालित है। चीनी मंदिर के बाहर, अंदर सभी जगह चासुनीज भाषा में सब कुछ लिखा हुआ है।




## कम्प्यूटर ज्ञान के बिना किताबी ज्ञान अधूरा : अवधेश

**रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

नवादा । इक्कीसवीं सदी में शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान अथवा विषयवार जानकारी से नहीं बल्कि कंप्यूटर का मुक्कमल ज्ञान से है , इसलिए हर व्यक्ति को इस कंप्यूटर युग के साथ चलना होगा । नवादा नगर के नवीन नगर मोहल्ले में ज्ञानभारती स्कूल के सामने बी.एम.सी.आइ. कंप्यूटर इंस्टिट्यूट का उद्घाटन करते हुए शिक्षाविद अवधेश कुमार एवं समाजसेवी मो. असगर अली ने उपर्युक्त बातें कही । उन्होंने नई पीढ़ी के साथ-साथ प्रौढ़ लोगों को भी कंप्यूटर सीखने की सलाह देते हुए कहा कि अब कंप्यूटर जीवन की जरूरत बन गई है । बी.एम.सी.आई जैसे संस्थान न केवल बच्चों और युवाओं को बल्कि प्रौढ़ावस्था में भी लोगों को कंप्यूटर शिक्षा देने का बीड़ा उठाया है जो स्वागत योग्य है । खास्कर किसी भी तरह की नौकरी या व्यवसाय में दक्ष होने के लिए जिस कम्प्यूर तकनीक की आवश्यकता होगी उसे इस संस्थान से सस्ता



और शुलभ तरीके से प्राप्त किया जा सकता है । संस्थान के प्रोप्राइटर गौरी शर्मा एवं शिक्षक शाहिद आलम ने बताया कि हमारी प्राथमिकता वंचित वर्ग के बच्चों को मामूली दर पर कंप्यूटर शिक्षा से जोड़कर दक्ष करना है । उद्घाटन समारोह में राजद के वरिष्ठ नेता अनिल प्रसाद सिंह , शशिभूषण शर्मा , नंदकिशोर बाजपेयी ,सामाजिक कार्यकर्ता शम्भु विश्वकर्मा , पंकज यादव , मनीष कुमार , साहित्यकार अशोक समदर्शी समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए ।

# केशव चन्द्र सेन

**केशव चन्द्र सेन** (जन्म- 19 नवम्बर, 1838, कलकत्ता, पश्चिम बंगाल, ब्रिटिश भारत; मृत्यु- 8 जनवरी, 1884, कलकत्ता, बंगाल प्रेसीडेंसी) एक प्रसिद्ध धार्मिक व सामाज सुधारक, जो 'ब्रह्मसमाज' के संस्थापकों में से एक थे। वे बड़े तीव्र बुद्धि, तार्किक और विद्वान युवक थे। उन्होंने उत्साहपूर्वक समाज को संगठित करना प्रारम्भ किया और इस कारण वे शीघ्र ही आचार्य पद पर नियुक्त हो गये। केशव चन्द्र सेन ने ही आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती को सलाह दी थी की वे 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना हिन्दी में करें। केशव चन्द्र सेन और स्वामीजी के विचार आपस में नहीं मिलते थे, जिस कारण ब्रह्म समाज का विभाजन 'आदि ब्रह्मसमाज' और 'भारतीय ब्रह्मसमाज' में हो गया।

### जीवन परिचय

केशव चन्द्र सेन का जन्म 19 नवंबर, 1838 को कलकत्ता (आधुनिक कोलकाता), ब्रिटिश भारत में हुआ था। उनके पिता का नाम प्यारेमोहन था। वह प्रसिद्ध वैष्णव एवं विद्वान दीवान रायकमल सेन के पुत्र थे। रायकमल सेन बंगाल की एशियाटिक सोसायटी के मंत्री नियुक्त होने वाले पहले भारतीय थे। जब केशव चन्द्र सेन मात्र दस वर्ष के बालक ही थे, तभी इनके पिता का निधन हो गया था। ऐसे में इनके चाचा ने इन्हें पाला। केशव चन्द्र के आकर्षक व्यक्तित्व ने ही ब्रह्मसमाज आंदोलन को स्फूर्ति प्रदान की थी। उन्होंने भारत के शैक्षिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक पुनर्जन्म में चिर स्थायी योगदान दिया। 1866 में केशव चन्द्र ने 'भारतीय ब्रह्मसमाज' की स्थापना की। इसे देखकर देवेंद्रनाथ ने अपने समाज का नाम भी आदि ब्रह्मसमाज रख दिया था।

### आचार्य का पद

बाल्यावस्था से ही केशव चन्द्र का उच्च आध्यात्मिक जीवन था। वे बड़े तीव्र बुद्धि, तार्किक और विद्वान युवक थे। महर्षि देवेन्द्रनाथ को वे ब्रह्मसमाज के लिए बड़े उपयोगी जान पड़े। 1857 में वे ब्रह्मसमाज में सम्मिलित हो गये। उन्होंने उत्साहपूर्वक समाज को संगठित करना प्रारम्भ किया और इस कारण महर्षि के कृपापात्र होकर वे शीघ्र ही उसके आचार्य पद पर नियुक्त हो गये, परन्तु केशव बाबू का आना ब्रह्म समाज के संगठन और स्वरूप के लिए अभिशाप बन गया। महर्षि देवेन्द्रनाथ और केशवबाबू के विचार नहीं मिलते थे, परिणामतः ब्रह्मसमाज का विभाजन हो गया। मूल ब्रह्मसमाज 'आदि ब्रह्मसमाज' के नाम से जाना जाने लगा और केशवबाबू का नवगठित समाज 'भारतवर्षीय ब्रह्मसमाज' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

### योगदान

केशव चन्द्र के प्रेरक नेतृत्व में भारत का ब्रह्मसमाज देश की एक महती शक्ति बन गया। इसकी विस्तृताधारीय सर्वव्याप्ति की अभिव्यक्ति श्लोक संग्रह में हुई, जो एक अपूर्व संग्रह है तथा सभी राष्ट्रों एवं सभी युगों के धर्म ग्रंथों में अपने प्रकार की प्रथम कृति है। सर्वांग उपासना की दीक्षा केशव चन्द्र द्वारा ही गई, जिसके भीतर उद्बोधन, आराधना, ध्यान, साधारण प्रार्थना, तथा शांतिवाचन, पाठ एवं उपदेश प्रार्थना का समावेश है। सभी भक्तों के लिए यह उनका अमूल्य दान है। धर्मतत्व ने तत्कालीन दार्शनिक विचारधारा को नवीन रूप दिया। 1870 में केशव चन्द्र ने इंग्लैंड की यात्रा की। इस यात्रा से पूर्व तथा पश्चिम एक दूसरे के निकट आए तथा अंतरराष्ट्रीय एकता का मार्ग प्रशस्त हुआ। 1875 में केशव चन्द्र ने ईश्वर के नीवन स्वरूप-नव विधान समरूप धर्म नवीन धर्म की संपूर्णता का संदेश दिया।

### ईसाइयत के प्रति प्रेम

केशव चन्द्र सेन की शिक्षा-दीक्षा पाश्चात्य संस्कारों के साथ हुई थी। स्वभावतः ईसाइयत के प्रति उनमें अपार उत्साह था। वे ईसा को एशिया का महापुरुष ही नहीं, समस्त मानव जाति का त्राता मानते थे और



अपने अनुयायियों को ईसाई मत की धार्मिक एवं आचार मूलक शिक्षाओं को खुलेआम अपनाने की प्रेरणा देते थे। केशवचन्द्र सेन देश में बड़ी तेजीसे उभरती हुई राष्ट्रीय चेतना के विरुद्ध दौड़े। जब नेता में ही देशभक्ति की भावना न हो तो उसके अनुयायियों का क्या कहना ! वस्तुतः केशव बाबू के अपने कोई सिद्धान्त नहीं थे। हिन्दू धर्म की मान्यताओं को नकारने के कारण उनके द्वार सबके लिए खुले थे। किन्तु वे पूरी तरह ईसाइयत के रंग में रंगे हुए थे और इस कारण ब्रह्मसमाज को ईसाई समाज का भारतीय संस्करण बनाना चाहते थे। अपनी प्रखर बुद्धि तथा ओजस्वी वाणी के कारण वे बंगाल में ही नहीं, समूचे देश में प्रसिद्ध हो गये थे।

### ब्रह्मसमाजियों की कट्टरता

केशव चन्द्र का विधान (दैवी संव्यवहार विधि), आवेश (साकार ब्रह्म की प्रत्यक्ष प्रेरणा), तथा साधुसमागम (संतों तथा धर्मगुरुओं से आध्यात्मिक संयोग) पर विशेष बल देना ब्रह्मसमाजियों के एक दल विशेष को, जो नितांत तर्कवादी एवं कट्टर विधानवादी था, अच्छा न लगा। यह तथा केशव चन्द्र की पुत्री के कूचबिहार के महाराज के साथ विवाह विषयक मतभेद विघटन के कारण बने, जिस-का परिणाम यह हुआ कि पंडित शिवनाथ शास्त्री के सशक्त नेतृत्व में 1878 में 'साधारण ब्रह्मसमाज' की स्थापना हुई।

### सामाजिक कार्य

1870 में इंग्लैण्ड से वापस लौटने पर केशव चन्द्र सेन ने 'इण्डियन रिफोर्म ऐसोसियेशन' नामक संस्था बनाई थी। इसकी सदस्यता सभा जाति और धर्म के लोगों के लिए खुली थी। संस्था की ओर से 'सुलभ समाचार' नामक पत्र भी निकाला गया। स्त्रियों के लिए स्कूल और एक कॉलेज भी खोला गया। उनके प्रयत्न से ही 1872 ई. में लड़कियों की विवाह की उम्र बढ़ाने का एक कानून भी बना।

### निधन

केशव चन्द्र सेन का निधन 8 जनवरी, 1884 को कोलकाता में हुआ।

# नाडिया

मेरी इवान्स या मेरी इवान्स वाडिया या फीयरलेस नाडिया (जन्म- 8 जनवरी, 1908, ऑस्ट्रेलिया; मृत्यु- 10 जनवरी, 1996, मुम्बई) भारतीय सिनेमा की ख्यातिप्राप्त अभिनेत्रियों में से एक थीं। सिर्फ.हिन्दी ही नहीं, किसी भी भारतीय भाषा के सिनेमा के इतिहास में इतनी दबंग, निर्भीक, बहादुर, स्टंटबाज, टारजन या रॉबिनहुड स्टॉइल की नायिका आज तक दूसरी नहीं हुई। नाडिया ने हिन्दुस्तानी सिनेमा के तीस और चालीस के दशक में एक दिलेर-जांबाज अभिनेत्री के रूप में ऐसा जीवटभरा प्रदर्शन किया कि उसने पारम्परिक भारतीय समाज की अनेक मान्यताओं को ध्वस्त कर दिया। अपने समय में नाडिया बहुत बड़ी स्टार थीं। उन्होंने अपने बलबूते पर कई हिट फि ल्में दी थीं। किंतु नाडिया को वह मान-सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी वह हकदार थीं।

### जन्म तथा नामकरण

नाडिया का जन्म 8 जनवरी, सन 1908 को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के 'पर्थ' शहर में हुआ था। उनके पिता का नाम हर्बर्ट इवान्स था, जो ब्रिटिश सेना में सैनिक थे। माता का नाम ग्रीक मार्गरेट था। पहले नाडिया का नाम 'मेरी इवान्स' रखा गया था, किंतु एक अमेरिकी ज्योतिष की सलाह पर वह 'मेरी इवान्स' से 'नाडिया' हो गईं।

### भारत आगमन

जब नाडिया केवल पाँच साल की थीं, तब उनके पिता का तबादला बम्बई (वर्तमान मुम्बई) हो गया, और पूरा परिवार भारत आ गया। प्रथम विश्वयुद्ध में उन्हें फ्राँस के मोर्चे पर भेजा गया था, जहाँ वे मारे गए। पिता की मृत्यु के बाद नाडिया की माँ बम्बई में ही बस गईं।

### व्यावसायिक जीवन की शुरूआत

जब नाडिया ने होश संभाला तो माँ की मदद के लिए नौसेना के स्टोर्स में सेल्स गर्ल बन गईं। फिर सेक्रेटरी का दायित्व निभाया। इसी दौरान रशियन बैले नर्तकी मैडम एस्ट्रोव से उनकी मुलाकात हुई। बैले सीखने के लिए नाडिया ने अपन वजन भी घटाया। कुछ समय 'झाको रशियन सर्कस' में भी काम किया और अपनी कलाबाजियाँ दिखाईं। वे ब्रिटिश-भारतीय दर्शकों का मनोरंजन बैले के प्रदर्शन से करने लगीं। इसी दौरान एक शो में होमी वाडिया ने नाडिया को देखा तो उन पर मंत्रमुग्ध हो गए। स्क्रीन टेस्ट के बाद 'वाडिया मूवीटोन' के लिए नाडिया ऐसे अनुबंधित हुईं कि होमी वाडिया के 'होम' की मालकिन बनीं।

### अभिनय

नाडिया ने सन 1933 में पहली बार हिन्दी फि ल्म 'लाल ए यमन' में अभिनय किया था, जिसका निर्माण 'वाडिया मूवीटोन' के जेबीएच वाडिया ने किया था। भारत में 'हंटरवाली' के नाम से मशहूर हुई नाडिया ने 1930 और 1940 के दशक में 35 से भी अधिक फि ल्मों में काम किया। पूरी ऊँची और गोरी-चिट्टी नाडिया के लिए नायक ढूँढना मुश्किल काम था। 'ऑल इण्डिया बॉडी ब्यूटीफुल कॉम्पिटिशन' के विजेता जॉन कावस का व्यक्तित्व शानदार था। वे हट्टे-कट्टे कदकाठी के कद्दावर व्यक्ति थे। इसलिए उन्हें नाडिया का हीरो बना दिया गया। नाडिया की सफलता के पीछे जॉन कावस का बहुत बड़ा योगदान था।

### हिन्दी फि ल्मों में सफलता

आरंभिक दो-तीन फि ल्मों में छोटे रोल करने के बाद जेबीएच वाडिया ने सन 1935 में फि ल्म "हंटरवाली" की पटकथा लिखी। इस दौर में गूंगा सिनेमा अपने धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक गुफाओं से बाहर आ रहा था। प्रभात फि ल्म कंपनी, न्यू थिएटर्स, बाम्बे टॉकिज अपने स्टाइल की फि ल्में बना रहे थे। वाडिया भाइयों ने अपना अलग चलन शुरू किया। यह अमेरिकन टार्जन मूवीज, वेस्टनर्स, काऊबॉय स्टाइल से प्रेरित था। नाडिया को स्टंट फि ल्मों का ऑफर दिया गया।

'हंटरवाली' नायिका प्रधान फि ल्म थी। उन दिनों साठ हजार रुपयों में फि ल्म बन जाया करती थी। जेबीएच वाडिया ने 'हंटरवाली' का बजट अस्सी हजार किया। जब वितरकों ने फि ल्म देखी, तो हिरोइन के हाथों में हंटर और तलवार देखकर पीछे हट गए। मजबूर होकर वाडिया भाइयों ने अपने दोस्त बिलिमोरिया की भागीदारी में 'हंटरवाली' फि ल्म रिलीज की। दर्शकों ने अब तक या तो स्वर्ग की अप्सराओं या देवियों को फूल बरसाते देखा था या फिर घरों में कैद हमेशा रोने-धोने-कलपने वाली औरत को देखा था। इतनी दिलेर स्त्री को परदे पर हैरतअंगेज करतब करते देख वे चकित रह गए। फि ल्म 'हंटरवाली' ने बॉक्स ऑफि स पर ऐसा धमाल किया कि नाडिया रातोंरात सुपर स्टार बन गईं। इस प्रकार स्टंट फि ल्मों का कारवाँ चल पड़ा

# निवेशकों के लिए ' रेडकार्पेट ' बिछाता मप्र

औद्योगिक विकास की दृष्टि से देश में 7 वें नंबर पर खड़े मप्र में प्रवासी भारतीयों से पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए मप्र की डबल इंजन की भाजपा सरकार र-ेडकार्पेट बिछाने में लगी है,ताकि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अपनी जमीन को थोड़ा -बहुत मजबूत किया जा सके।

मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित होने वाले 17वें प्रवासी भारतीय सम्मलेन में सबसे ज्यादा खाड़ी देशों से भागेदारी हो रही है। सिर्फ.यूएई से ही 715 प्रवासी भारतीयों ने सम्मलेन में शामिल होने के लिए विदेश मंत्रालय के समक्ष अपना पंजीकरण कराया है ।कतर से 275 ओमान से 233, कुवैत से 95 और बहरीन से 72 प्रतिनिधियों ने सम्मलेन में भागेदारी की स्वीकृति दी है. अमेरिका से भी 167 प्रतिनिधि शामिल होने आ रहे हैं. युएई के बाद मॉरिशस ऐसा देश है जहां से 447 प्रतिनिधि सम्मलेन में शामिल हो रहे हैं.

मप्र में कांग्रेस की निर्वाचित सरकार गिराकर दोबारा सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री शि-ावराज सिंह चौहान का यह पहला बड़ा आयोजन है ।इस आयोजन पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है,ताकि कुछ न कुछ हासिल किया जा सके। चौहान स-रकार को जनता की आंखों में धूल झोंककर ऐसे निवेशक सम्मेलन आयोजित करने का बेहतर तजुर्बा है। अपने पंद्रह साल के पुराने कार्यकाल में चौहान सरकार ने आधा दर्जन निवेशक सम्मेलन किए थे। मप्र में अब तक जितने भी निवेशक सम्मेलन हुए उनमें से कुछ में मै भी बाहैसियत पत्रकार शामिल हुआ ।इन सम्मेलनों में हुए एम ओ यू में से आधे भी मूर्त रूप नहीं ले सके।

इस बार गले -गले तक कर्ज में डूबी मप्र सरकार कुल 66 देशों से 2705 प्रतिनिधि बुलाकर पूंजी निवेश हासिल करना चाहता है।. इस समारोह में विदेश मंत्रालय की स-ाझेदारी है जबकि निवेशकों का सम्मेलन पूरी तरह से राज्य सरकार आयोजित कर रही है.

मध्य प्रदेश में 2003 में भाजपा सरकार बनने के बाद हुई पांच इन्वेस्टर्स समिट के जरिए सरकार ने, एक लाख सात हजार



करोड़ का निवेश हासिल कर दो लाख 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का दावा किया है। हालांकि इन आंकड़ों का किसी जिम्मेदार एजेंसी ने सत्यापन नहीं किया है। आंकड़े गढ़ने में सिद्ध हस्त मप्र के नौकरशाही का दावा है कि प्रदेश में फिलहाल 320 बड़ी औद्योगिक इकाइयां चल रही हैं। वहीं छोटे और मध्यम उद्योगों की संख्या 26 लाख तक पहुंच गई है ।स-रकार को उम्मीद है कि इंदौर में 11/12 जनवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्य प्रदेश में निवेश का नया इतिहास लिखेगी।

इंदौर के निवेशक सम्मेलन में पहली बार निवेशकों को लैंड बैंक की डिजिटल प्रस्तुति भी दी जाएगी। उन्हें जहां की भूमि पसंद आएगी, सरकार वहां की भूमि आवंटित करेगी। अतीत में ऐसे ही सम्मेलनों के जरिए बाबा रामदेव से लेकर तमाम चंगू मंगू उद्योगपति बनकर प्रदेश की कीमती जमीनें हथिया चुके हैं। बहुत कम निवेशकों ने अपनी इकाइयों को अंतिम रूप दिया है। मुझे जहां तक याद है कि मप्र में पहली समिट-अक्टूबर 2007 में हुई थी। इसमें 17,311.19 करोड़ का निवेश हासिल करने के लिए 120 एम ओ यू किए गए। दावा किया गया था कि 49 हजार 750 को रोजगार मिलेगा, लेकिन बात आंकड़ों से आगे नहीं बढ़ी।

प्रदेश में दूसरी समिट अक्टूबर 2010 में हुई इसमें 109 एमओयू हुए, 26,879.23 करोड़ का निवेश आने का दावा किया गया, कहा गया कि 25 हजार को रोजगार मिलेगा, मिला या नहीं ये सिर्फ सरकार जानती है। यही हाल तीसरी समिट का हुआ। अक्टूबर 2012 में हुई इस समिट में एम ओ यू की झड़ी लग गई। कुल 425 एमओयू हुए । उम्मीद थी कि इससे 26,054.85 करोड़ का निवेश आएगा और 31 हजार 530 को रोजगार मिलेगा, लेकिन हकीकत और अफसाना अलग अलग हैं।

निवेशकों की चौथी समिट अक्टूबर 2014 में हुई थी। इसमें भी सरकारी मेहमान बनकर आए उद्योगपति दबाव से 3,160 एमओयू तो कर गए लेकिन इनके जरिए, 49,272.5 करोड़ का निवेश नहीं आया और न ही 38 हजार 750 को रोजगार मिला । यही हश्र पांचवीं समिट - का भी हुआ।अक्टूबर 2016 में हुई समिट में नौकरशाही ने 2,635 एमओयू कराने का कीर्तिमान बनाकर दोनों हाथों से वाहवाही लूटी।दावा किया कि , 32,597.66 करोड़ का निवेश आएगा और 92 हजार 700 को रोजगार मिलेगा। लेकिन नतीजा ठनठन गोपाल ही रहा।

मध्य प्रदेश पहले से टाइगर स्टेट है, लेपर्ड स्टेट है और अब हम चीता स्टेट भी हो गए हैं। अब मध्य प्रदेश इंवेस्ट फ्रेंडली प्रदेश भी बन गया है ।प्रदेश में रेडीमेड गारमेंट्स के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है ।आटोमोबाइल के क्षेत्र में अनेक कंपनियां यहां काम कर रही हैं।

अनेक शहरों में आईटी पार्क जंग खा रहे हैं ।कोविड के दौरान मध्यप्रदेश के फार्मा सेक्टर ने विदेशों में दवाइयों का एक्सपोर्ट किया है ।मध्य प्रदेश में आटोमोबाइल सेक्टर पहले से है, अब इथनाल पॉलिसी भी बनाई गई है ।मप्र में कई तरह के खनिज हैं। कोयला, मैंग्नीज, कापर हैं, इससे जुड़े उद्योग की स्थापना लक्ष्य है।

कहने के लिए उद्योगों की स्थापना के लिए झंझट मुक्त प्रदेश है मध्यप्रदेश। यहां सिंगल विंडो प्रणाली से एक भी काम नहीं होता। दावा है कि नया उद्योग लगाने के लिए आठ विभागों की 44 सेवाओं की अनुमति 30 दिन के भीतर उपलब्ध कराने की सुविधा देने वाला यह एकमात्र प्रदेश है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि पहले मध्य प्रदेश में उद्योग लगाने में निवेशकों की रुचि नहीं थी। इसकी वजहें कई थीं। हमने धीरे-धीरे नियमों को निवेश-ाकों के अनुकूल बनाया, उनका विश्वास जीता, तब कहीं अब देश-दुनिया के निवेश-ाक मप्र खुद रुचि लेकर आ रहे हैं। इस छठी इंवेस्टर्स समिट से हमें बहुत उम्मीदें हैं। भगवान इन उम्मीदों को पूरा करे।

@ राकेश अचल

## शिक्षा का बड़ा केंद्र बने भारत’

# प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक चुनौती

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है’ इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है’ इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है’ भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत स-रकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमे-रका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं ।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है ।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है ।इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आवंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।



संजीव ठाकुर, स्तंभकार ,चिंतक लेखक , रायपुर छत्तीसगढ़

# मोहन राकेश

मोहन राकेश (जन्मः 8 जनवरी, 1925; मृत्युः 3 जनवरी, 1972) 'नई कहानी आन्दोलन' के साहित्यकार थे। हिन्दी नाटक के क्षितिज पर मोहन राकेश का उदय उस समय हुआ, जब स्वाधीनता के बाद पचास के दशक में स-ांस्कृतिक पुनर्जागरण का ज्वार देश में जीवन के हर क्षेत्र को स्पन्दित कर रहा था। उनके नाटकों ने न सिर्फ.नाटक का आस्वाद, तेवर और स्तर ही बदल दिया, बल्कि हिन्दी रंगमंच की दिशा को भी प्रभावित किया। आधुनिक हिन्दी साहित्य काल में मोहन राकेश ने अपने लेखन से दूर होते हिन्दी साहित्य को रंगमंच के करीब ला दिया और स्वयं को भारतेन्दु हरिश्चंद्र और जयशंकर प्रसाद के समकक्ष खड़ा कर दिया।

### जीवन परिचय

मोहन राकेश हिंदी साहित्य के उन चुनिंदा साहित्यकारों में हैं जिन्हें ह्यनयी कहानी आंदोलनह्न का नायक माना जाता है और साहित्य जगत में अधिकांश लोग उन्हें उस दौर का ह्यमहानायकह्न कहते हैं। उन्होंने ह्यआषाढ़ का एक दिनह्न के रूप में हिंदी का पहला आधुनिक नाटक भी लिखा। कहानीकार-उपन्यासकार प्रकाश मनु भी ऐसे ही लोगों में शामिल हैं, जो नयी कहानी के दौर में मोहन राकेश को सर्वोपरि मानते हैं। प्रकाश मनु ने कहा ह्यह्यनयी कहानी आंदोलन ने हिंदी कहानी की पूरी तस्वीर बदली है। उस दौर में तीन नायक मोहन राकेश, कमलेश्वर और राजेंद्र यादव रहे। खुद कमलेश्वर और राजेंद्र यादव भी राकेश को हमेशा सर्वश्रेष्ठ मानते रहे।

### जन्म तथा शिक्षा

मोहन राकेश का जन्म 8 जनवरी, 1925 को अमृतसर, पंजाब में हुआ था। उनके पिता पेशे से वकील थे और साथ ही साहित्य और संगीत के प्रेमी भी थे। पिता की साहित्यिक रुचि का प्रभाव मोहन राकेश पर भी पड़ा। मोहन राकेश ने पहले लाहौर के 'ओरियंटल कॉलेज' से 'श-ास्त्री' की परीक्षा पास की। किशोरावस्था में सिर से पिता का साया उठने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और पढ़ाई जारी रखी। इसके बाद उन्होंने 'पंजाब विश्वविद्यालय' से हिन्दी और अंग्रेजी में एम.ए. किया। एक शिक्षक के रूप में पेशेवर ज़िंदगी की शुरूआत करने के साथ ही उनका रुझान लघु कहानियों की ओर हुआ। बाद में उन्होंने कई नाटक और उपन्यास लिखे। बाद में अनेक वर्षों तक दिल्ली, जालंधर, शिमला और मुम्बई में अध्यापन कार्य करते रहे।

### स्वतंत्र लेखन

अपनी साहित्यिक अभिरुचि के कारण मोहन राकेश का अध्यापन कार्य में मन नहीं लगा और एक वर्ष तक उन्होंने 'सारिका' पत्रिका का सम्पादन किया। इस कार्य को भी अपने लेखन में बाधा समझकर इससे किनारे कर लिया और जीवन के अन्त तक स्वतंत्र लेखन ही इनके जीविकोपार्जन का साधन रहा। मोहन राकेश हिन्दी के बहुमुखी प्रतिभा संपन्न नाट्य लेखक और उपन्यासकार थे। समाज की संवेदनशील अनुभूतियों को चुनकर उनका सार्थक सम्बन्ध खोज निकालना उनकी कहानियों की विषय-वस्तु थी।

### साहित्यिक परिचय

हिन्दी नाटकों में भारतेंदु हरिश्चंद्र और जयशंकर प्रसाद के बाद का दौर मोहन राकेश का दौर है, जिसमें हिन्दी नाटक दुबारा रंगमंच से जुड़े। हिन्दी नाट्य साहित्य में भारतेंदु हरिश्चंद्र और जयशंकर प्रसाद के बाद यदि कोई लीक से हटकर नाम उभरता है तो वह मोहन राकेश का है। बीच में और भी कई नाम आते हैं, जिन्होंने आधुनिक हिन्दी नाटक की विकास-यात्रा में महत्त्वपूर्ण पड़ाव तय किए, किन्तु मोहन राकेश का लेखन एक अलग ही स्थान पर नजर आता है। इसलिए ही नहीं कि उन्होंने अच्छे नाटक लिखे, बल्कि इसलिए भी कि उन्होंने हिन्दी नाटक को अँधेरे बन्द कमरों से बाहर निकाला और एक नए दौर के साथ जोड़कर दिखाया।

### रचनाएँ

मोहन राकेश की रचनाएँ पाठकों और लेखकों के दिलों को छूती हैं। एक बार जो उनकी रचना को पढ़ता है तो वह पूरी तरह से राकेश के शब्दों में डूब जाता है। राकेश के उपन्यास ह्यअंधेरे बंद कमरेह्न, ह्यन आने वाला कलह्न, अंतराल और ह्यबाकलमा खुदाह्न है। इसके अलावा आधे अधूरे, ह्यआषाढ़ का एक दिनह्न और ह्यलहरों के राजहंसह्न उनके कुछ मशहूर नाटक हैं। लहरों के राजहंस उनका सबसे विख्यात नाटक रहा।[1] मोहन राकेश ने नाटक, उपन्यास, कहानी, यात्रा वृत्तान्त, निबन्ध आदि विधाओं में विपुल साहित्य की रचना की।

### कथा साहित्य

मोहन राकेश पहले कहानी विधा के जरिये हिन्दी में आए। उनकी 'मिसपाल', 'आद्रा', 'ग्लासटैंक', 'जानवर' और 'मलबे का मालिक' आदि कहानियों ने हिन्दी कहानी का परिदृश्य ही बदल दिया। वे 'नयी कहानी आन्दोलन' के शीर्ष कथाकार के रूप में चर्चित हुए। मोहन राकेश हिन्दी के बहुमुखी प्रतिभा संपन्न नाट्य लेखक और उपन्यासकार हैं। उनकी कहानियों में एक निरंतर विकास मिलता है, जिससे वे आधुनिक मनुष्य की नियति के निकट से निकटतर आते गए हैं। उनकी खूबी यह थी कि वे कथा-शिल्प के उस्ताद थे और उनकी भाषा में गजब का सधाव ही नहीं, एक शास्त्रीय अनुशासन भी है। कहानी से लेकर उपन्यास तक में उनकी कथा-भूमि शहरी मध्य वर्ग है। कुछ कहानियों में भारत-विभाजन की पीड़ा बहुत सशक्त रूप में अभिव्यक्त हुई है। कहानी के बाद राकेश को सफलता नाट्य-लेखन के क्षेत्र में मिली है।

### नाट्य-लेखन

मोहन राकेश को कहानी के बाद नाट्य-लेखन के क्षेत्र में सफलता मिली। मोहन राकेश को हिन्दी नाटकों का अग्रदूत भी कह सकते हैं। हिन्दी नाट्य साहित्य में भारतेन्दु और प्रसाद के बाद कोई नाम उभरता है तो वह मोहन राकेश का है। उन्होंने अच्छे नाटक लिखे और हिन्दी नाटक को अँधेरे बन्द कमरों से बाहर निकाला और उसे युगों के रोमानी ऐन्द्रजालिक सम्मोहन से उबारकर एक नए दौर के साथ जोड़कर दिखाया। वस्तुतः मोहन राकेश के नाटक केवल हिन्दी के नाटक नहीं हैं। वे हिन्दी में लिखे अवश्य गए हैं, किन्तु वे समकालीन भारतीय

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## अकेली पाकर नाबालिग युवती से रेप, प्राथमिकी दर्ज।

**समाज जागरण, सुखेन्द्र कुमार संवाददाता गोह प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 7 जनवरी 2023:- गोह थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी के साथ रेप का मामला प्रकाश में आया है। घटना गांव के ही युवक सद्दाम उर्फ गुड्डू ने अंजाम दिया है। मामले में पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस पीड़िता का अदालत में बयान दर्ज कराने के साथ ही मेडिकल जांच कराने में लगी है। 14 वर्षीया पीड़िता के बयान पर दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक घटना के वक्त वह अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव के ही एक युवक घर में घुस आया। घर में अकेले होने का फायदा उठाते हुए वह उसके साथ छेड़खानी और अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। रेप की घटना को अंजाम देने के बाद युवक फरार बताया जा रहा है. प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। थाना अध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि एक गांव में एक युवक द्वारा घर मे अकेली देख एक नाबालिग किशोरी के साथ मारपीट, गाली-गलौज एवं जबरदस्ती घर में घुसकर छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता के बयान पर कांड संख्या 02/23 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में उसी गांव के एक युवक को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस किशोरी को न्यायालय में बयान के बाद मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है।

## हसपुरा थाना में जनता दरबार लगाकर मामले का किया गया निपटारा,
### *ठंड को लेकर विवाद के मामला में फरियादियों की उपस्थिति कम रही।*

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता सत्य देव सिंह, हसपुरा औरंगाबाद (बिहार ) 7 जनवरी 2023:- हसपुरा थाना परिसर में जनता दरबार लगाकर जमीनी विवाद मामले का सुनवाई किया गया। सीओ शोभा कुमारी,एस आई श्रीपति मिश्रा, अंचल सहायक समीरूद्दीन अंसारी ने प्रखंड के विभिन्न गांव से आये लोगों का फरियाद को सुनवाई की। सीओ ने बताया कि मुस्लिमाबाद के



आयशा खातुन एवं जलालुद्दीन अंसारी पिछले कई तारिख से अनुपस्थित रहने को लेकर दोनों के बीच विवाद को समाप्त कर दिया गया। वहीं रैयती भूमि से संबंधित विवाद लेकर आते चहुंटा गांव निवासी रामजन्म राम एवं भुषण राम को पुरी कागजात के साथ अगली तिथि पर उपस्थित होने के लिए नोटिस दिया गया। सीओ ने बताया कि ठंड को लेकर विवाद का मामला में फरियादियों की उपस्थिति कम रही।

## *बिहार के साथ गोह प्रखंड में हुई जातीय जनगणना की शुरूआत।*

**समाज जागरण, सुखेन्द्र कुमार संवाददाता गोह प्रखंड**



औरंगाबाद (बिहार) 7 जनवरी 2023:- बिहार में जाति आधारित जनगणना के साथ आज यानी 7 जनवरी से गोह प्रखंड क्षेत्र में शुरू हो गई है. महदीपुर ड्यूटी में लगे शिक्षक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि सबसे प्रथम मकानों की गिनती की जाती है, सभी मकानों का एक यूनिक नम्बर दिया जा रहा है, अगर एक मकान में दो अलग अलग परिवार रह रहे हैं तो अलग नम्बर दिया जा रहा है. घर के मुखिया का नाम, परिवारों का कुल सदस्य व मकान कच्ची व पक्के का भी चिन्हित किया जा रहा है। पहला चरण 21 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य है, इसके तहत मकानों की गिनती की जाएगी. दूसरा चरण अप्रैल महीने में शुरू होगा जो 31 मई 2023 तक पूरा होगा. इस चरण में उन मकानों में रहने वाले लोगों की गिनती होगी. इस दौरान प्रगणक भूषण चौधरी, रबिन्द्र कुमार, रंजीत कुमार, परवेज आलम, वार्ड प्रतिनिधि मुकुन्द साव, जीविका रीता कुमारी मौजूद रही।

## सेवाधाम में डालमिया के सौजन्य से चापाकल का किया गया कार्यारंभ- डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया( बिहार)-07 जनवरी 2023- गया धाम के राजपुर धर्मशाला स्थित डॉक्टर विवेकानंद पथ में प्राचीन सूर्य शिव मंदिर तथा विशाल तालाब के उत्तरी छोर से सटे हरि अनंत सेवा धाम के प्रांगण मे शिव कैलाश डालमिया के सौजन्य से, विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय महासचिव एवं कौटिल्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा की उपस्थिति में चापाकल लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया। सेवा धाम के प्रांगण में भगवान सत्यनारायण



की पूजा अर्चना, हवन, आरती के पश्चात बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति में चापाकल मिस्त्री पून पासवान, रामाश्रय यादव, रामजन्म यादव ,पप्पू बाबा, अर्चना बनर्जी, अमित गोस्वामी, बलदेव प्रसाद ,बासमती देवी ,रामस्वरूप ठाकुर, लीलादेवी, गुप्तेश्वर ठाकुर, रंजीतठाकुर ,कुंदन मिश्रा, पवनमिश्रा ,संध्या देवी, श्रुतिकुमारी, अर्पणा मिश्रा, मेघामिश्रा, शांति देवी ,जानकी यादव ,नथुन यादव ,अनुपमा मिश्रा, बेवी देवी, मालती देवी, देवकी यादव, दीपक पाठकअधिवक्ता, बंशी दास। प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर मृदुला मिश्रा के आचार्यत्व में समाजसेवी देवेंद्र नाथ मिश्र ने जाने-माने साहित्यकार आचार्य राधा मोहन मिश्र माधव के आशीर्वाद लेकर सत्यनारायण व्रत कथा पूजा अर्चना हवन का कार्य संपन्न करवाया। उक्त बातों की जानकारी ज्योति शिक्षा शोध संस्थान के निदेशक सह अधिवक्ता डॉक्टर ज्ञानेश मिश्र भारद्वाज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं '

## धान अधिप्राप्ति कार्य ,वर्ष- 2022- 23 को लेकर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक।

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (बिहार) 7 जनवरी 2023 :--जिला पदाधिकारी गया डॉ त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2022-23 अन्तर्गत पैक्स, व्यापार - मंडल द्वारा धान अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक किया गया । बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने 48 घंटे के अंदर सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को अधिप्राप्ति में तेजी लाने एवं शत- प्रतिशत किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर करने का निर्देश दिया ' वहीं जिला प्रबंधक बिहार राज्य खाद्य निगम गया को सीएमआर की आपूर्ति में तेजी लाना सुनिश्चित करें तथा किसानों से हर हाल में धान ली जाए एवं किसी प्रकार की किसानों को कठिनाई का सामना करना ना पड़ सके ' वही बैठक की समीक्षा के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया ने कहा कि कुल 332 समितियों द्वारा धान अधिप्राप्ति का कार्य किया जाना है ,जिसमें 330 समितियाँ धान अधिप्राप्ति के लिए क्रियाशील है। जिला में अभी तक कुल 9024 किसानों से 58537.8 मे०टन लक्ष्य का 35 प्रतिशत धान की खरीद की गई है। जिसमें 7929 किसानों का भुगतान किया जा चुका है एवं शेष बचे 1095 किसानों का भुगतान प्रक्रियाधीन है। उन्होंने आगे कहा कि जिला में कुल 45884 किसानों द्वारा धान अधिप्राप्ति के लिए



ऑनलाईन निबंधन कराया गया है, जिसमें 16414 रैयत किसान एवं 29470 गैर रैयत किसान शामिल है।जिला पदाधिकारी, गया द्वारा सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को अधिप्राप्ति में तेजी लाने एवं शत प्रतिशत किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर करने का सख्त निर्देश दिया गया है। समीक्षा बैठक में उपस्थित होने वालों में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गया, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, गया, प्रबंध निदेशक, मगध सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि0, गया, सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, गया जिलान्तर्गत पैक्स प्रतिनिधि एवं राइस मिलर का नाम शामिल है '

## विप्र फाउंडेशन गुमला शाखा का किया गया गठन - प्रदीप शर्मा

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (बिहार ) 7 जनवरी 2023- विप्र फाउंडेशन झारखंड के तत्वधान में शनिवार के दिन झारखंड जोन - 6 कि बैठक ,झारखंड के गुमला शाखा में झारखंड प्रदेश प्रांतीय प्रभारी पुरुषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में किया गया ' जिसका संचालन विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा ने किया ' झारखंड प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन ब्राह्मण समाज का गैर राजनीतिक वैश्विक संगठन पूरे भारत में इसकी शाखाएँ है ' उन्होंने आगे कहा कि

झारखंड प्रांतीय विप्र फाउंडेशन ९ङ्गल्ली - 6 विप्र फाउंडेशन की




नई कमिटी का पूर्ण गठन एवं सदस्यता अभियान लिए प्रतिनिधिमंडल के रूप में एक टीम का गठन किया गया है 'प्रथमबारी के लिए, जिसमे झारखंड प्रांतीय के प्रभारीः 1, पुरूषोत्तम शर्मा , चाईबासा 2, प्रांतीय उपाध्यक्षः श्याम लाल शर्मा सिमडेगा , 3, प्रांतीय महामंत्रीः प्रदीप कुमार शर्मा, रामगढ , जिसमें दिनांक 07.01.2023. आज दिन शनिवार को अपराह्न 1.30 बजे से गुमला जिला, जिला कमिटी का गठन किया ' जिसमें सर्व सम्मति से गुमला जिला अध्यक्ष रमेश शर्मा, महासचिव मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, महिला अध्यक्ष गायत्री शर्मा,राकेश शर्मा, राजेश शर्मा, सुरेश शर्मा, आशीष शर्मा, योगेश शर्मा सीमा शर्मा ,मधु शर्मा, भगवती देवी शर्मा, मंजू शर्मा ,नेहा शर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे ' उन्होंने आगे कहा कि दिनांक- 08.01.2023 दिन रवि को सिमडेगा शाखा में नई कमिटी का विस्तार एवं वनभोज का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ' उक्त आशय की जानकारी झारखण्ड प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं

## वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का सौन्द्रीयकरण की मांग कोई एहसान नहीं- सांसद

**दैनिक समाज जागरण ,अनिल कुमार मिश्र प्रभारी मगध मंडल ,**

मगध (बिहार) 7 जनवरी 2023:- औरंगाबाद जिले कै.सांसद सुशील कुमार सिंह ने डिहरी ऑन सोन के पाली रोड स्थित अग्रसेन भवन में जनकल्याण मोर्चा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता जनकल्याण मोर्चा के अध्यक्ष अजय सिंह और संचालन उप सचिव मो. नियाज हुसैन ने किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्वलित कर सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व विधायक सत्य नारायण यादव और लोजपा नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने किया।उपस्थित लोगों के द्वारा सांसद को अंग वस्त्र और बुके देकर स्वागत किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा की मांग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है,मैने कोई एहसान नही किया.है बल्कि देश के सपूत और महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा के उनके बलिदान और पहचान.को युवा पीढ़ियों को बताने की जरूरत है।

जनकल्याण मोर्चा संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष गरीबों के बीच गर्म कपड़े बांटना ,काफी सराहनीय है ।संस्था को मैं धन्यवाद और समय पर समय पर सहयोग करने के लिए संकल्पित हुँ। मैं हर वर्ष शामिल होकर वृद्ध जनों से काफी कुछ सीखता हुँ। भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है और राष्ट्र के लिए काम करती है, ऐसे में प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे महान सपूत की प्रतिमा से राष्ट्रीय सोच और आने वाली पीढ़ी को अपने महापुरुषों के बारे में जानने को बहुत कुछ मिलेगा । उन्होंने कहा कि पूर्व में वीर कुंवर सिंह चौक पर प्रतिमा के सौंदर्यीकरण के लिए उन्होंने सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर मांग किया और मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा उचित मुआवजा देने का बात कही है।



पूर्व विधायक सत्य नारायण यादव ने कहा कि सांसद सुशील कुमार सिंह औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र से सांसद हैं मगर उन्होंने संसद के शून्य काल में समय-समय पर रोहतास की समस्या को भी रखा है, इसलिए काराकाट की जनता भी सुशील सिंह को नेता मानती है। सांसद ने गरीबों के बीच गर्म कपड़े बांटे और अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताजी हीराबेन मोदी के निधन पर शोक सभा और मौन रखा गया।

इस कार्यक्रम में संजय सिंह बाला,मुन्ना कसेरा,धर्मेन्द्र कुमार सिंह, कुंवर सिंह,जितेन्द्र कुमार सिंह, छठु यादव,अवधेश यादव,प्रभात कुमार, विशु सिंह, यस उपाध्याय,अक्षय सिंह अनिल सिंह, कृष्णा सिंह, अनिल मिश्रा,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह ,कोल डिपो सचिव गुड्डु सिंह, रितेश गुप्ता,ज्योति कुमारी,पप्पू सिंह,अमन चौहान,आशीष यादव,आदित्य प्रकाश यादव,रौशन राज,अमित तिवारी,समीर दुबे,अश्विनी सिंह उपस्थित रहे।

औरंगाबाद जिले का देव प्रखंड के बिशुनपुर गांव में शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के तहत गरीबों व.बुजुर्गों के बीच 500 कंबल का वितरण किया गया।

दैनिक समाज जागरण, सचिन कुमार सिंह जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 7 जनवरी 2023:- औरंगाबाद जिले के तापमान में लगातार आई गिरावट के बाद जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई है ,ठंढ़ को देखते हुए शक्ति मिश्रा फाउंडेशन गणेश मंदिर कुर्का के तत्वधान में समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने अपने सहयोगियों के साथ ठंड से निजात दिलाने के लिए इसरार पंचायत के बिशुनपुर गांव स्थित महादलित टोला में गरीबों व बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान लगभग 500 परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया।

## नक्सल प्रभावित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में प्राधिकार एवं प्रशासन ने लगाया विशेष कैंप।
### *प्राधिकार का उद्देश्य सभी वर्गो तक पहुचे योजनाओं का लाभ– सचिव।*

**दैनिक समाज जागरण ,अनिल कुमार मिश्र प्रभारी,मगध प्रमंडल (बिहार ) सह ब्यूरो चीफ,औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 7 जनवरी 2023: - नीति आयोग, भारत सरकार के द्वारा औरंगाबाद जिला को आकांक्षा जिला के रूप में चुना गया हैं, और आकांक्षा जिला के रूप में चयनित जिला में सभी विभागों से सम्बन्धित 07.जनवरी.2023 को विशेष कैंप ग्राम पंचायत दधपा, प्रखण्ड कुटुम्बा तथा ग्राम इगुनिया टाड़ पंचायत-बेढ़नी जो कभी नक्सल क्षेत्र के नाम से जाना जाता था में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों ने अपना-अपना कैंप लगाकर जरूरतमंदों की समस्याओं से रूबरू हुआ एवं उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में स्वयं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने शिरकत करते हुए लोगों की समस्याओं को नजदीक से सुना एवं सम्बन्धित विभागों को उनकी समस्याओं को दूर करने हेतु निदेशित किया।. कार्यक्रम में सम्बन्धित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी,



कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि विभाग तथा मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के साथ-साथ कई अन्य विभागों ने अपना-अपना कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान स्थल पर तथा स्थल पर समाधान नहीं होने वाले मामलों को आवेदन लेकर समाधान करने का आश्वासन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देश पर लोगो को दिया तथा कहा गया कि सप्ताह भर के अन्दर सम्बन्धित मामलों पर कार्रवाई कर दी जायेगी।

उक्त कार्यक्रम में प्राधिकार से जुड़े सदस्यों के द्वारा लोगों को आगामी 11 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वाद के निष्पादन कराने के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक किया गया।

विदित हो कि भारत सरकार के न्याय विभाग एवं माननीय नालसा के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार आकांक्षा जिला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला पदाधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर के साथ-साथ विशेष कैंप का आयोजन चुने हुए गांवों में विशेष वर्ग के लिए किया जाने का निर्देश प्राप्त हुआ था जिसमें स्वास्थ्य एवं पोषण, सामाजिक कल्याण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेष एवं स्किल डेवलेपमेंट के उद्देश्य से अग्रणी बैंकों का विशेष कैंप लगाते हुए आस-पास के बहुत सारे ग्रामीण लोगों को लाभ पहुचाया जाना है।

इसी कड़ी में आज उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में एवं पंचायत-बेढ़नी के मुखिया मनोज कुमार सिंह, और पंचायत दधपा के मुखिया गोपाल जी, रिटेनर अभिनन्दन कुमार, पैनल अधिवक्ता स्नेहलता, सुजीत कुमार सिंह, कृष्ण प्रताप, रौशन कुमार तथा अर्द्ध विधिक स्वयं सेवक धमेन्द्र कुमार, बृजा प्रजापत, राज कुमार पास्वान की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 08.जनवरी.2023 को भी उक्त सभी विभागों का मेगा कैंप ग्राम कोचाढ़ प्रखण्ड बारूण तथा ग्राम-तरार,प्रखण्ड दाउदनगर में आयोजित किया जायेगा जिसमें सभी विभागों से मिलने वाले सभी योजनाओं को जानकारी देते हुए समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया जायेगा। सचिव द्वारा यह भी कहा गया कि सम्बन्धित प्रखण्ड के लोगों से अपील किया है कि वे अधिक से अधिक मेगा कैंप स्थल पर पहुँचकर अपनी समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए उसका लाभ उठायें। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अधिवक्ता सतीश कुमार सैनी ने दी है। तथ्य चाहे जो भी हो किंतु यह स्पष्ट है कि कुटुम्बा प्रखंड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी वरीय पदाधिकारियों के आदेश व दिशा निर्देश यहाँ.तक की.पुलिस अधीक्षक एव जिला पदाधिकारी तथा अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश व दिशानिर्देश को नहीं मानते हैं तथा सरकार प्रायोजित. विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभ से गरीबों को वंचित रखते हैं जिसकी सुनवाई कहीं भी नहीं होता है।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष कैंप का आयोजन
### महिलाओं एवं छात्राओं के लिए जारी किया जाएगा हेल्पलाइन नंबर

दैनिक समाज जागरण ,विजय कुमार सिंह ,संवाददाता कुटुंबा प्रखंड, औरंगाबाद( बिहार )7 दिसंबर 2023 :- जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के द्वारा दिशा योजना के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष कैंप शनिवार को ग्राम पंचायत दधपा में आयोजित की गई। कार्यक्रम में अपर जिला जज सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रणव शंकर , पैनल अधिवक्ता सुजीत कुमार सिंह, ग्राम पंचायत दधपा की मुखिया खुशबू कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्ण देवनंदन चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान सभी अधिकारियों को बुके, फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपर जिला जज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायालय आपके द्वार आ रहा है। पहले न्यायालय अपनी जगह पर रहता था और आप लोग वहां अपनी समस्याओं को लेकर जाते थे। अब इस अवधारणा को बदलना है। आपकी समस्याओं का समाधान लोक अदालत




लगाकर आपके क्षेत्र में ही किया जाएगा। किसी समस्या के निष्पादन में देर हो सकती है परंतु न्याय निश्चित मिलेगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश इस संस्था के अध्यक्ष, कलेक्टर उपाध्यक्ष तथा एसपी व अपर जिला जज सदस्य होते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार आपके लिए जादू की छड़ी है। इसमें महिला, दलित , मजदूर , ट्रांसजेंडर और डेढ़ लाख रुपए से कम आमदनी वालो को मुफ्त वकील मुहैया कराने का प्रावधान है। आप लोग अपनी शिकायत आवेदन देकर भी कर सकते हैं। जिस दिन आवेदन प्राप्त होता है उसी दिन शाम होते होते वकील मुहैया करा दिया जाता है। आपका राशन कार्ड नहीं बन रहा हो, केस मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा हो, पेंशन नहीं मिल रहा हो, सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत कर सकते हैं।

**जारी किया जाएगा महिला हेल्पलाइन नंबर**

उन्होंने बताया कि महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्कूल जाने के क्रम में छात्राओं से छेड़छाड़ करने पर वे डर कर स्कूल जाना बंद कर देती है। इससे आधा परिवार अशिक्षित रह जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार आपकी हर संभव मदद करेगा। इस मुद्दे पर एसपी से बात कर एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। जो 24 घंटे आपकी सेवा में तत्पर रहेंगे।

**पारा लीगल वेंचर करेंगे मदद**

जिला अपर जज ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आपकी मदद के लिए हर प्रखंड में पारा लीगल वेंचर (पीएलभी) का चयन किया है। अगर आपको पढ़ने लिखने में दिक्कत हो या कोई समस्या हो तो यह आपकी मदद करेंगे।आपको जिला विधिक सेवा प्राधिकार ऑफिस में लाएंगे। इस कार्यक्रम में मोबिलिटी इंस्पेक्टर रवि रंजन कुमार, मोवन राम, अनिता कुमारी, कंचन कुमारी, सरिता कुमारी, सुशीला देवी, अंजू कुमारी, तारावती देवी, विनीता कुमारी, सुचिता कुमारी, शांति देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत डुमरा में जिला प्रशासन ने लगाया विशेष कैंप

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह, संवाददाता कुटुंबा प्रखंड, औरंगाबाद (बिहार)

7 दिसंबर 2023 :- जिला प्रशासन के द्वारा जनता के समस्याओं के निराकरण हेतु शनिवार को ग्राम पंचायत डुमरा स्थित लोहा बिगहा खेल के मैदान में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा, आवास योजना, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, आधार कार्ड से संबंधित, कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जीविका, श्रम संसाधन विभाग, डाक विभाग, पीएचईडी विभाग, बिजली विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों ने हिस्सा लिया। कैंप का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व जिला पदाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल ने किया। उन्होंने इस विशेष कैंप में आए हुए लोगों से मुलाकात की तथा विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए कैंप के पास जा जाकर जायजा लिया। जनता की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया तथा आश्वासन दिया कि जितने भी आवेदन यहां पर आए हैं सभी का निष्पादन



त्वरित रूप से किया जाएगा।अनुमंडल पदाधिकारी श्री विजयंत ने भी हर विभाग का मुआयना किया और संबंधित विभाग के द्वारा जनता की समस्याओं के निराकरण करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व विभाग में तीन आवेदन परिमार्जन के लिए तथा एक ऑनलाइन दाखिल खारिज के लिए दिए गए। स्वास्थ्य विभाग में 100 लोगों ने विजिट किया। जिसमें 35 आयुष्मान कार्ड बना लैब टेस्टिंग में 68 लोगों ने अब जांच कराई। पशुपालन विभाग में 45 लोगों ने विजिट किया। इस दौरान विभाग के द्वारा 50 लोगों के बीच किताब वितरित किया गया। कृषि विभाग में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित 20 आवेदनों का भौतिक सत्यापन किया गया। एक आवेदन नलकूप के लिए आया।

बाल विकास परियोजना से संबंधित आवेदनों में 20 आवेदन मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना हेतु, 12 आवेदन प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना हेतु दिए गए। आवास योजना में लगभग 260 लोगों के आवेदन आए जिसमें तत्काल रुप से 101 एंट्री कर दिया गया और 160 प्रक्रियारत हैं।आपूर्ति विभाग में प्रपत्र क और प्रपत्र ख मिलाकर कुल 600 आवेदन आए। लोहिया स्वच्छ बिहार योजना विभाग में 2 आवेदन आए।

सामाजिक सुरक्षा योजना में 82 आवेदन पड़े जिसमें 12 आवेदन लक्ष्मीबाई विधवा पेंशन योजना हेतु, 60 आवेदन मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना हेतु एवं 10 आवेदन बिहार निशक्तता पेंशन योजना हेतु दिए गए।

आधार कार्ड से संबंधित 18 आवेदन आए जिसमें 3 आवेदन आधार अपडेट करने के लिए तथा 15 आवेदन नए आधार कार्ड बनवाने हेतु आए। शिक्षा विभाग में एक आवेदन मंगल बीघा में नया प्राथमिक स्कूल खुलवाने के लिए जनता ने दिया तथा डीआरसीसी के तहत कुल 116 आवेदन आए जिसमें बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लिए 15 आवेदन तथा मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के लिए 5 आवेदन एवं कुशल युवा कार्यक्रम हेतु 96 आवेदन पड़े। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीडीसी अभ्येन्द्र मोहन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री विजयंत, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र भूषण गुप्ता, बिहार पंचायत राज पदाधिकारी हरेंद्र चौधरी, अंचलाधिकारी अभय कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. यदुवंश सिंह यादव कार्यक्रम के निवेदक ग्राम पंचायत डुमरा के वर्तमान मुखिया मो. गुलाम सरवर एवं शिक्षक तथा समाज सेवी विकास कुमार विश्वास उपस्थित थे। जिनके अथक प्रयास के द्वारा इस विशेष कैंप का आयोजन संभव हो सका। इस विशेष कैंप के कार्यक्रम का संचालन उच्च विद्यालय बैजा बीघा के शिक्षक विनय कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। मौके पर उप मुखिया सविता देवी, वार्ड सदस्य संतन प्रजापति, संतन राम , विजेंद्र राम , निखिल कुमार , राजेश कुमार , अशोक चौहान ,गणेश भुइयां ,मोहम्मद ईशा ग्रामीण बिशु गुप्ता, पंकज कुमार, रंजीत सिंह नरेंद्र सिंह, नूर आलम, उपेंद्र यादव,मोहम्मद रिजवान योगेंद्र सिंह छोटन सिंह आनंद कुमार नारायण यादव सुनील कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## औरंगाबाद. जिले के गोह प्रखंड में शुरूआत हुई जातीय जनगणना

**समाज जागरण, सुखेन्द्र कुमार संवाददात्ता ,गोह प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 7 जनवरी 2023:- औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड़ में जाति आधारित जनगणना 7 जनवरी 2023 से शुरू हो गई है. महदीपुर ड्यूटी में लगे शिक्षक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि सबसे प्रथम मकानों की गिनती की जाती है, सभी मकानों का एक यूनिक नम्बर दिया जा रहा है, अगर एक मकान में दो अलग अलग परिवार रह रहे हैं तो अलग नम्बर दिया जा रहा है. घर के मुखिया का नाम, परिवारों का कुल सदस्य व मकान कच्ची व पक्के का भी चिन्हित किया जा रहा है। पहला चरण 21 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य है, इसके तहत मकानों की गिनती की जाएगी. दूसरा चरण अप्रैल महीने में शुरू होगा जो 31 मई 2023 तक पूरा होगा. इस चरण में उन मकानों में रहने वाले लोगों की गिनती होगी. इस दौरान प्रगणक भूषण चौधरी, रबिन्द्र कुमार, रंजीत कुमार, परवेज आलम, वार्ड प्रतिनिधि मुकुन्द साव, जीविका रीता कुमारी मौजूद रही।

## देव थाना की पुलिस ने प्रीतम बिगहा से एक शराबी को शराब के नशे में किया गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण सचिन कुमार सिंह जिला संवाददाता**

औरंगाबाद (बिहार) 7 जनवरी 2023 ,:- जिले के देव थाना की पुलिस ने शनिवार को एक शराबी को शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते हुए प्रीतम बिगहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए देव थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर प्रीतम बिगहा से राजेश कुमार उम्र 23 वर्ष पिता जय कुमार दास थाना देव जिला औरंगाबाद को शराब के नशे में हल्ला करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार कर चिकत्सीय जांच करवाया गया जहां चिकित्सकों ने शराब पीने की पुष्टि की,उसके बाद न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

## सड़क पर बह रहा नाले का पानी लोगों को परेशानी

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : शहर के रहिलापाली मोहल्ले में बने नाले के ऊपर से सड़क पर पानी बहने के कारण लोगो को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के किनारे बना नाली पूरी तरह से सिल्ट से भरा पड़ा है। मोहल्ले के लोगो ने बताया कि सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। इस बार बारिश के पूर्व से ही नाली, नालों की सफाई की ओर नगर पंचायत ने ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण आज पानी नाले के ऊपर से बह रहा है। बारिश के दिनों में भी सड़क पूरी तरह से लबालब भर जाती है। घरों से अंदर पानी घुसने लगता है। इस बार सफाई के नाम पर नालों से सिर्फ पालीथिन आदि निकाली गई है। सिल्ट पूरी तरह से नालों में भरी पड़ी है। लेकिन बरसात के समय अभी नही होने के बाद भी पानी नालो से ऊपर बह रहा है जिससे लोगो को पैदल चलने में काफी असुविधाओ का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले वालों की माने तो मोती लाल रावत के घर से बालचंद राम के घर तक नाली जाम है। इससे पानी पूरी तरह से नहीं निकल पाता है।



## डॉक्टर हरेंद्र सिंह का डीएम ने किया स्वागत

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समखज जागरण**

जौनपुर : जौनपुर क्लब के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष/जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने डॉक्टर हरेंद्र सिंह कार्डियो कार्डियोलॉजिस्ट निदेशक कृष्णा हार्ड केयर इनफर्टिलिटी एवं ट्रामा सेंटर को सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि डॉक्टर हरदेव सिंह को विगत दिनों राष्ट्रीय आईएमए की प्रयागराज में आयोजित 97 राष्ट्रीय अधिवेशन और कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सहजानंद सिंह तथा राष्ट्रीय सचिव डॉ जयेश लेले द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान डॉ एके सिन्हा आउटस्टैंडिंग एंड डिस्टिंग्विश स-र्विसेज विशिष्ट चिकित्सीय सेवा से नवाजा गया। यह सम्मान उनको राष्ट्रीय आई एम ए कार्यकारिणी ने उनके द्वारा पूर्वांचल में किए गए विशिष्ट चिकित्सीय कार्यों के लिए दिया गया। इसी को लेकर आज आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने जनपद के गौरव डा. हरेन्द्र देव जो पुरस्कार प्राप्त करके जनपद का गौरव बढ़ाया। जिलाधिकारी ने कहा की राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने के लिए डॉक्टर सिंह को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सुनील भारती, क्लब के संयुक्त सचिव डॉ विनोद कनौजिया, कार्यकारिणी के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, श्याम बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह, डॉक्टर एस के सिंह, डॉक्टर रजनीश श्रीवास्तव, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तेज सिंह, स्पोर्ट्स सचिव डॉक्टर लाल जी पटेल, डॉक्टर लालजी प्रसाद, डॉक्टर कमर अब्बास, डॉ स्मिता श्रीवास्तव, डॉ अंजू, डॉक्टर हैदर अब्बास, डॉक्टर नरेंद्र यादव, डॉक्टर नरेंद्र पाठक सहित तमाम अधिकारी, अधिवक्ता, प्रसिद्ध चिकित्सक, गणमान्य लोगो के साथ ही शहर के तमाम व्यापारी सहित लोग उपस्थित रहे।



## शासन की मंशानुरूप समाधान दिवस का आयोजन

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : तहसील मड़ियाहूं में सरकार के मंशा के अनुरूप तहसील दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी लाल बहादुर जी उपस्थित रहे। उक्त मौके पर फरियादियों ने राजस्व से संबंधित मामलों के अलावा अन्य विभागों से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र पीड़ितो द्वारा दिया गया। आज कुल 62 प्रार्थना पत्र पड़े। विभिन्न मामलों में लंबित प्रार्थना पत्र भी आए हुए थे। उपजिलाधिकारी महोदय ने विभिन्न मामलों का अवलोकन कर 8 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। जबकि कुल 62 प्रार्थना पत्र आए हुए थे। तहसील दिवस में तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी एव कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# तहसीलदार को किसानों का डाटा सत्यापन करने के निर्देश

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

- जिलाधिकारी ने चीनी मिल घोसी का किया आकस्मिक निरीक्षण
- गन्ना किसानों को समस्त आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने चीनी मिल घोसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने चीनी मिल के जीएम से गन्ना आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। बताया कि इस चीनी मिल में बलिया, देवरिया, गोरखपुर, आजमगढ़ व जनपद के कुल करीब 16 हजार किसानों से विभिन्न स्थानों पर बने 16 क्रय केंद्रों से गन्ना खरीद की जाती है। किसानों को 3 दिन पूर्व ही इसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से दे दी जाती है। साथ ही अगले 72 घंटे तक उनसे गन्ना खरीद की कार्रवाई की जाती है। इस चीनी मिल की पेराई क्षमता प्रतिदिन 25 हजार कुंटल गन्ना की है। इस पेराई सत्र में 5 जनवरी तक लगभग 4500 जारी पर्चियों के सापेक्ष 3943 किसानों से कुल 3.41 लाख कुंटल गन्ने का क्रय किया जा चुका है, जिनमें से 727 छोटे आपूर्तिकर्ता किसान हैं। पिछले पेराई सत्र के दौरान कुल 12.73 लाख कुंटल गन्ने का क्रय किया गया था। बताया कि 5 जनवरी तक क्रय किए गए गन्ने का मूल्य 1163.38 लाख रुपए है जो गन्ना किसानों को भुगतान करना है। पेड़ी गन्ना आपूर्ति के उपरांत पौधा गन्ना की आपूर्ति कर पेराई कार्य किया जाता है। चीनी मिल में ही स्थापित 20 किलो लीटर प्रतिदिन क्षमता के एथनाल उत्पादन प्लांट के बारे में भी जिलाधिकारी ने विस्तृत जानकारी ली। चीनी मिल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चीनी मिल के विभिन्न प्लांटों, मिलहाउस, बायलर हाउस, शुगर प्रोडक्शन हाउस आदि का निरीक्षण किया एवं चीनी निर्माण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी जीएम से लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपलब्ध गन्ना किसानों द्वारा पर्ची उपलब्ध न कराने पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार घोसी को किसानों का डाटा सत्यापन करने के निर्देश दिए। ठंड के दृष्टिगत गन्ना किसानों के लिए अलाव जलाने एवं बैठने की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। भुगतान को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत पाए जाने पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी को किसानों को प्रेरित कर जनपद में गन्ना उत्पादन क्षेत्र बढ़ाने को भी कहा, जिससे पेराई सत्र के दौरान चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न ना हो एवं किसानों की भी आमदनी में वृद्धि हो। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी सुनील सिंह, तहसीलदार घोसी उमेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉक्टर बृजेश यदुवंशी का हैदराबाद में हुआ जोरदार स्वागत

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



जौनपुर : उत्तर प्रदेश के चर्चित पूर्व छात्र नेता एवं प्रख्यात हिंदू प्रख्यात हिंदी साहित्यकार डॉ ब्रजेश यदुवंशी (जौनपुर) ने कहा कि साहित्य हमारी विरासत है इनसे हमारी संस्कृति और सभ्यता के बारे में जानकारी मिलती है।

भारतवर्ष विविधता का देश है यहां कई भाषाओं के साहित्यकार रहते हैं जो अपनी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को अपनी कलम के माध्यम से सजाने का अथक प्रयास करते रहे हैं और करते आए हैं। हिंदी साहित्य के संदर्भ में साहित्यकारों और हिंदी सेवियो से मिलने हैदराबाद पहुंचने वाले डॉक्टर यदुवंशी का मल्काजगीरी स्थित समाजसेवी श्याम मोहन यादव के आवास पर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में बिहार सहयोग समिति तेलंगाना के अध्यक्ष विनय यादव, संपतराव, श्याम मोहन यादव आदि रहे । इस मौके पर डॉक्टर यदुवंशी ने कहा कि तेलुगु साहित्य अपने आप में समृद्ध है और देश को एकीकरण में बांधने की क्षमता रखता है। सभी साहित्य की अपनी एक विशेषता होती है और मिठास होती है देश में सैकड़ों भाषाएं बोली जाती हैं और इसका एक अनूठा इतिहास भी है। पूरे देश के लोगों को दूसरे प्रदेश की सभ्यता व संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए,उन्होंने कहा कि तेलंगाना में हिंदी वासियों की संख्या काफी है। हिंदी के प्रचार प्रसार के क्षेत्र में काफी काम हो रहा है हिंदी भाषा देश को एक माला में पिरोने का क्षमता रखता है, सभी भाषाओं का अपना महत्व है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषी लोगों को दक्षिण भारत की भाषा तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयाली भाषा को सीखना चाहिए इन भाषाओं को सीखने के बाद ही दक्षिण भारत की सभ्यता संस्कृति को बारीकियों से जाना जा सकता है तभी जाकर हम देश की एकता और अखंडता को और बलशाली एवं गौरवशाली बना सकेंगे।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत हैं हिंदी साहित्य और भाषा के प्रचार-प्रसार के सिलसिले में मारीशस, दुबई, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार आदि देशों का दौरा कर चुके हैं। यदुवंशी कि मारीशस के हिंदी भाषी प्रहलाद राम शरणम की पुस्तक मारीशस विद्यालय में भी पढ़ाई जाती है। देश के कई राज्यों का भ्रमण कर चुके हैं तथा कई पुस्तक भी लिख चुके हैं उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान से नवाजा जा चुका है। अपने भ्रमण के दौरान कई हिंदी साहित्यकारों और हिंदी के प्रचार प्रसार में जुटे लोगों से मुलाकात की।

# गाजीपुर में नेकी की दीवार से सैकड़ों जरूरतमंदों को बाँटा गया कम्बल व साड़ी- शम्मी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। तीसरे दिन भी कचहरी रोड स्थित नेकी की दीवार से शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों व सक्षम लोगों द्वारा स्टाल पर करीब 100 कम्बल व साड़ी भेजवाया गया, जिसे स्टाल से जरूरतमंदों में वितरीत कराया गया। मौके पर मौजूद विवेक कुमार सिंह शम्मी ने बताया कि अब यह स्टाल 9-1-2023 व 10-01-2023 को स्टेशन रोड पर लगाया जायेगा, जिससे कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंदों की मदद की जा सके। उन्होनें कहा कि आने वाले समय में जब भी कड़ाके की ठण्ड पडती रहेगी तब तक यह नेकी की दीवार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूमकर कमजोर व जरूरतमंद लोगों की मदद करती रहेगी। मौके पर मौजूद मो०परवेज, मनीष पाण्डेय, इन्दीवर वर्मा, इमरान अंसारी, सूरज सिंह आदि लोग मौजूद रहें।'



# गाजीपुर में फर्जी दरोगा पुलिस के हत्थे चढा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर पुलिस ने बावर्दी विवेचक बनकर कर धन उगाही के लिए गए एक फर्जी उप निरीक्षक को गिरफ्तार किया है ।

जिसके पास से एक आईडी कार्ड , अवैध तमंचा आदि भी बरामद हुआ है।प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने अभियुक्त फर्जी दरोगा ऋषभ सिंह उर्फ संजय कुमार को बरामद सामान के साथ मीडिया के सामने पेश किया और बताया कि थाना दुल्लहपुर पुलिस ने 1 अदद तमंचा,1 सेट पुलिस वर्दी व फर्जी पुलिस आई डी के साथ इसे गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि दुल्लहपुर पुलिस को क्षेत्र में फर्जी उपनिरीक्षक की सूचना प्राप्त हुई थी जिसके आधार पर थाना पुलिस दिनांक 01/01/2023 से ही पतारसी सुरागरसी में जुटी हुई थी। कल दिनांक 06/01/2023 को समय 18:00 बजे थानाध्यक्ष दुल्लहपुर के द्वारा मय पुलिस टीम के अमारी गेट पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग की जा रही थी कि, चेकिंग के दौरान जरिये दूरभाष सूचना मिली कि ग्राम धामूपुर में कुछ लोगो के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया है जो उ0नि0 की वर्दी पहनकर गांव में जांच के लिए आया है और एक व्यक्ति से ₹10000/- की मांग कर रहा है, उसके हाव भाव संदिग्ध प्रतीत हो रहे है ।

इस सूचना पर पुलिस टीम ग्राम धामूपुर पहुँची जहाँ पर गांव के ही रहने वाले रविन्द्र यादव पुत्र बृजमोहन यादव निवासी धामूपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर द्वारा



पूरी घटना की जानकारी देते हुए पुलिस को बताया गया की उक्त व्यक्ति जो अपने आप को पुलिस उप निरीक्षक बता रहा था , मेरे पास आकर कहा की वह रकसंजय है और उसकी नियुक्ति थाना दुल्लहपुर में है और बताया कि तुम्हारे खिलाफ एक लड़की ने रेप का प्रार्थना पत्र दिया है अगर तुम चाहते हो की मैं तुम्हे जेल न भेजूं तो मुझे ₹10000/- दे दो , मुझे संदेह हुआ तो मैंने इसे रोक लिया और स्थानीय पुलिस को सूचना दी कहकर पुलिस को एक प्रार्थना पत्र भी प्रदान किया जिसके आधार पर अभियुक्त संजय कुमार पुत्र स्व0 हरिकिसुन राम निवासी धरिया थाना मरदह जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अदद नाजायज तमंचा .315 बोर व एक सेट पुलिस वर्दी, फर्जी पुलिस आई डी, फर्जी नेम प्लेट के साथ अन्य चीजे बरामद हुई है। अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है जो पूर्व मे भी जेल जा चुका है। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 04/23 धारा 170 ,171,389,420 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है,अन्य विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाना द्वारा प्रचलित है ।

# वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र राय की माता स्व० राधिका देवी की सातवीं पुण्यतिथि पर लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

भारत एक्सप्रेस न्यूज चैनल के संस्थापक चेयरमैन उपेन्द्र



राय की मां स्व० राधिका देवी की सातवीं पुण्यतिथि पर उनके गाँव शेरपुर कला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जनपद वासियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर बरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र राय ने कहा कि मेरी माता स्व० राधिका देवी विद्वता व वेद पुराणों की मर्मज्ञ तथा सात्विक विचारधारा की पोषक,धर्मपरायण व आजीवन ईश्वरीय सत्ता में विश्वास रखने वाली थीं। उपेन्द्र राय ने कहा कि माता स्वङ्ग राधिका देवी बहुत ही विवेकशील व विद्वान थीं उन्हें धार्मिक कार्यो में बड़ी रुचि रहती थी।अपने जीवन मे वह गरीबों की सदैव मदद करती रहीं। इतना ही नहीं परिवार संचालन का भी गुण उनमें समाहित था।

मां तो बस मां होती है।मां के नहीं होने का गम तो आजीवन रहेगा।मां की कहीं कभी पूरी नहीं होगी।इस मौके पर उनके परिजनों द्वारा उनकी स्मृतिशेष प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। शनिवार को उनकी सातवीं पुण्यतिथि पर परिजनों द्वारा उनकी आत्मा की शान्ति के लिये गांव के विद्वान पण्डित देवानंद उपाध्याय की अगुवाई में पूजा-पाठ किया गया।सुबह में दिवंगत आत्मा की सदगति हेतु सामूहिक सुंदर पाठ का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर विधायक मुहम्मदाबाद सुहेब अंसारी मन्नू,राजेश राय पप्पू प्रबन्धक जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर,नंद किशोर राय, डॉ0 निरंजन राय,दीनबंधु उपाध्याय, राकेश राय, नरेंद्र राय, मदन दुबे, विनोद राय, डॉ0 राधेश्याम राय, मुन्नन राय, विनोद उपाध्याय, बिक्कू ,आशिष राय ,विकास राय, अखिलेश राय, शिक्षक पारसनाथ राय, कमलेश यादव, बब्बू राय, डॉ0 शरद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अष्ट शहीद इंटर कालेज के प्रबंधक अवध किशोर राय ने आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## समाधान दिवस में प्राप्त 499 शिकायती पत्रों में से 42 का निस्तारण

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

### जिलाधिकारी ने असहायों को बांटे कम्बल



गाजीपुर। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मुहम्मदाबाद में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। वहां कुल प्राप्त 139 शिकायती प्रार्थना पत्रों में से मौके पर नौ का निस्तारण किया गया। जनपद की सभी सात तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 499 शिकायती प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 42 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।इसमें तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 38 प्रार्थना पत्रों में से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 आवेदन में से मौके पर 10 का निस्तारण, तहसील कासिमाबाद में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्राप्त 29 प्रार्थना पत्रों में से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 65 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 08 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्राप्त 106 शिकायतों में से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। उन्होने सार्वजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आई जी आर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को आगामी तीन दिवस में शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है। इसमें लापरवाही पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

वहीं जिलाधिकारी ने ठण्ड के भीषण प्रकोप को देखते हुए तहसील परिसर में गरीब,असहाय, व्यक्यिों में कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद डाक्टर हर्षिता तिवारी , क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्याम बहादुर सिंह, तहसीलदार मुहम्मदाबाद एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी डा० हर्षिता तिवारी ने करीमुद्दीनपुर में लगाया चौपाल ,सुनी किसानों की समस्या

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**



ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के भूमि के बैनामा को लेकर प्रशासन काफी तेजी दिखा रहा है।इस क्रम में उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद डॉ हर्षिता तिवारी ने करीमुद्दीनपुर स्थित स्वागतम मैरेज हाल में एक चौपाल लगाकर किसानों की समस्या सुनी।चौपाल में 4 हेक्टेयर भूमि के बैनामे के लिए डिमांड बनी । किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्किल रेट बढ़ने जैसी अफवाहों पर ध्यान न दे।और जितनी जल्दी हो सके अपने जमीन का बैनामा कराए।उन्होंने कहा कि बैनामे में किसी प्रकार का कोई शुल्क नही लग रहा।इसके अलावा कोई आने जाने में सक्षम नही है तो प्रशासन उसके आने जाने की व्यवस्था कराएगा।इसके अलावा अगर किसी भी समय कोई समस्या किसानों को आती है तो तत्काल मेरे नम्बर पर या किसी अन्य अधिकारी को सूचित कर सकता है।ज्ञात हो कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे मुहम्मदाबाद के सवना से लेकर बलिया के मांझी घाट तक जा रही है।जिसमे मुहम्मदाबाद के 59 गांव के जमीन का बैनामा का कार्य किया जा रहा है।बैनामे में गति तेज हो इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर लगातार कैम्प लगाए जा रहे है।इस मौके पर नायब तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव किसान सभा के क्षेत्रीय मंत्री कृष्णानंद राय भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामराज तिवारी, बिनोद राय गुड्डु, प्रगतिशील किसान पंकज राय,अनिल राय, छांगुर राय आदि मौजूद रहे।

# निक्षय दिवस पर ओपीडी के दस फीसदी मरीजों की होगी टीबी जांच

**- प्रत्येक 15 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों पर मनेगा निक्षय दिवस**

**- 2232 टीबी मरीज को मिल रहा निश्शुल्क लाभ : सीएमओ**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : निक्षय दिवस पर ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के सापेक्ष दस फीसद मरीजों की बलगम जांच होगी। स्वास्थ्य इकाइयों पर संभावित मरीजों के बैठने की खुली जगह होगी। इसके अलावा बाहर खुले स्थान पर बलगम के नमूने लेने के लिए कफ कार्नर होना जरूरी है। क्षय रोगियों के लिए हर जरूरी दवाएं मुफ्त, स्वास्थ्य इकाई पर टीबी की जांच, उपचार के बारे में परामर्श की व्यवस्था रहेगी। सीएमओ की अध्यक्षता में हर माह की 16 तारीख को मासिक बैठक कर निक्षय दिवस के समस्त कार्यों की समीक्षा, समस्त प्रकरणों का निस्तारण और अगले दिन जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नित नए कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर माह की 15 तारीख को प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा। 15 तारीख को अवकाश की स्थिति में निक्षय दिवस अगले कार्य दिवस पर मनाया जाएगा। सीएमओ डा. नरेश अग्रवाल ने बताया कि जिले में 2232 टीबी के मरीज निशुल्क चिकित्सा का लाभ ले रहे है। शासन के निर्देश पर सेंट्रल टीबी डिवीजन के निर्देशों के अनुक्रम में क्षय रोगियों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधा मुहैया कराने के लिए हर माह की 15 तारीख को सभी ब्लाक स्तरीय पीएचसी और आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा। निक्षय दिवस से पहले आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर टीबी के बारे में और दिवस के आयोजन के बारे में समुदाय को जागरूक करेंगी। स्वास्थ्य



इकाइयों पर एलइडी के जरिये टीबी के बारे में जागरूकता संबंधी फिल्म भी प्रसारित की जाएगी। निक्षय दिवस की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) द्वारा मरीजों की प्रारंभिक जांच (उपलब्धता के आधार पर) एचआइवी, डायबिटीज और अन्य जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा बलगम का नमूना लेकर निक्षय पोर्टल पर आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा।

## जोशीमठ से लौटकर सीएम धामी ने की बैठक, राहत और बचाव के लिए उठाए बड़े कदम

देहरादून. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जोशीमठ भूस्खलन क्षेत्र का जायजा लेकर देहरादून लौटने के बाद देहरादून में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की. यह बैठक सचिवालय स्थित आपदा प्रबंधन केंद्र में हुई, जहां सीएम धामी ने शासन स्तर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तथा स्थानीय स्तर पर गढ़वाल आयुक्त की अध्यक्षता में



तत्काल समन्वय समिति गठित करने का निर्देश दिया. इन समन्वय समितियों का गठन भूस्खलन से प्रभावित लोगों को राहत और बचाव में मदद के लिए किया गया है.

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जोशीमठ भूस्खलन क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पीड़ितों से भी मुलाकात की. एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री की सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम और आयुक्त गढ़वाल संभाग सुशील कुमार रविवार से जोशीमठ में डेरा डालेंगे.

# शारदा सहायक नहर का साइफन टूटने से 25 बीघा फसल जलमग्न

- रतनपुरा के जोगापुर में शुक्रवार की रात साइफन टूटने से फसल खराब
- किसानों में नहर विभाग पर सफाई के दौरान लगाया लीपापोती का आरोप

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा गाढ़ा के जोगापुर में शारदा सहायक खंड 32 नहर की शुक्रवार की रात को साईफन टूटने से आस पास के करीब 25 बीघा फसल डूब गया। डूबी फसल देखकर आस पास के किसानों ने साइफन को बाधने का प्रयास किया, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण किसान असफल रहे। अभी हाल में ही नहर विभाग द्वारा नहरों का मरम्मत और सफाई का कार्य खत्म हुआ है। हलाकि समय समय पर किसानों और अन्य संगठनों द्वारा सफाई के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगता रहा। शारदा सहायक खंड 32 में जब पानी छोड़ा गया तो नहर की मरम्मत और सफाई की पोल खोलकर रख दिया। शुक्रवार की रात्रि जोगापुर में नहर के टूटने से लगभग एक 25 बीघे में लगी फसल जलमग्न होकर बेकार हो गई। आसपास के खेतों में पानी भर गया। तड़के सुबह जब किसानों को मालूम हुआ तो माइनर को बंधवाने का प्रयास शुरू कर दिया। तब तक जोगापुर के सुजीत कुमार सिंह, अजीत सिंह, राजेश कुमार, शिवमुनि सिंह, महातम सिंह, जवाहर राम, संतोष सिंह के गेहू की फसल डूब कर खराब हो चुकी थी।

## किसानों ने नहर विभाग से उठाई मुआवजे की मांग

भारी लागत से गेहूं की फसल नहर विभाग की लापरवाही ने किसानों के परिश्रम पर पानी फेर दिया और फसल पानी में डूब कर पूरी तरह बर्बाद हो गई। किसान संतोष कुमार सिंह राजेश सिंह सुजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में किसानों ने शासन प्रशासन से आग्रह किया है कि भारी नुकसान को देखते हुए किसानों को मुआवजा दिया जाए ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति संभल सके।

# व्यवसाय के लिये बेरोजगारों को ऋण दिलाएगा डूडा

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा से संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वयंरोजगार कार्यक्रम के तहत नगर पालिका के दायरे में रहने वाले लोगों को व्यवसाय करने के लिए बैंक के माध्यम से अनुदान आधारित व्यक्तिगत ऋण का कार्य कराया जाता है। रोजगार के इच्छुक लोग 25 जनवरी 2023 तक डूडा कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

डूडा की ओर से संचालित योजना के तहत व्यक्तिगत समूहों उद्यमों के लिए प्रोत्साहन तथा वित्तीय सहयोग के लिए बैंकों से जुड़ाव करवाया जाता है। शहरी गरीबों को व्यक्तिगत उद्यम स्थापित करने के लिए दो लाख तक का व्यक्तिगत ऋण बैंक से उपलब्ध कराया जाता है ।

इसके लिए किसी की गारंटी की आवश्यकता नही होती। वहीं शहरी गरीब महिला समूह अथवा मिशन की ओर से गठित यदि कोई उद्यम करना चाहे तो अधिकतम दस लाख तक ऋण सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाता है।जिसके सापेक्ष ब्याज अनुदान बैंकों को प्रदान किए जाते हैं। रोजगार करने के इच्छुक नगर पालिका दायरे में आने वाले लोग 25 जनवरी 2023 तक डूडा कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### आवेदन के लिये यह अभिलेख होंगे आवश्यक

डूडा के परियोजना अधिकारी डा. ददन कुमार ने बताया कि व्यवसाय शुरू करने के लिए विभिन्न अभिलेखों की जरूरत पड़ती है। इसमें नगर पालिका क्षेत्र का निवास प्रमाण पत्र अधिकतम एक लाख तक का आय प्रमाण पत्र ,अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति का जाति प्रमाण पत्र बनवाना होगा। इस-के अलावा आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति राशन कार्ड ,पासपोर्ट साइज की दो कलर फोटो और शैक्षिक योग्यता का अभिलेख लगाना जरूरी है। सभी कागजातों को तैयार कर 25 जनवरी 2023 तक डूडा कार्यालय में रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

*देवेंद्र प्रताप सिंह के निदेर्शानुसार भ्रष्टाचार मुक्त की और विकासखंड बिजुआ*

# भ्ष्टाचार्र व कमीशनखोरी/दलाली पर रोक लगाने हेतु अनोखी पहल।

**खंडविकास अधिकारी बिजुआ की पहल से शायद लाभार्थी को मिलेगा आवास योजना का पूरा लाभ!**

**(सजा.)अनुराग दीक्षित**

लखीमपुर खीरीः प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को योजना का लाभ शत प्रतिशत मिल सके। इस वावत मे खंड विकास अधिकारी बिजुआ देवेंद्र प्रताप सिंह विकासखंड बिजुआ खीरी ने रिश्वत से मुक्त आवास का लाभार्थी को पैसा प्राप्त हो। तथा लाभार्थी से गुड़बत्ता पूर्ण निर्माण कराये जाने के लिए अपील कर लोगो को जागरूक किया। खंडविकाश अधिकारी बिजुआ देवेंद्र प्रताप सिंह के आदेशानुसार ग्राम पंचायत अधिकारी अहमद हसन के द्वारा ग्राम पंचायतो मे अपील बोर्ड लगवाएं गए। जिसके चलते लाभार्थी को सरकार द्वारा योजना का रिश्वत मुक्त लाभ प्राप्त ही तथा आम जनता मे सन्देश पहुँचे जिससे रिश्वतखोरी, दलाली से दूर योजना का लाभ प्राप्त करे। देवेंद्र प्रताप सिंह ने अपील के माध्यम से कहा, प्रधानमंत्री आवश योजना के लाभाथीयों से अपील की जाती है की आवश के लिए किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई भी पैसा नहीं दिया जाना है। यदि कोई व्यक्ति, दलाल आपसे अवैध धन की मांग करता है तो ऐसे व्यक्ति/दलाल/रिश्वतखोर के विरुद्ध सबूत के साथ ग्राम पंचायत अधिकारी अथवा खंडविकास अधिकारी बिजुआ-खीरी के कार्यालय मे पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराये। ऐसे घुसखोर/दलाल व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी।




साथ ही सचिव अहमद हसन ने आम जन को बुलाकर मीटिंग मे कहा की आपसे कोई मेरे नाम से पैसा मांगता है या किसी के नाम से! पैसा देना नहीं है बल्कि सबूत सहित उसकी शिकायत करे साथ ही कहा आप लोग को नक्शा दिया जायेगा उसी आधार पर निर्माण करना है फालतू का खर्चा नहीं करना है जिससे आपको बाद मे परेशानी बने इसलिए ना ही किसी व्यक्ति विशेष को पैसा देय है और ना ही फिजूल खर्च करना है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**(सजा.)पंकज अवस्थी**

मितौली, लखीमपुर। संपूर्ण समाधान दिवस मितौली सभागार में उप जिलाधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में संचालित किया जा रहा है इस अवसर पर तहसीलदार मितौली अमिता यादव ने उपस्थित फरियादियों की बात सुनकर संबंधित विभागों को शिकायतों का निस्तारण किए जाने के लिए प्रेषित किया गया उप जिलाधिकारी मितौली ने पूर्व में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के निस्तारित प्रार्थना पत्रों का अवलोकन भी किया गया इस अवसर पर समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

## समस्या:आबारा गौवंश धान के बाद अब गेहूं की फसले कर रहे तबाह

शिवम् मिश्रा/सत्यम कटियार औरंगाबाद खीरीः किसानो की धान की फसल के बाद अब गेहूं की फसल पर भी संकट बनकर घूम रहे आवारा गौवंश जो जिस खेत मे अपने कदम रखते है वहा पर फसल को तबाह कर के ही निकलते है। जिससे किसानो के लिए बहुत ही दयनीय स्थित है। किसानो का कहना है कांटे का तार लगा नहीं सकते सरकार रोक लगती है। और ऐसे किसी तरह उपाय किया जाये तो जानवर खेत मे उसे तोड़ कर प्रवेश कर जाते है। और फसल को तबाह कर देते है। किसानो का कहना है हम धान और गन्ने से पहले से ही झुरे बैठे है ऊपर से ये आबारा जानवर जो अब गेहूं की फसल को भी बर्बाद करने मे कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

क्या बोले किसान

आवारा गौवंश को लोगो द्वारा आस पास ही छोड़ने से बेहतर है की गौशाला मे छोड़ा जाये जिससे उनका खाने पिने का भी अच्छा ख्याल रखा जाये और साथ ही किसानो की फसल बचे। किसान-आशीष कुमार शुक्ला

अगर ग्रामपंचायत मे गौशाला हो तो लोगो को बाहर ही अपने जानवर क्यों छोड़ना पड़े सीधा गौशाला मे छोडेंगे जिससे किसी किसान भाई का कोई नुकशान नहीं होगा जब सारे आवारा पशु गौशाला मे होंगे तो फसल नुकशान का कोई मतलब ही नहीं बनता। किसान-राजेश कुमार

मुख्य बात गांव मे गौशाला का ना होना है और दूसरी बात यह की अगर किसी को पशु छोड़ना है तो आवारा क्यों छोड़ते है। अगर ग्रामपंचायत मे गौशाला नहीं है अन्य जगहों पर है वहा छोड़ दिए जाये तब भी राहत है। किसान-अखिलेश राजपूत

## गोला टूरिज्म रविवार को आयोजित करेगा अभिव्यक्ति समारोह

**(सजा.) विमल विस्वकर्मा/अनुराग दीक्षित**

गोला गोकर्णनाथ।गोला टूरिज्म द्वारा अभिव्यक्ति फोटोग्राफी प्रतियोगिता के चौथे संस्करण के पुरस्कार वितरण दिनांक 08.01.2023,रविवार को ब्रिक हाउस रेस्टोरेंट,मिल बायपास रोड पर आयोजित किये जायेंगे।जिसमे विजेताओं को व सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोला के विधायक अमन गिरि रहेंगे।कार्यक्रम में गोला रत्न से सम्मानित व ख्यातिप्राप्त चित्रकार राजेन्द्र सोनी सजीव चित्रण भी करेंगे।

इस कार्यक्रम को ब्रिक हाउस रेस्टोरेंट,गो 69 पिज्जा,दैनिक अमृत विचार व ब्रम्ह अनुभूति के सहयोग से आयोजित किया गया था,जिसमे 260 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था व इसके परिणाम संस्था की वेबसाइट गोलाटूरिज्म डॉट कॉम पर जारी किए गए थे।

## सफाई कर्मचारी मस्त जनता त्रस्त

मितौली खीरी ।विकास खंड की ग्राम पंचायत कानाखेड़ा में तैनात सफाई कर्मचारी का आलम ये है कि सफाई कर्मचारी मस्त जनता त्रस्त ग्रामीण अपने आप नलियों की सफाई खुद सफाई कर्मचारी बनकर करने लगे जब सरकार के द्वारा महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छता अभियान की जमीनी हकीकत जानने पहुचे संवादाता तो मामला कुछ और ही निकला हालत यहाँ तक है कि वहाँ पर तैनात सफाई कर्मचारी 1 महीने से आये ही नही न महिनों नहीं आते हैं जब ग्रामीणों से पूछा गया तो बताया कि ग्राम पंचायत कानाखेडा में नालियां सभी गंदगी से भरी पड़ी है जिससे संक्रामक रोगों के फैलने की सम्भावना बनी रहती है जिससे ग्रामीणों ने खुद ही जिम्मा उठा कर सफाई करने लगें ग्रमीणों ने इसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों तक भी की मगर कोई हल नही निकला सरकार की स्वछता अभियान का मखौल उड़ा रहे उच्च अधिकारी



## कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों को कंबल वितरण किया

**ग्राम पंचायत शिवपुरी,कल्लुआ मोती,रामपुर रामदास पर तैनात लेखपाल जीवनलाल चंदेल अनुपस्थित रहे तमाम बुजुर्ग व महिलाये कम्बल पाने से वंचित रहीं और बैरंग वापस हुए**

**(सजा.)पंकज अवस्थी**

मितौली खीरी` विकासखंड मितौली क्षेत्र के बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू के द्वारा कड़ाके की ठंड व शीतलहर को देखते हुए गरीब असहाय वृद्ध लोगों को कंबल वितरित किया गया जिसमें कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने स्वयं अपने आप पहुंच कर अपने हाथों से करीब 200 लोगों को कंबल वितरण किया कंबल वितरण कार्यक्रम में पहुंची जनता ने कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू का आभार व्यक्त करते हुए सराहना की इस अवसर पर मितौली राजस्व विभाग की टीम नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार मौर्य कानूनगो राजेंद्र कुमार वर्मा कानूनगो राजकुमार लेखपाल हरिराम मिश्रा राजेश कुमार राजकुमार प्रभात मिश्रा मनोज लालाराम प्रधान फत्तेपुर, सर्वेश सिंह आदि लोगों के सहयोग से कंबल वितरण में भागीदारी निभाई।



## जिलाधिकारी कार्यालय गौतम बुद्ध नगर के शस्त्र लिपिक अरविंद शर्मा व प्रधान सहायक गंगा शरण को मिली प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति।

जिलाधिकारी कार्यालय गौतम बुद्ध नगर में नियुक्त शस्त्र लिपिक अरविंद कुमार शर्मा व प्रधान सहायक गंगा शरण को आयुक्त मेरठ मंडल, मेरठ सेल्वा कुमारी जे के द्वारा जिला कार्यालय लिपिक वर्ग नियमावली के अंतर्गत गठित चयन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से कार्यालय जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति दी गई है। अरविंद कुमार शर्मा व गंगा शरण ने मंडलायुक्त एवं जिला अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व की भांति उच्च अधिकारियों एवं शासन के दिशा निदेर्शों का पालन पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करते रहेंगे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।



## जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में उप जिलाधिकारी सदर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए कार्यों का किया निरीक्षण।

***नगर पंचायत बिलासपुर में हुए विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।***

जनपद में लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता परक रूप से पूर्ण कराने की उद्देश्य से जिला अधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में उप जिला अधिकारी गण एवं सहायक अभियंता गण निरंतर स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में आज उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार एवं सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग के द्वारा नगर पंचायत बिलासपुर में हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता परीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य से जुड़े हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्माण कार्यों को मानकों के अनुरूप पूर्ण कराया जाए एवं समय-समय पर स्वयं भी उनके द्वारा निर्माण कार्यों की भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए जो समय अवधि निर्धारित की गई है उसी समय अवधि में गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए पूर्ण करने की कार्रवाई की जाए। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## विराट पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का पूणार्हुति के बाद किया गया समापन

मितौली खीरी। क्षेत्र के पिपरिया शिव मंदिर के निकट प्रांगण में चल रहे विराट पांच कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन पूणार्हुति के बाद विद्यारम्भ संस्कार,नामकरण संस्कार, पुंशवन संस्कार शान्ति कुंज के प्रशिक्षित आचार्यो द्वारा कराये गए ।

कार्यक्रम के तीसरे व अंतिम दिन सुबह से

कई पारियों में श्रद्धालु भक्तों ने यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की गईं।पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम बन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण व ऋषि तंत्र के मार्गदर्शन में मानव मात्र को विश्वव्यापी संकटों से उबारने एवं सही रास्ते पर चलने का सन्मार्ग मिल सके। इसी मंगलमय उद्देश को लेकर कस्बे में पाँच कुंडीय गायत्री महा यज्ञ का आयोजन किया गया । भक्तों ने अपनी अपनी श्रद्धा ,भावना व निष्ठा जोड़ते हुए यज्ञ भगवान से मंगलमय प्रार्थना के साथ आहुतियां समर्पित किये थे । शांति कुंज के प्रशिक्षित आचार्य सत्य नारायण सिंह,आचार्य अमर पाल जी अंकित कुमार ने सायं कालीन बेला में अष्टावक्र की कथा इस प्रकार सुनाया ,उद्दालक ऋषि के पुत्र का नाम श्वेतकेतु था। उद्दालक ऋषि के एक शिष्य का नाम कहोड़ था। कहोड़ को सम्पूर्ण वेदों का ज्ञान देने के पश्चात उद्दालक ऋषि ने उसके साथ अपनी रूपवती एवं गुणवती कन्या सुजाता का विवाह कर दिया। कुछ दिनों के बाद सुजाता गर्भवती हो गई। एक दिन कहोड़ वेदपाठ कर रहे थे तो गर्भ के भीतर से बालक ने कहा कि पिताजी! आप वेद का गलत पाठ कर रहे हैं। यह सुनते ही कहोड़ क्रोधित होकर बोले कि तू गर्भ से ही मेरा अपमान कर रहा है इसलिये तू आठ स्थानों से वक्र (टेढ़ा) हो जायेगा। इस प्रकार अष्टावक्र की कथा सुनाते हुए श्रोताओं को भावविभोर कर दिया तत्पश्चात दीप यज्ञ का कार्यक्रम एवं कन्या भोज तथा टोली विदाई का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का कुसल संचालन परम् विद्वान आचार्य अमर पाल जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार मितौली के तहसील प्रभारी मास्टर कामता प्रसाद मौर्य ने सभी कार्य कताओं को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन कन्या भोज के साथ कराया ।'



# जनता की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न।

***मण्डलायुक्त मेरठ मण्डल मेरठ ने जेवर तहसील एवं जिलाधिकारी ने दादरी तहसील में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं का किया अनुश्रवण।***

**आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 105 शिकायतें हुई दर्ज, 08 शिकायतों का विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया निस्तारण।**

गौतम बुद्ध नगर

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव कराने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 105 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 08 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। मण्डलायुक्त मेरठ मण्डल मेरठ सेल्वा कुमारी जे के द्वारा जेवर में पहुंचकर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा कुल 43 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों की मानिटरिंग उत्तर प्रदेश शासन स्तर से सुनिश्चित की जा रही है। अतः सभी अधिकारियों के द्वारा दर्ज शिकायतों का निराकरण पूर्ण गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी तेज प्रताप मिश्र, ए.डी.एम. (एल.ए.) बलराम सिंह, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित रहे। इसी प्रकार दादरी तहसील में जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 59 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 08 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर जनता के द्वारा कुल 03 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई। राकेश चैहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।



## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिशिक्षु व रोजगार मेले का आयोजन 09 जनवरी 2023 को

07 जनवरी 2022 लखनऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में उ0प्र0 प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिशिक्षु/रोजगार मेले का आयोजन 09 जनवरी 2023 को किया जा रहा है

एम0 ए0 खाँ, टी0सी0पी0ओ0 ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिशिक्षु/रोजगार मेले में 19 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। कम्पनी में वेतन 7700 से 16000 रुपये तक पर जॉब के अवसर उपलब्ध होंगे तथा उनकी आयुसीमा 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। जिनकी शैक्षिक योग्यता केवल हाईस्कूल अथवा केवल इण्डरमीडिएट अथवा केवल आई0टी0आई0 अथवा केवल डिप्लोमा अथवा केवल स्नातक, अथवा केवल कौशल विकास से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेलो की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में संस्थान के दूरभाष नम्बर 0522-7118462 एवं 8840249536 पर प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक वार्ता कर या व्हाट्सएप नम्बर 8840249536 पर मैसेज कर प्राप्त की जा सकती है।

## असम करीमगंज जिले के सर्वधर्म सभा ने प्रार्थना कक्ष की मांग की

**असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण:**

करीमगंज शांति का टापू और धर्मों का मिलन स्थल है। कई सालों से यहां विभिन्न धर्मों के लोग रह रहे हैं। वे अपने धर्म का पालन अपने नियमों के अनुसार करते रहे हैं। एक साथ प्रार्थना करने से लोगों में ईमानदारी पैदा होती है। सर्वधर्म प्रार्थना हिंसा को दूर करती है और सद्भाव का संदेश देती है। करीमगंज में ऐसी पूजा का कोई अवसर नहीं है। बराक घाटी सर्वधर्म आराधनालय की केंद्रीय कार्यकारी परिषद ने शुक्रवार दोपहर जिलाधिकारी मृदुल यादव से मुलाकात की और सर्वधर्म प्रार्थना कक्ष की स्थापना की मांग की। संस्था के संयुक्त सचिव अधिवक्ता आबुल हासनात चौधरी ने संस्था की केंद्रीय उपाध्यक्ष गीता मुखर्जी का लिखित मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। महासचिव एचएम आमिर हुसैन उपस्थित थे। जिलाधिकारी मृदुल यादव ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि वे सर्वधर्म प्रार्थना कक्ष स्थापित करने की प्रक्रिया को गंभीरता से लेंगे.

# *नशा मुक्ति के लिए हरियाणा पुलिस की नई पहल, प्रयास व साथी ऐप के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्त काम करवाने का प्रयास करेंगे,*

**कालेजो में कमेटी बनाई जाएगी जिसमें धाकड युवाओं इस अभियान से जोडा जाए, इनमें जागरुकता अभियान व ऐप प्रदेश के 70 से 80 हजार से अधिक लोगो को जोडा जा रहा है, नशा छुडवाने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया (9050891508)**

**हिसार। ( दिनेश महता )**

हरियाणा के युवाओं को नशा मुक्त करवाने के लिए हरियाणा पुलिस की नई पहल, कालेजो में कमेटी बनाई जाएगी जिसमें धाकड युवाओं इस अभियान से जोडा जाए और युवाओं को नशा मुक्त करवाने का काम किया जाएगा। प्रयास व साधी ऐप के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्त काम करवाने का प्रयास करेंगे, इनमें जागरुकता अभियान व ऐप प्रदेश के 40 हजार से अधिक लोगों जोडा जाएगा। यह जानकारी हरियाणा के एनसीबी के चीफ व अंबाला रेज के लिएएडीजीपी श्री कांत जाघव ने पत्रकारों से प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि नशा मुक्त करने के लिए युवाओं को जागरुक करेगे और उसका नशा छुडवाने का प्रसाय करेगे चिकित्सों के माध्यम से नशे से ग्रस्त युवाओं का ईलाज करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रो के लिए धाकड प्रोग्राम शुरू किया है। हम गांव में मिशन टीम बनाई गई है जिसमें जो युवा नशे से ग्रस्त है उनका ईलाज करवाया जाएगा। जो युवा नशे से ग्रस्त है उनके परिजनों को भी जागरुक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक साफ्टवेयर बनाया है जिसमें सभी प्रकारी की जानकारी जुटाई गई है। इसमें नशा तस्करी अपराधियों की सभी प्रकार की जानकारी साफ्वेयर पर डेटा जुटाया जाएगा जिसमें 2020 के बाद सभी प्रकार का डाटा कलेक्ट किया जा रहा है।। उन्होने कहा कि बहुत बड नेटवर्क तैयार किया जा रहा है जिसमें 19 विभाग के कर्मचारी जोडे गए है गांव स्तर पर कमेटी बनाई गई है जिसमें विभागो के कर्मचारी व सामाजिक एनजीओ स्तर के लोगों जोडा जाएगा। उन्होंने कहा कि जो युवा नशा छोडङ्गा चाहते है उसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि ईलाज के लिए कोई युवा सीरियस होगा तथा सब डिवीजन स्तर पर ईलाज करवाया जाएगा। श्री कांत जाघव ने प्रसास ऐप के माध्मय से जागरुक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डाटा को देखकर बहुत बड़ा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है ऐसा करने वाला हरियाणा देश भर में पहला राज्य बना है। 6500 गांव में सूचनाए आएगी तथा 1600 वार्डस से सूचनाए मिलती रहेगी। उन्होने कहा कि युवाओ को फार्मसीकीकल से ड्रेग्स मिल जाता था ऐसे साथी ऐप बनाया है।

उन्होने कहा कि प्रसास ऐप में सभी प्रकार की डिटेल आएगी रुटस की मेपीग की जा रही है। उन्होने कहा कि समय लग रहा है टीमे खडी करने के लिए फिर हमारा प्रसास रहेगा टीमो का गठन कर लिया है। प्राइवेट व सरकारी अस्पताल से भी डाटा कालेक्ट किया जाएगा। उन्होने कहा कि 75 सब डिवीजन टीम गई है। 606 प्राइमरी हेल्थ टीम बन गई है 1563 वार्ड टीमे बनई है। गांव स्तर 6315 की टीमे बन चुकी है इसमें 70 से 80 हजार डेली इस मिशन पर काम करेगे। उन्होने कहा कि 20 से 22 हजार कमीस्टों की डिटेल जुटाई गई है अस्पताल में डाक्टर की पर्ची भी स्केन होगी। हमने 9050891508 हमने टोल फ्री नंबर दिया गया है। इस पर काल करके अपने ऐरिया में नशा तस्करी करने वाले तथा नश छुढवाने का बारे में मदद की

## असम करीमगंज जिले के रामकृष्णनगर डाकघर में ग्राहकों की सुविधा के लिए भारतीय डाक जीवन बीमा पॉलिसी मेले का आयोजन किया।

**उपभोक्ता जीवन सुरक्षा, समृद्धि, कल्याण सुनिश्चित करने की प्रेरणा से जीवन बीमा पॉलिसी किया लोगों ने भविष्य के लिए।**

------------------------ असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :

डाक विभाग की जीवन बीमा पॉलिसी, बुजुर्गों या अन्य लोगों के अस्तित्व के बावजूद आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से 7 जनवरी (शनिवार) को रामकृष्ण नगर उप डाकघर में एक दिवसीय जागरूकता मेले का आयोजन किया गया। हर उप डाकघर में यह भारतीय डाक जीवन बीमा पॉलिसी मेला करेंगे विभागीय कर्मी द्वारा। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसियों के बारे में जागरूक किया साथ ही बहुत से लोग पारिवारिक जीवन सुरक्षा के लिए पॉलिसी लेते हैं। पाथारकान्दी अनुमंडल डाक निरीक्षक ननी दास के अनुसार, ज्ञातव्य है कि इस एक दिवसीय जागरूकता मेले में ग्राहकों को विभिन्न जटिल प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए सरकारी योजनाओं के महत्व से बहुत से लोग अवगत हुए हैं. इतनी सारी योजनाएं जैसे आरपीएलआई, पीएलआई, टी डी, एन एस सी, एस सी एस एस, पी पी एफ, एस एस ए आदि। इसके अलावा उस दिन आधार कार्ड की सुविधा प्रदान की जाती है। विभागीय अधिकारी के अनुसार शासकीय लाभ की जीवन बीमा पालिसी से ग्राहक वंचित न रहे इसके लिये विभिन्न स्थानों पर जागरूकता मेला निरंतर चलेगा विभागीय कर्मियों में हिरनभ चक्रवर्ती ए एस मेल पाथारकान्दी अनुमंडल सुहिनी राय, रूमी राय, अभिजीत शर्मा, अमलेंदु नाथ, सानि पाल, देबाशीष सूत्रधर सहित विभाग का अमला मौजूद थे।



# तहसील सभागार जमुनहा में विधिक जागरूकता साक्षरता शिविर आयोजित किया गया

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नालसा द्वारा दिशा स्कीम के तहत अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती/माननीय जनपद न्यायाधीश श्री गौरव कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में श्री रामचंद्र यादव-1 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्रावस्ती के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन स्थान तहसील सभागार जमुनहा में श्रावस्ती में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्रावस्ती श्री रामचंद्र यादव-1 ने लोगों को बताया कि इसे अखिल भारतीय स्तर पर न्याय तक पहुँच पर एक व्यापक, समग्र, एकीकृत और व्यवस्थित समाधान प्रदान करने के लिये लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य भारत के संविधान की प्रस्तावना तथा अनुच्छेद 39ए 14 और 21 के तहत भारत के लोगों के लिये ह्यह्यन्यायह्यह्य सुरक्षित करना है। इसका उद्देश्य कानूनी सेवाओं का नागरिक-केंद्रित वितरण के लिये विभिन्न कार्यक्रमों को डिजाइन और समेकित करना है। यह एक ई-इंटरफेस तंत्र है जो मुकदमेबाजी से पहले के चरण में विधिक सलाह और परामर्श प्रदान करता है। यह पंचायत स्तर पर स्थित जन सेवा केंद्रों (सीएससी) पर उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/टेलीफोनिक सुविधाओं के माध्यम से जरूरतमंद और हाशिये पर रह रहे लोगों को विधिक सहायता के लिये वकीलों के पैनल से जोड़ता है।

इसी क्रम में उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला ने बताया कि न्याय बंधु (प्रो बोनो लीगल सर्विसेज) कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित वर्गों को निःशुल्क कानूनी सहायता और परामर्श प्रदान करना है। न्याय बंधु



मोबाइल एप्लीकेशन, एंड्रॉइड और आईओएस फोन के लिये पंजीकृत प्रो-बोनो अधिवक्ताओं को पंजीकृत आवेदकों से जोड़ने के लिये विकसित किया गया है। तथा तहसीलदार जमुनहा श्री अहमद फरीद खान ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान की शुरूआत हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा लोगो को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने के लिए की गयी है। इस अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो के नागरिकों को कंप्यूटर व डिजिटल उपकरणों जैसे टेबलेट, स्मार्टफोन आदि की ट्रेनिंग ईमेल भेजना व रिसीव करना, इंटरनेट चलाना, इंटरनेट से सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाना, इंटरनेट पर जानकारी ढूँढना व ऑनलाइन पेमेंट करना आदिकी ट्रेनिंग दी जाएगी। वहां उपस्थित नायब तहसीलदार श्री शुभम तिवारी ने बताया कि इस अभियान को देश के ग्रामीण क्षेत्रो के नागरिको के लिए लागू किया गया है। इस पीएमजी दिशा 2022 का लाभ ग्रामीण क्षेत्रो के उन परिवारों को प्रदान किया जायेगा । जिनके परिवार का कोई सदस्य डिजिटल तरीके से साक्षर न हो तथा उस परिवार में किसी को भी कंप्यूटर की जानकारी ना हो। एक परिवार में घर का मुखिया, उनकी पत्नी, बच्चे व माता-पिता आते हैं। इस योजना के अंतर्गत एक परिवार के एक सदस्य को कंप्यूटर सम्बन्धी ट्रेनिंग दी जाएगी। जिन लोगो को प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान 2022 के तहत ट्रेनिंग प्राप्त करना चाहते है तो उन्हें सबसे पहले इस योजना के तहत आवेदन करना होगा।

उक्त कार्यक्रम में अमर चन्द्र वर्मा, पवन कुमार वर्मा पीएलवी जि0वि0से0प्रा0 श्रावस्ती, मुनीजर लाल यादव, रामधीरज तिवारी राजस्व निरीक्षक, अनिल कुमार पाण्डेय, बदरूल हक लेखपाल तह0 जमुनहा श्रावस्ती, प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार, राजकुमार, आज्ञाराम, मुईनुद्दीन व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जाए निस्तारण-जिलाधिकारी

ओंकार नाथ चौधरी

भूमि विवादों की शिकायतों का राजस्व एवं पुलिस की टीम मौके पर जाकर करें निस्तारण-जिलाधिकारी

श्रावस्ती,शासन के मंशानुरूप सभी संबंधित विभागीय अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर जन समस्याओं को सुना जाए, और समय सीमा के अंतर्गत उनका निराकरण कागज के साथ साथ धरातल पर भी सुनिश्चित किया जाए। समस्याओं के निराकरण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, ताकि फरियादियों को बार-बार ब्लॉक तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर ना लगाना पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की छोटी बड़ी समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाए, और प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। यदि निस्तारण में फजीर्वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

उक्त विचार तहसील जमुनहा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में आयी शिकायतों को गम्भीरता से उनका निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें कोई लापरवाही न बरती जाएं। उन्होने सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने पाये इसका ध्यान रखा जाय, यदि किसी



भी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल/राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवायी सुनिश्चित की जायेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत दर्जिन पुरवा निवासी दिव्यांग शकील अहमद ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनके द्वारा पेंशन हेतु ऑनलाइन आवेदन साल भर पहले कराया गया था, किन्तु अभी तक पेंशन नही मिल पायी है, इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को तत्काल पेंशन प्रकरण में कार्यवाही का निर्देश दिया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस के आयोजन हेतु जिलाधिकारी द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार जनपद में क्रमशः तहसील भिनगा में मुख्य विकास अधिकारी एवं तहसील इकौना में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित तहसीलों के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं तहसील तथा ब्लाक स्तर के सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।


सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस जमुनहा में कुल 65 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर ही 07 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस इकौना में 90 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील भिनगा में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) पी0के0 राय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, जिला विकास अधिकारी राम समुझ, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस0के0 हरित, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव,चेहरा था क्षत विक्षत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(08 दिसंबर)किरनापुर थानांतर्गत ग्राम वारा में युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला,जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया है।मृतक का चेहरा पूरी तरह से क्षत विक्षत होने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि रात में जंगली जानवरों ने मृतक के चेहरे को नोच खाया था जिससे मृतक के चेहरे पर घाव के निशान थे। घटना की जानकारी मिलने पर किरनापुर पुलिस ने शव बरामद का पीएम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।



मृतक की पहचान वारा निवासी खेमराज पिता चुन्नीलाल ऐड़े के रूप में हुई है।खेमराज के शव को शनिवार सुबह गांव से लगे खेत के पेड़ पर लटका देखा। पेड़ में फांसी पर लटका शव मिलने की खबर लोगों को मिलते ही ग्राम सहित आसपास के लोगों को जमावड़ा लग गया। इसकी जानकारी ग्रामीण के माध्यम से पुलिस को मिली।किरनापुर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।हालांकि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया था या कुछ और कारण था इसकी जांच पुलिस कर रही।

# सालेटेकरी सीआरपीएफ के द्वारा दो दिवसीय मशरूम फार्मिंग प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(08दिसंबर) 148/बटालियन के कमांडेंट अधिकारी विक्रांत सारंगपानी के निर्देश पर शनिवार को सालेटेकरी पुलिस चौकी की सीआरपीएफ बटालियन ने रानी धार फार्मर प्रोड्यूसर लिमिटेड मलाजखंड के सहयोग से दो दिवसीय मशरूम फार्मिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कोपेभाटा की गंगा स्वसहायता समूह को प्रशिक्षण दिया गया,जो समूह की महिलाओं को रोजगार के साथ आमदनी का जरिया भी बनेगा व क्षेत्रीय लोगो ताजा एवं कम दाम में मशरूम मिल सकेगा।इस आयोजन में स्वसहायता समूह की महिलाओं के अलावा साले टेकरी स्वसहायता समूह की महिलाएं भी शामिल हुई।इस आयोजन में प्रशिक्षण देने वाली फार्मिंग कंपनी के एडवाइजर सुनील पन्द्रे व डायरेक्टर सुश्री अंजलि मरकाम का विशेष सहयोग रहा।साथ ही सालेटेकरी के ग्रामीण व सरपंच सचिव भी इस आयोजन में शामिल हुए।सीआरपीएफ बटालियन के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र कुमार,निरीक्षक संजय कुमार राय,उपनिरीक्षक राजेंद्र यादव, एस पी तिवारी के साथ बटालियन के सभी जवान उपस्थित थे।

# बाल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर नया सवेरा योजना अंतर्गत आच्छादित ग्राम पंचायत पैगापुर में बाल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को बालश्रम और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के विषय में जागरूक किया गया` श्रम विभाग,यूनिसेफ और उद्दमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के सहयोग से जनपद बलरामपुर लगातार चलायी जा रही जन जागरूकता अभियान के आज 18वे दिन विकास खंड बल्स्रामपुर के ग्राम पंचायत पैगापुर में संस्कार संस्था के द्वारा जकां जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया` कार्यक्रम के अंतर्गत बालश्रम और बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कट लोगो को बाल विवाह और बालश्रम के होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराने का प्रयास किया गया` ग्राम प्रधान श्री मोरन ध्वज ने भी लोगो से अपील किया की वो अपने बच्चो से बाल मजदूरी ना कराये उन्हें प्रतिदिन विद्यालय भेजे उन्होंने कहा की अगर कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों से बाल मजदूरी कराएगा तो हम उसकी



सूचना 1098 पर देकर उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराने में सहयोग करेंगे एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बलरामपुर से महिला आरक्षी रंजना रावत ने भी लोगो से कहा की बाल मजदूरी और बाल विवाह दोनों कानूनन अपराध है अगर कोई भी व्यक्ति किसी बच्चे से बाल मजदूरी कराता है या बाल विवाह करता है तो वो कानून का उलंघन करता है जिसके लिए उसे सजा भी हो सकती है उन्होंने यह भी बताया की बाल मजदूरी कररने से बच्चो का विकास रुक जता है बच्चे अपनी जरुरी शिक्षा से वंचित रह जाते है इसके अलावा नुक्कड़ नाटक के बिच बिच में लोगो को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी जानकारिया दी गयी

अभियान में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक,आशा, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बलरामपुर से रंजना और पप्पू सिंह तथा ग्राम पंचायत के अन्य प्रभावशाली लोगो ने प्रतिभाग किया

# जिलाधिकारी ने तहसील जमुनहा का निरीक्षण कर लिया जायजा, सभी व्यवस्थाएं हमेशा चुस्त-दुरूस्त रखने का दिया निर्देश

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने तहसील जमुनहा का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सभी व्यवस्थाएं हमेशा चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होने अभिलेखागार में जाकर राजस्व रिकार्डो के बस्तों का अवलोकन किया तथा सभी रिकार्डो को और व्यवस्थित ढंग से रखने व साफ-सफाई पर विशेष बल देने हेतु निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, लेखपाल अनुभाग, रजिस्टार, कानूनगो अनुभाग, रिकार्ड रूम, संग्रह अनुभाग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नजारत अनुभाग पहुंचकर स्थायी अग्रिम पंजिका, कैदियों/गवाहों के खुराक धन की प्राप्ति और शुल्क पंजिका, व्यक्तिगत धनराशि के रूप में लिया गया शुल्क/बिक्री अभिदान पंजिका, राजकीय कोष पंजिका, न्यायालय सम्पत्ति बिक्री पंजिका, आय व व्यय पंजिका, शिकायत पंजिका, डाक टिकटों का लेखा एवं तामीला पंजिका आदि की जांच की। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को न्यायालय पर लम्बित वादों का निराकरण करने का निर्देश दिया।



उन्होने यह भी निर्देश दिया कि तहसील में आने वाले हर फरियादियों की समस्याओं को सूचीबद्ध किया जाए और उनका निराकरण भी समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। तहसील परिसर में आने वाले फरियादियों के लिए बेहतर सुविधा हेतु पेयजल एवं बैठने हेतु उचित प्रबन्ध रखे जाएं। इसके अलावा भीषण ठंडी को देखते हुए तहसील कैम्पस में ही अलाव की भी मुकम्मल व्यवस्था करने का निर्देश दिया है, ताकि आने वाले फरियादियों को कोई दिक्कत न होने पावे।

तहसील में खतौनी प्राप्ति के लिए आने वाले किसानों को निर्धारित शुल्क लेकर खतौनी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, और यह भी ध्यान रखा जाए कि निर्धारित शुल्क से किसी भी दशा में अधिक धनराशि कदापि न ली जाए। उन्होने तहसील में कार्यरत अधिकारियो/कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका/पासबुक का भी अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को सेवा पुस्तिका एवं पासबुक हमेशा अपडेट रखने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) पी0के0 राय, तहसीलदार जमुनहा मोहम्मद अहमद फरीद खान सहित तहसील के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे

# बीता सालः अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही से कानपुर में सफल साबित हुआ जोगदंड की नियुक्ति का उद्देश्य

सुनील बाजपेई

सटोरियों, जुआंड़ियों , बलात्कारियों, अपहरणकताओं ,चोरों, लुटेरों ,राहजनों और वांक्षित इनामियों की गिरफ्तारी के साथ ही माल- नकदी ,तमंचे और कारतूस आदि की भी बरामदी में भी अव्वल रही कमिश्नरेट पुलिस

कानपुर। यहां पुलिस कमिश्नरी का गठन अपराधियों के खिलाफ अपने इरादे के पूर्ण करने करने में सफल साबित हुआ है। इस बीच बड़ी संख्या में सटोरियों, जुआंड़ियों , बलात्कारियों, अपहरण कताओं ,चोरों, लुटेरों ,राहजनों और वांक्षित इनामियों की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी लूट का माल- नकदी ,तमंचे और कारतूस आदि की भी बरामदी की गई। यही नहीं उसकी जुझारू सक्रियता से मिली सफलता ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में कानपुर को अव्वल भी साबित किया।

अपराधियों के खिलाफ संतोषजनक प्रभावी कार्रवाही और पीडितों की हर सम्भव सहायता के मामले में कानपुर में पुलिस कमिश्नरी के गठन के उद्देश्य में इस पूर्णता का पूर्ण श्रेय यहां पुलिस कमिश्नर के रूप में नियुक्त चल रहे देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के वरिष्ठ आईपीएस बीपी जोगदंड की दूरदर्शिता पूर्ण व्यवहार कुशलता और कठोर परिश्रम वाले कुशल नेतृत्त्व को भी जाता है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक यही नहीं निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोक हित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने वाले वरिष्ठ आई पी एस बीपी जोगदंड ने अपराधियों के खिलाफ अबतक जिस तरह की सफल रणनीति अपनाई, उसके फलस्वरूप हर तरह के अपराधी, माफिया, चोर लुटेरे, राहजन और बलात्कारी आदि भी कानून के शिकंजे में फंसने से नहीं बच सके। पुलिस सूत्रों की नजर में यही नहीं माल समेत शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल का रास्ता दिखाने में सफलता रूपी इस उपलब्धि के उल्लेखनीय और प्रशंसनीय श्रेय धारक भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले यहां के जुझारू पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आई पी एस बीपी जोगदंड की अगुवाई वाली पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से अपराध और अपराधियों पर अंकुश पाने की दिशा में जिस तरह की महत्वपूर्ण सफलता मिली है। उससे आम जनता भारी राहत भी महसूस कर रही है। इस बीच उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाही में जन सहयोग के प्रति आभार व्यक्त व्यक्त करते हुए लोगों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें भी दीं।


याद रहे कि अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने के लिए भी चर्चित व्यवहार कुशल कठोर परिश्रमी यहां के पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आई पी एस बीपी जोगदंड इसके पहले भी जहां भी पोस्ट रहे हैं, वहां पर भी अपनी सफेदपोश माफिया अपराधियों दलालों और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों को भी भरपूर सबक सिखाने में सफल रहे हैं। और शांति तथा कानून व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ उन्होंने यही रवैया प्रदेश के इस अति संवेदनशील महानगर में भी अपना रखा है। जिससे आम जनता अपराधियों के खिलाफ भारी राहत से लबरेज भी चल रही है।

# करीब एक महीना से गरीबो की थाली से रोटी गायब,पर गोदाम में सड़ रहा है गेहूं

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(08दिसंबर)स्टाक की कमी व सप्लाई न होने का रोना रोकर पिछले नौ महीने से अधिकारी जनता को गुमराह कर रहे हैं लेकिन सच्चाई कुछ और ही है।अपनी लापरवाही के लिए प्रसिद्ध शासकीय कर्मचारियों की वजह से पिछले नौ महीनों से गरीबों की थाली से गायब रोटी के लिए जिम्मेदार ठहराया जाय तो गलत नही होगा क्योंकि गोदाम में रखा गेहूं सड़कर खराब हो गया है,जिसमे घुन लग चुका है, जो बिलकुल भी अब खाने योग्य नहीं रह गया है। लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नही रेंगी और गेहूं सप्लाई न होने का रोना रोकर अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे थे।उधर गोदामों में रखा गया गेहूं सड़ रहा है और इधर जिले भर की राशन दुकानों से हितग्राहियों गेहूं के बदले चावल का वितरण किया जा रहा है। गेहूं उपार्जन केंद्रों में रखरखाव व विभागीय अफसरों की लापरवाही और अनदेखी की वजह से गोदामों में हजारों क्विंटल गेहूं बर्बाद हो चुका हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार हजारों क्विंटल गेहूं वेयर हाउस, गोदाम से उठाव नहीं होने के कारण वह पूरी तरह से खराब हो गया है।

परसवाड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम



डोंगरिया के कैप में पिछले 8 महीने से गेहूं का भंडारण किया है। विभागीय तौर पर देखरेख और परिवहन नहीं किए जाने के चलते वह खराब होने की स्थिति में पहुंच गया है। कुछ इसी प्रकार अन्य तहसील क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में गेहूं का भंडारण करके रखा है।

सूत्र बताते हैं कि यहां सरकारी कैप में माह अप्रैल में गेहूं का भंडारण करके रखा था। करीब आठ महीने तक कैप को नहीं खोला गया। अभी कुछ दिनों पूर्व जब कैप को खोलकर देखा गया तो भंडारित गेहूं में कीड़े लग गए हैं। बोरे भी फट चुके हैं।, जानकारी के अनुसार यहां पर तकरीबन 8 स्टैग में करीब 10 हजार क्विंटल से भी अधिक उपार्जित गेहूं रखा हुआ है, जिसमें से कुछ स्टेग में देखने से पता चलता है कि उसके रखरखाव के लिये सरकार के अफसर कितने संजीदा है। अप्रैल महीने के बाद क्षेत्र के किसानो से सरकार ने गेहूं तो खरीद लिया है, लेकिन वे इसका परिवहन करना भूल गए हैं।

सूत्रों का कहना है कि यह गेहूं अब जानवरों के खाने लायक भी नहीं है। गेहूं के स्टेग मे अब कीड़े बिलबिला रहे हैं। हालांकि, इनमें तिरपाल ढांककर तो रखा गया है परंतु मौसम में आई नमी की वजह से रखे-रखे इनमें कीड़े लग चुके हैं।

# शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु घोषित किया अवकाश 14 जनवरी तक।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी

अमेठी जिला कार्यक्रम अधिकारी सन्तोष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि शीतलहर एवं अत्यधिक ठंड बढ़ने के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन के उपरान्त 14 जनवरी 2023 तक आंगनबाड़ी केन्दों पर पंजीकृत 03 से 06 वर्ष के बच्चों हेतु अवकाश घोषित किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में लाभार्थीपरक अन्य गतिविधियॉ यथा टीकाकरण, पोषाहार वितरण व गृह भ्रमण इत्यादि कार्यों का संचालन पूर्व की भांति ही किया जायेगा।

# विनायक दल की नदबई में संगठन के विस्तार को लेकर मीटिंग आयोजित

नदबई/भरतपुरः विनायक दल की कल्पवृक्ष स्कूल नदबई में संस्थापक सुनील



चाहर महमदपुर की अध्यक्षता मे मीटिंग रखी गई । जिसमे उत्तरप्रदेश से आये प्रदेश अध्यक्ष पंकज पांडे ,प्रभारी अनिल चौधरी, जिलाध्यक्ष रूद्र पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक सिंह,अजय परिहार का स्वागत उपाध्यक्ष शैलेन्द्र खेरी के द्वारा सम्मान किया गया। बैठक में संगठन को आगे बढाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा संस्थापक सुनील चाहर ने भी संगठन के बारे में सभी को जानकारी दी। उत्तरप्रदेश अध्यक्ष पंकज पांडे ने कहा कि जल्द ही प्रदेश में संगठन मजबूत होगा। इस मौके पर कल्पवृक्ष स्कूल के संचालक पवन कवई सहित काफी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# नूह में चौधरी जाकिर हुसैन ने किया ग्रास हॉस्पिटल का उद्घाटन

मेवात/सुरेश कोहली : दिल्ली-अलवर रोड़, नूँह में मिठ्ठन भारद्वाज के सुपुत्र



डॉ्ङ्ग दीपक भारद्वाज द्वारा खोली गई ग्रास अस्पताल का भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्हें मुबारकबाद व शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर क्षेत्र व नूँह कस्बे के प्रमुख गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## कोली समाज का युवक - युवती परिचय सम्मेलन कल

जलगांव/सुरेश कोहली : अखिल भारतीय कोली समाज महाराष्ट्र के प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिल नन्नवरे ने मीडिया में जानकारी देते हुए बताया की भुसावल के दीप नगर में कोली समाज का युवक -युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे भुसावल,जलगांव सहित अन्य जगहों से भी लोग इस युवा महोत्सव में पहुंचेंगे।वहीं अखिल भारतीय कोली समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्मिता कोहली भी व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहेंगी।

# डिजिटल इंडिया अवॉर्ड 2022: कृषि मंत्रालय की इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) पहल ने डिजिटल नागरिक सशक्तिकरण श्रेणी में प्लेटिनम पुरस्कार (प्रथम) जीता

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एक प्रमुख पहल ई-नाम ने नई दिल्ली में आज आयोजित डिजिटल इंडिया पुरस्कार 2022 में डिजिटल नागरिक सशक्तिकरण श्रेणी में प्लेटिनम पुरस्कार जीता है। आज, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. एन. विजय लक्ष्मी, संयुक्त सचिव, कृषि मंत्रालय को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, रेलवे और संचार मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में डिजिटल इंडिया अवॉर्ड, 2022 प्रदान किए हैं।

ई-नाम 22 राज्यों और 3 संघ राज्य क्षेत्रों में 1260 एपीएमसी मंडियों को एकीकृत करने वाला एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है ताकि 203 कृषि और बागवानी जिंसों के ऑनलाइन व्यापार की सुविधा मिल सके जिससे किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर लाभकारी मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके। ई-नाम मंडी प्रचालनों के डिजिटल परिवर्तन और कृषि जिंसों के ई-ट्रेडिंग को अभिप्रेरित कर रहा है। 31.12.2022 तक, 1.74 करोड़ से अधिक किसानों और 2.39 लाख व्यापारियों को ई-नाम पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। ई-नाम प्लेटफॉर्म पर 2.42 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 69 मिलियन मीट्रिक टन का कुल व्यापार दर्ज किया गया है।

ई-नाम किसानों और अन्य हितधारकों को विभिन्न लाभ/सुविधाएं प्रदान कर रहा है जैसे कि प्रचलित वस्तु का मोबाइल ऐप पर मूल्य तक पहुंच प्रदान करना, रूट मैप के साथ प्त100 किलोमीटर के दायरे में ई-नाम मंडियों और मंडी कीमतों को कैप्चर करने वाली जीपीएस आधारित सुविधा, अग्रिम लॉट पंजीकरण, लॉट के अंतिम



बोली मूल्य और भुगतान रसीद पर एसएमएस अलर्ट, ई-नाम के माध्यम से वास्तविक समय प्रतिस्पर्धी मूल्य बोली, सटीक वजन के लिए वजन एकीकरण, मोबाइल पर उपलब्ध बोली प्रगति, किसान और व्यापारी के बीच सीधे व्यापार की सुविधा, किसान के बैंक खाते में सीधे भुगतान, खरीदारों और विक्रेताओं की लेनदेन लागत में कमी, ई-नाम आदि के माध्यम से एफपीओ को ई-ट्रेड करने की सुविधा के लिए एफपीओ ट्रेडिंग मॉड्यूल।

इसके अलावा ई-नाम के तहत प्लेटफॉर्म ऑफ प्लेटफॉम्स (पीओपी) के लॉन्च के साथ, एक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया गया है जो कृषि मूल्य श्रृंखला के विभिन्न खंडों में व्यक्तिगत सेवा प्लेटफार्मों की विशेषज्ञता का लाभ उठाता है। ई-नाम किसानों के लिए बेहतर मूल्य की खोज के लिए संचालन में आसानी, पहुंच, पारदर्शिता और संचालन की दक्षता के माध्यम से डिजिटलीकरण के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बना रहा है।

डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में विभिन्न सरकारी संस्थाओं द्वारा अभिनव डिजिटल समाधान/ अनुकरणीय पहल को प्रोत्साहित करने और सम्मानित करने के लिए भारत के राष्ट्रीय पोर्टल के तत्वावधान में एमईआईटीवाई द्वारा डिजिटल इंडिया अवार्ड्स (डीआईए) की स्थापना की गई है। डिजिटल इंडिया अवार्ड्स 2022 का उद्देश्य न केवल सरकारी संस्थाओं बल्कि स्टार्टअप्स को भी डिजिटल इंडिया विजन को पूरा करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना है। डिजिटल इंडिया अवार्ड्स 2022 को 07 विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रदान किया गया है। नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण, सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म, स्टार्ट-अप के सहयोग से डिजिटल पहल, व्यवसाय करने में आसानी के लिए डिजिटल पहल, डेटा साझा करना और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए उपयोग, जमीनी स्तर पर डिजिटल पहल, सर्वश्रेष्ठ वेब और मोबाइल पहल आदि में विजेता टीमों को अलग-अलग श्रेणियों में प्लेटिनम, गोल्ड और सिल्वर अवॉर्ड प्रदान किए गए।

## फुल्लीडुमर खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल मैच के फाइनल मुकाबले में दूधघटिया की टीम हुई विजई ,विजेता टीम को मिला पुरस्कार

**दैनिक समाचार जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर खेल मैदान पर न्यू स्टार स्पोटिंग क्लब गोरगामा फुल्लीडुमर द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट में 16 टीमों के बीच मुकाबला हुओ शुक्रवार को आयोजित मैच का फाइनल मुकाबला दूधघटिया एवं ए जी एफ सी समुखिया ढाड़ाबारी टीम के बीच हुओ जिसमें प्लेंटी के द्वारा पांच गोल कर दूधघटिया की टीम मैच अपने नाम कर फुटबॉल मैच का शानदार मुकाबला जीत लियो वहीं विजेता टीम दूधघटिया के कैप्टन झब्बन सोरेन को प्रमुख प्रतिनिधि प्रसेनजीत कुमार राय ने प्रथम पुरस्कार के रूप में ङ्18000 की नगद राशि देकर सम्मानित कियो जबकि मैच के



आयोजक सदस्यों द्वारा दूसरा पुरस्कार एजीएफसी सामुखिया की टीम के कैप्टन पंकज सोरेन को ङ्14000 ,तीसरा पुरस्कार गोरगामा टीम के कैप्टन सुरेंद्र मुर्मू को ङ्6000 एवं चतुर्थ पुरस्कार माताथान की टीम के कैप्टन विकास सोरेन को ङ्6000 की राशि पुरस्कार स्वरूप देकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गयो वहीं पुरस्कार वितरण के मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि प्रसनजीत कुमार राय, निरंजन यादव, उमेश मंडल, बाबूलाल मुर्मू, कॉमेंटेटर सुरेंद्र मुर्मू, नरेश मुरमुरे, रेफरी अनिल सोरेन, छोटेलाल हंसदा, खेल आयोजक मनोज मुर्मू, कृष्णा मुर्मू, जागेश्वर टूडू, सहित सैकड़ों फुटबॉल खेल प्रेमी मौजूद थे

## बांका विधायक रामनारायण मंडल ने पंजवारा में ग्रामीणों की सुनी समस्या

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

सुबे के पूर्व राजस्व मंत्री एवं वर्तमान में बांका के भाजपा विधायक रामनारायण मंडल क्षेत्र भ्रमण के क्रम में शनिवार को पंजवारा पहुंचे ।यहां उन्होंने भाजपा कार्यकताओं एवं ग्रामीणों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की कई समस्याओं से स्थानीय विधायक को अवगत कराया। जिस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर शीघ्र ही समस्याओं के निदान का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। वहीं पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बांका के मंदार से शुरू हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को फ्लॉप बताते हुए कांग्रेस



की तुलना डूबते हुए नाव से की ,उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज के समय में मृतप्राय हो चुका है। मौके पर भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष सुभाष साह, पंजवारा मुखिया भोला पासवान, लौढ़िया खुर्द मुखिया प्रतिनिधि धनंजय मांझी ,भाजपा नेता बमशंकर साह, निरोज झा, रासमोहन ठाकुर,ललित किशोर, उज्जल सिन्हा,पैक्स अध्यक्ष सुनील सिंह ,अमरकांत जायसवाल, दीपक मंडल, विजय भगत,महेश मंडल ,तुलसी यादव, बालकिशोर भगत सहित अन्य मौजूद रहे।

## एडीएम ने बौंसी मेला मैदान का लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- विदित हो कि मंदार महोत्सव सह बौंसी मेला के शुभारंभ में पखवाड़ा का समय बचा है। परंतु अब तक बौंसी मेला की तैयारी पूर्ण नहीं हो पाई है। शनिवार को एडीएम माधव कुमार सिंह के द्वारा जब बौंसी मेला परिसर और मंदार तराई का निरीक्षण किया गया तो, आधी अधूरी तैयारी देख कर पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। अधिकारियों के साथ आए एडीएम के द्वारा सबसे पहले पापहरनी सरोवर व आसपास के इलाकों का जायजा लिया गया। जहां नगर पंचायत के कार्यपालक अभियंता को शनिवार से ही अलाव की व्यवस्था समुचित तरीके से कराने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि सफा धर्मावलंबियों का यहां आना प्रारंभ हो गया है। एडीएम के द्वारा मंदार तराई में पूर्व में मनरेगा शौचालय को



अविलंब चालू कराने का निर्देश मनरेगा पीओ को दिया गया। शौचालय समीप अवैध दुकान लगाकर अतिक्रमण देखने पर एडीएम ने खुद से अतिक्रमण को हटाया। यहां के बाद उन्होंने बौंसी मेला मैदान का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय को बेहतर तरीके से गश्त लगाने की बात कही गई। बताया गया कि, मेला परिसर में खेल तमाशा लगाने वालों का आना प्रारंभ हो गया है। ऐसे में आम लोगों के साथ-साथ इन सभी की सुरक्षा और सामानों की सुरक्षा आवश्यक है। मेला संवेदक शंकर प्रसाद सिंह को भी कई निर्देश दिए गए। बताया गया कि, यहां पर कृषि प्रदर्शनी में बहुत सारे कार्य बाकी हैं जिसे ससमय पूरा करने का एडीएम के द्वारा निर्देश दिया गया।

## 33 वर्षीय महिला झुलस कर हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

कटोरियाः कटोरिया थाना क्षेत्र के सिकटिया गांव में खाना बनाने के क्रम में एक महिला झुलस कर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीते तीन दिन पहले सिकटिया गांव निवासी गजेन्द्र राय कि 33 वर्षीय पत्नी गीता देवी लकड़ी के चुल्हे में खाना पका रही थी। इसी बीच महिला के साड़ी में आग पकड़ गई। इस घटना में जख्मी महिला के चित्कार सुन ग्रामीण दोड़ कर जब-तक आया तब तक महिला की शरीर बूरी तरह से झुलस चुकी थी। जिसे देखते हुए परिजनों ने आनन-फानन में इलाज



हेतु देवघर सदर ले जाया गया। जहां तीन दिन तक जख्मी महिला की उपचार किया गया। अंत में शनिवार को इलाज के दौरान गंभीर रूप में झुलसी महिला की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार जनों में कोतूहल मच गया। बताया जा रहा कि मृतक गीता देवी अपने पीछे तीन लड़की एक लड़का पिछे छोड़ गई है।

## डीएम ने मुक्ति निकेतन स्थित अंबेडकर बालिका आवासीय छात्रावास का लिया जायजा।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

डीएम अंशुल कुमारे शनिवार को कटोरिया पहुंचकर मुक्ति निकेतन परिसर में चल रहे राजकीय आंबेडकर आवासीय बालिका उच्च विद्यालय एवं छात्रावास का जायजा लिया। इससे पहले डीएम ने छात्राओं से रूबरू हुये एक दूसरों से परिचय कराते हुए अपने आप का परिचय छात्राओं द्वारा परिचित हुये। वहीं विद्यालय का भवन, रसोइघर, शौचालय अन्य का जायजा लिया। विद्यालय में नामांकित 208 छात्रा है। जिसमें डीएम ने अपने हाथों से सभी छात्राओं को कंबल व बिस्कुट वितरण किया साथ ही डीएम ने कहा छात्राओं के लिए एक नया भवन में शिफ्ट किया जाएगा। जिसकी तैयारी चल रही है।, जिलाधिकारी ने अपने हाथों से सभी छात्राओं को एक-एक



कंबल व बिस्कुट का पैकेट वितरण किया। इससे पहले छात्राओं ने डीएम को स्वागत गीत एवं नशा मुक्ति पर गीत गाकर सम्मानित किया। जबकि विद्यालय के प्रिंसिपल एवं कल्याण पदाधिकारी द्वारा बुके देकर सम्मानित किया। वही छात्रावास से निकलते हुये डीएम मुक्ति निकेतन के संस्थापक स्व. अनिरुद्ध प्रसाद सिंह का कार्यालय पहुंचकर उनके कार्यालय में लगी तस्वीर को नमन किया एवं संस्था के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी एवं भवन निर्माण पदाधिकारी के अलावे बीडीओ प्रेम प्रकाश, प्रशिक्षु बीडीओ पूजा कुमारी, सीओ आरती भूषण, मुक्तिनिकेतन के सचिव डा. चिरंजीव कुमार सिंह, चंद्र भूषण सिंह अन्य मौजूद थे।

## झरना मेला का उपेंद्र प्रसाद यादव ने 67 हजार एक सौ रुपए में लिया डाक

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड क्षेत्र में सुप्रसिद्ध मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर लगने वाले झरना मेला का डाक शुक्रवार को फुल्लीडुमर प्रखंड में ङ्67,100 में हुओ मेला का डाक उपेंद्र प्रसाद यादव के नाम से हुआ `वहीं इसकी जानकारी देते हुए उपेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि मेला समिति के अध्यक्ष परशुराम सिंह एवं संजय पंडित,सदस्य मृत्युंजय मंडल, संजय मंडल, दिवाकर मंडल, संजय



यादव, दिनेश राय, छब्बू यादव, आमोद यादव, अमरेश कुमार सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में शुक्रवार को झरना मेला का डाक ङ्67100 में लिया गयो आगे उन्होंने बताया कि मेला समिति के सदस्यों द्वारा 14 एवं 15 जनवरी 2023 को आयोजित झरना मेला में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी

## हत्याकांड एवं आर्म्स एक्ट के फरार अभियुक्त के घर फुल्लीडुमर थाना की पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस शनिवार को हत्याकांड एवं आर्म्स एक्ट के दो फरार अभियुक्त के घर इस्तेहार चिपकायो वहीं इसकी जानकारी देते हुए फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि नगरडीह गांव के मनीष पंजियारा एवं राजेश पंजियारा दोनों के पिता संजीव पंजियारा हत्याकांड एवं आर्म्स एक्ट के केस में 2017 से ही फरार चल रहे हैं कोर्ट के आदेश के आलोक



में शनिवार को थाना अध्यक्ष आलोक कुमार, एसआई बलबीर विलक्षण एवं पुलिस जवानों के सहयोग से ग्रामीणों को जानकारी देते हुए फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया गयो साथ ही पुलिस ने परिवार वालों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि 2 सप्ताह के अंदर अभियुक्त द्वारा आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो घर की कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी

## आइडियल होली मिशन स्कूल कटोरिया में जिले भर के निजी विद्यालयों के प्राचार्य की हुई बैठक।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

शनिवार को कटोरिया आइडियल होली मिशन स्कूल में निजी विद्यालय के जिला अध्यक्ष हरि किशोर भारद्वाज की अध्यक्षता में प्राइवेट स्कूलों की बैठक हुई। जिसमें कटोरिया प्रखंड क्षेत्रे के कई निजी विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित हुए। निजी विद्यालय के कटोरिया प्रखंड अध्यक्ष भीष्म नारायण यादव के नेतृत्व में की गई उक्त बैठक में नव वर्ष के उपलक्ष पर सभी को हार्दिक बधाई दी गई।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2022- 23 सत्र के यू डाइस प्रपत्र भरने के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा विद्यालयों के जांचे, विद्यालय अनुदान, बस , को लेकर आवश्यक रूप से चर्चा की गई। आज की बैठक एसोसिएशन के जिला सचिव नरेंद्र सिन्हा ने कटोरिया प्रखंड अध्यक्ष भीष्म नारायण यादव को कार्य का भार दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि सभी विद्यालय संगठित होकर चलें ।ताकि विभाग की मनमानी पर अंकुश लग सके। आज के बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार चौधरी ,उप सचिव नवल प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष राकेश कण, मणिकांत सिंह, फुल्लीडुमर प्रखंड के अध्यक्ष रघुनंदन शास्त्री, शंभू वर्णवाल ,दीपक ,अभय सिंह आदि उपस्थित थे।

## कटोरिया (कठौन) टीम ने दक्षिणी बारने टीम को 72 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/ चांदनः- एम एम के जी उच्च विद्यालय चांदन के खेल मैदान में खेले जा रहे सी सी ए के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय राजेंद्र मिस्त्री क्रिकेट लीग टुनामेंट शनिवार 7 जनवरी को कटोरिया (कठौन) के बीच मैच खेला गया। जिसमें कटोरिया कठौन टीम ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और धुंआधार बेटिंग करते हुए बैजू के 40 बाल पर 71रन उज्जवल के 20 बाल पर 37 रन एवं सरताज के 7 बॉल पर 23 रनों की साझेदारी में 18 ओवर 3 बाल पर सभी विकेट गंवा कर 176 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरे दक्षिणी बारने टीम ने 17 ओवर में सभी विकेट गंवा कर विसुनदेव के 18 बॉल पर 29 रन मुकेश के 17 बाल पर 26 रन एवं टुन टुन के 6 बाल पर 14 रनों की साझेदारी में 104 रनों पर सिमट कर रह गई, जिससे कटोरिया (कठौन) टीम ने आसानी से 72 रनों से जीत हासिल कर लिया। अंत में कटोरिया (कठौन) टीम के अर्धशतकीय की पारी खेलने वाले बिरजू को मैन ऑफ द मैच का खिताब देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार कटोरिया (कठौन) टीम सेमीफाइनल मुकाबला में जगह बना लिया। विदित हो कि बिरनिया,चांदन एवं कटोरिया मार्केट टीम ने सेमीफाइनल के लिए पहले ही सफलता हासिल कर चुकी। जिससे आज के मैच में कटोरीया कठौन टीम ने दक्षिणी बारने टीम को 72 रनों से पराजित कर चौथे सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफलता हासिल कर लिया है। वहीं क्रिकेट लीग टुनामेंट के आयोजकों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सेमीफाइनल मुकाबला खराब पिच एवं ग्राउंड होने से लगभग एक सप्ताह के बाद खेला जाएगा। एंपायर के भूमिका में उज्जवल कुमार एवं शरीफ रहे वहीं स्कोरिंग की भूमिका में हिमांशु कुमार तथा कॉमेंट्री में चार चांद लगाने वाले प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय भैरोगंज के प्रिंसिपल अशोक कुमार यादव एवं चांदन टीम कप्तान प्रिंस प्रकाश और सरफुद्दीन अंसारी की महत्वपूर्ण योगदान रहा। आज के मैच में कमेंट्री बॉक्स का शोभा बढ़ाने वाले बांका क्रिकेट टीम उपाध्यक्ष ओम प्रकाश बरनवाल तरुण दुबे, नन्द किशोर बरनवाल, एवं समिति के सदस्यों के अलावा दक्षिणी बारने पंचायत के समाजसेवी सह पंचायत समिति सदस्य छोटेलाल भगत, पुर्व जिला पार्षद जागेश्वर दास के साथ दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। आज के दिन खेल मैदान के चारों ओर क्रिकेट प्रेमियों ने खिलाड़ियों को ताली बजा कर स्वागत किया।

## भूमि विवाद से संबंधित लगा जनता दरबार शिविर

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न थाना परिसर में शनिवार 7 जनवरी को भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया ।जहाँ बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग जमीन विवाद से जुड़े मामले को लेकर पहुंचे। इस दौरान चांदन थाना परिसर में थाना अध्यक्ष नसीम खान व अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य ने भूमि विवाद से जुड़े चार नए मामलों की सुनवाई की और एक पुराना मामला को गहन अध्ययन कर



निष्पादित किया। वहीं दूसरी ओर सुइया थाना परिसर में थाना अध्यक्ष मनीष कुमार एवं सिओ प्रशांत शांडिल्य ने दो मामला की सुनवाई किया। साथ ही आनन्दपुर ओ पी परिसर में आयोजित जनता दरबार में ओपी अध्यक्ष व राजस्व कर्मचारी ने एक मामला पर सुनवाई किया ।वहीं जनता जनता दरवार में पहुँचे नए फरियादियों को अगले जनता दरबार में जमीन से जुड़े सभी कागजात लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया

## छपरहिया धर्मशाला के समीप से एक अज्ञात शव बरामद

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

कटोरिया थाना क्षेत्र के कटोरिया-देवघर मुख्य सड़क मार्ग पर छपरहिया धर्मशाला के निकट जोर के बगल कटोरिया पुलिस ने एक अज्ञात युवक के शव को बरामद किया। जानकारी के अनुसार सुबह किसी ग्रामीण ने एक युवक के शव को देखकर हो- हल्ला करने पर



अन्य ग्रामीण जुटे तथा घटना की जानकारी थानाध्यक्ष नीरज तिवारी को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया है। शव की पहचान नहीं हो पायी है।

## फुल्लीडुमर एवं खेसर बाजार का अतिक्रमण एवं दुकानों में खुलेआम बिकने वाले गुटखा पर लगेगी रोक-अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर एवं खेसर बाजार में दुकानदारों द्वारा सड़क पर दुकान लगाकर



जो अतिक्रमण कर यातायात बाधित किया जाता है, उस पर अब फुल्लीडुमर अंचलाधिकारी द्वारा कार्रवाई करने की बात कही है वहीं इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी ईशारंजन ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा फूलीडूमर बाजार एवं खेसर बाजार में सड़क पर दुकान लगाकर यातायात बाधित करने एवं दुकानों में सजाकर खुलेआम गुटखा की बिक्री करने की शिकायत मिली है जिस पर जल्द ही पुलिस प्रशासन की मदद से छापेमारी कर अवैध रूप से गुटखा बेचने वाले एवं सड़क अतिक्रमण कारी दुकानदारों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी

## शनिवार को फुल्लीडुमर थाने पर आयोजित जनता दरबार में 3 मामले का हुआ निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर थाना परिसर में शनिवार को राजस्व कर्मचारी अजीत सिंह की



अध्यक्षता में भूमि विवाद संबंधी मामले के निष्पादन हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गयो आयोजित जनता दरबार में आवश्यक कागजातों का अवलोकन करते हुए 3 मामले का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गयो निष्पादित मामले में पूरण साह बनाम सुरेंद्र यादव ग्राम मोहनपुर, यशोदा देवी बनाम त्रिभुवन यादव ग्राम चौड़ाड,एवं तेजनारायण राय वनाम चुनचुन राय ग्राम केसरिया का भूमि विवाद संबंधी मामले शामिल हैं वहीं गणेश दास बनाम प्रमोद दास ग्राम डोमोडीह के भूमि विवाद संबंधी एक नए मामले आए

## जनता दरबार में तीन मामले हुए निष्पादित

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

पंजवारा थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया ।जहाँ बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग जमीन



विवाद से जुड़े मामले को लेकर पहुंचे। इस दौरान बाराहाट के अंचलाधिकारी राजेश कुमार, राजस्व अधिकारी निशा सिंह एवं पंजवारा थाना के एसआई बिपिन कुमार ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के मौजूदगी में तीन मामले का निष्पादन किया। पंजवारा के श्यामा देवी बनाम जयकांत साह , अविनाशी कुमार सिंह बनाम बबीता देवी और लौढ़िया खुर्द के जेठु दास बनाम राजा ठाकुर के मामले को निष्पादित किया गया ।वहीं जनता जनता दरवार में पहुँचे नए फरियादियों को अगले जनता दरबार में जमीन से जुड़े सभी कागजात लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

## जातिगत जनगणना का एडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- शनिवार को पूरे बिहार में जातिगत जनगणना की शुरूआत हो चुकी है। इसी कड़ी में नगर पंचायत के 12 नंबर वार्ड में भी जातिगत




जनगणना का शुभारंभ जिले के एडीएम माधव कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि, जातिगत जनगणना की शुरूआत पूरे जिले में शुरूआत हो चुकी है। इसके लिए कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। यह कार्य 21 जनवरी तक पहले चरण में तेजी से किया जाएगा। इस कार्य में घर-घर में नंबरिंग के साथ सदस्यों का नाम पता भी लिया जाएगा। मौके पर वरीय उप समाहर्ता सत्येंद्र कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर सिंह, सीओ विजय कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## उड़नदस्ता टीम ने चलाया वाहन चेकिंग

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

कटोरिया-देवघर मुख्य सड़क मार्ग पर इनारावरण के पास उड़नदस्ता टीम द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा दो पहिये एवं चार पहिये वाहनों को जांच के लिए रोका गया। टीम द्वारा चेकिंग के दौरान



वाहनों के कागजात, डिक्की, इन्सुरेंस, प्रदूषण, चालकों के लाइसेंस अन्य की जांच की गयी। जांच के क्रम में जिन वाहन चालकों को बिना गाड़ी के कागजात या दो पहिए वाहन चालकों को बिना हेलमेट व चार पहिए वाहन चालकों को बिना सीट बेल्ट के साथ गाड़ी चलाते हुये पकड़ा गया। उनसे पांच हजार जुमार्ना वसूला गया। अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। मौके पर पुलिस बल मौजूद थे।

## डॉ. महावीर प्रसाद यादव वाटिका द्वार का कुलपति प्रो. (डॉ.) आर. के. पी. रमण ने किया उद्घाटन

मधेपुरा । डॉ. महावीर प्रसाद यादव डॉ.महावीर प्रसाद यादव भी अपनी यश एवं कीर्ति से अमर हो गए हैं- प्रो. (डॉ.) रेखा कुमारी

वाटिका द्वार का शनिवार को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता कुलपति प्रो. (डॉ.) आर. के. पी. रमण ने कहा कि पूर्व कुलपति डॉ. महावीर प्रसाद यादव हमारे आदर्श हैं। वे बीएनएमयू में 3 अप्रैल, 1995 पांचवें कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने सेवा अवधि के दौरान ही 13 अगस्त, 1997 को 70 वर्ष की उम्र में कुलपति के पद पर रहते हुए अंतिम सांस ली थी।

कुलपति ने बताया कि महावीर बाबू ने की महत्वपूर्ण पदों पर रहे। वे विधायक, राज्य शिक्षा मंत्री एवं सांसद रहे। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय एवं बी आर ए बिहार विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति और ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी भी निभाई थी। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. (डॉ.) रेखा कुमारी ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है। जो सद्कर्म करते हैं, उनकी यश एवं कीर्ति दुनिया में



फैलती है। यही यश एवं कीर्ति व्यक्ति को अमर बनाती है। महावीर प्रसाद यादव भी अपनी यश एवं कीर्ति से अमर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि महावीर वाटिका विश्वविद्यालय के लिए एक निधि की तरह है। यदि यहां एनिमल हाउस बनाने का प्रस्ताव आएगा, तो वे सहयोग करेंगी। विशिष्ट अतिथि प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) आभा सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में महावीर बाबू के योगदन को भुलाया नहीं जा सकता है। स्वागताध्यक्ष कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार ने अपने पूज्य पिता की याद में लगभग पच्चीस लाख रुपए खर्च कर इस वाटिका का निर्माण कराया है। यह एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर संयोजक डॉ. नरेश कुमार, जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. उषा सिन्हा, वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, कुलानुशासक डॉ. बीएन विवेका, सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजुम, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार यादव, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. एम. आई. रहमान, उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव आदि उपस्थित थे।

## औरंगाबाद जिले के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए प्रशासनिक स्तर से अलाव की व्यवस्था नहीं।

**दैनिक समाज जागरण ,सचिन कुमार सिंह जिला संवाददाता**

औरंगाबाद (बिहार ) 07 जनवरी 2023:- तापमान में आई गिरावट के कारण जिले के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही ,जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त है ।5 दिनों से पारा में गिरावट आने के साथ ही ठंड में बढ़ोतरी हुई है। थोड़ी. धूप के बाद कोहरा छाया रहा और लोग ठंड की चपेट में रहे ।शीतलहर के प्रकोप एवं ठंड बढ़ने से औरंगाबाद, देव, जीवा बीघा, चट्टी, बालूगंज सहित बाजार में काम धंधा करने वाले लोगो एवं राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा ।कई जगहों पर अलाव जलाकर ग्रामीण ठंड से बचाव कर रहे हैं। वही समाजसेवी डॉक्टर साजिद ने बताया कि 5 दिनों से ठंड काफी बढ़ चुकी है जिला प्रशासन से अनुरोध है कि चौक चौराहे पर अलाव का व्यवस्था करें ताकि गरीब परिवार के लोग इस कड़ाके की ठंड में बच सके।

## औरंगाबाद से बालूगंज जाने वाली मुख्य पथ मे कटैया गांव के समीप राम रेखा नदी पर बने जंजर और संकीर्ण पुलिया से अब तक 20 लोगों की गई है जान !

### *ग्रामीणो ने किया हंगामा, कहा कब सुनेंगे जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी।*

**दैनिक समाज जागरण, सचिन कुमार सिंह जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद (बिहार) 07 जनवरी 2023 :- औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड क्षेत्र के बालूगंज से औरंगाबाद जाने वाली मुख्य पथ में कटैया गांव के समीप राम रेखा नदी पर बने पुल का चौड़ीकरण को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया है ।ग्रामीणों ने बताया कि इस पुलिया से लगभग 30 से 35 लोग गिरे हैं,जिसमें से 20 लोगों की मौत इलाज के दौरान हो चुकी है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि हालही में एक वार्ड सदस्य प्रतिनिधि योगेश राय की मौत इस पुल में ही गिरने से हो गई थी। ग्रामीण दीपक कुमार पाल ने बताया कि पुलिया चौड़ीकरण नही होने के कारण आये दिन दुर्घटना होते रहता है।उन्होंने बताया की यह रोड जो है वह देव प्रखंड के दक्षणी क्षेत्र को जोड़ती है और जिले के यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित इलाका भी माना जाता है।



## एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा नें गरीबों के बीच बांटा सूखा राशन

### *ठंड से कांप रहे एक वृद्ध को देर रात अपने होटल से मंगा कर दिया था कंबल*

अररिया । जिले के प्रख्यात समाज सेवी सह एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय कुमार मिश्रा बढ़ते ठंढ को देखते हुए अपने एसडीएम फ्यूल सेंटर पर असहाय गरीबों के बीच सूखा राशन का पैकेट वितरण किए ।बताते चले कि श्री मिश्रा ने दो दिन पूर्व ही असहाय गरीबों के बीच कम्बलों का वितरण किए थे। बढ़ते कोहरे और ठंढ को देखते हुए शनिवार को अपने एसडीएम फ्यूल सेंटर पर गरीबों में सुखा राशन का पैकेट वितरण किए ।मीडिया से रूबरू होते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि मुझे बचपन से ही सामाजिक कार्यों में अभिरुचि रही है ।आगे उन्होंने बताया कि जिले में जितने भी क्रिकेट टूनामेंट होती है अगर सूचना मिली तो बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए बैड, बॉल ,विकेट देने का आश्वासन भी दिए। आगे श्री मिश्रा ने कहा कि बहुत जल्द ही चिन्हित गांवों में मेडिकल टीम मंगवाकर असहाय और गरीबों के आंखों का जांच करवा कर चश्मा ,ऑपरेशन आदि निःशुल्क किया जाएगा ।देर रात गाड़ी से घर लौट रहे श्री मिश्र नें देख कि ठंड से एक वृद्ध कांप रहे हैं ।उन्हौने अपने होटल से कंबल मंगा वृद्ध दिया उन्हें भोजन कराया और कुछ राशि देकर उन्हें विदा किया ।वृद्ध बाबा नें उन्हें ढ़ाकि भर आशीर्वाद दिया ।

## संक्रामक बीमारियों के साथ गैर संचारी रोगों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत

### प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों के साथ कई हेल्थ वेलनेस सेंटर पर जांच व इलाज की सुविधा

अररिया ।शुरूआती दौर में कोई भी बीमारी बेहद सामान्य दिखती है। लेकिन बीतते समय के साथ ये गंभीर रूप लेने लगता है। किसी तरह की शारीरिक समस्या को देर तक टालने का परिणाम लोगों को देर-सबेर भुगतना ही पड़ता है। इसलिये रोग संबंधी किसी लक्षण की तत्काल पहचान कर इसका समुचित इलाज कराया जाये। आज संक्रामक बीमारियों के खतरे से पूरा विश्व परेशान है। ऐसे में आमतौर पर होने वाली गैर संचारी रोगों के प्रति भी पर्याप्त सक्रियता जरूरी है। वैसे रोग जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में सीधे प्रसारित नहीं होते, उन्हें गैर संचारी रोगों की श्रेणी में रखा गया है। ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोतियाबिंद, हृदय संबंधी रोग, अल्जाइमर, पार्किंगसन सहित अन्य कई रोग गैर संचारी रोगों की सूची में शामिल हैं।

तीस वर्ष से अधिक आयु के लोगों को विभिन्न तरह के गैर संचारी रोगों की चपेट में आने की संभावना अधिक होती है। लिहाजा इससे अधिक उम्र के लोगों को नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिये। इस संबंध में एसीएमओ डॉ राजेश कुमार ने बताया कि जिले के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है। सदर अस्पताल अररिया व फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल में तो इसके लिये अलग से इंतजाम उपलब्ध है ।इसके अलावा सभी पीएचसी व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जहां ओपीडी सेवा उपलब्ध है, वहां भी जांच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है। गैर संचारी रोग पदाधिकारियों को गैर संचारी रोगों की जांच के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष मेडिकल किट उपलब्ध कराया गया है। इसमें ब्लड प्रेशर जांच मशीन, ग्लूकोमीटर सहित अन्य जांच उपकरण शामिल हैं। जांच में रोग की पुष्टि होने पर रोगियों को संबंधित दवाएं मुफ्त में उपलब्ध करायी जाती है।

विभिन्न तरह के गैर संचारी रोगों के लिये अलग-अलग कारण हो सकते हैं। इसमें अनियमित दिनचर्या व खान-पान की गलत आदतें प्रमुख हैं। सदर अस्पताल के वरीय चिकित्सक डॉ राजेंद्र प्रसाद के मुताबिक, नमक का अधिक सेवन, नशापान, तनाव, मोटापा गुर्दा व उच्च रक्तचाप भी इसके कारण हो सकते हैं। बार-बार पेशाब आना, वजन में गिरावट, ज्यादा भूख लगना डायबिटीज का लक्षण है ।इसी तरह शरीर के किसी अंग में असामान्य सूजन, गांठ या कड़ापन, तिल, मस्से के आकार या रंग में परिवर्तन, ना खत्म होने वाला घाव, लगातार बुखार, वजन में गिरावट सहित अन्य कई लक्षण कैंसर रोग के शुरूआती लक्षणों से जुड़े होते हैं। महिलाओं में मासिक धर्म के दौरान असामान्य रक्त स्त्राव, स्तन के आकार में परिवर्तन के रूप में भी कैंसर के लक्षण उजागर होते हैं। मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आगे चलकर कई अन्य बीमारियों के कारण बनते हैं। ऐसे किसी भी रोग से बचाव के लिये नियमित व्यायाम, संतुलित आहार का सेवन के साथ-साथ नशापान की आदतों से पर्याप्त दूरी बनाये रखना जरूरी होता है। बावजूद इसके नियमित रूप से लोगों को अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहना चाहिये। ताकि शुरूआती दौर में ही रोग का पता चल सके। इससे संबंधित रोग का उपचार आसान होता है।

## पिण्डपड़वा गांव से एक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां ( नवादा)।पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के पिण्डपडवा गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पिण्डपडवा गांव से कुर्की वारंटी गोरा चौहान को गिरफ्तार किया गया है।

## जिला भाजपा अध्यक्ष स्वदेश कुमार नें अपनी माँ स्वर्गीय उर्मिला देवी की स्मृति एवं अपने जन्म दिन पर बांटा कंबल

### मातृशक्ति , दिव्यांग, वृद्धजन, गरीबों और बुजुर्गो से स्वदेश नें लिया आशीर्वाद

मधेपुरा । भारतीय जनता पार्टी के मधेपुरा जिला अध्यक्ष स्वदेश कुमार नें अपने पैतृक गांव में माय बर्थ माय अर्थ के तहत जहां पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिये पौधारोपण किया वहीं इस अवसर पर अपनी माँ स्वर्गीय उर्मिला देवी की स्मृति में मातृशक्ति , दिव्यांग, वृद्धजन और गरीबों के बीच कंबल वितरण कर माँ के प्रति श्रंद्धाजलि अर्पित कर बुजुर्गो से आशीर्वाद पाया ।इस

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ एक-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान, नवादा के तत्वाधान में आदर्श मध्य विद्यालय,जमुआवां में दर्जनों विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक व दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ बाल संसद की शिक्षामंत्री शिवानी कुमारी, प्रधानाध्यापक सुरेश चौधरी,दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रहे नोडल शिक्षक अरविन्द कुमार, समावेशी शिक्षा के बीआरपी राजेश कुमार सिंहा व रूबी कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सबल-2 के तहत दिव्यांगजनों के अभिभावकगण ने विकलांगता को दिव्यांगता में परिवर्तित करने के बारे में समझा। प्रशिक्षण को सफल बनाने में विद्यालय के बाल-संसद की प्रधानमंत्री मुस्कान कुमारी के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने पड़ोस के गांव चांदपुर, जमुआवां, बोझवां, बल्लोपुर व काशीचक प्रखण्ड के लेम्बुआ के चिन्हित दिव्यांगों के घर-घर जाकर अभिभावकों को प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु अभिप्रेरित कर आमंत्रित करना प्रशंसनीय रहा। प्रशिक्षण में दिव्यांगों के जीवन जीने के तौर-तरीके,शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक के क्षेत्र में विकासोन्मुखी मार्ग के साथ ही उनके विकास में बाधक तत्वों की पहचान कर निवारण के उपाय पर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण में यूट्यूब पर प्रोजेक्टर के माध्यम से कुछ गतिविधियों की विडियो भी दिखायी गयी। अभिभावकों ने प्रशिक्षणोपरांत आशान्वित ऊजाओं से लबरेज कार्यक्रम की सफलता में शामिल सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मवि अपसढ के प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार, दिवाकर कुमार, प्रावि चांदपुर के



प्रधानाध्यापक कौन्तेय कौन्तेय, महेन्द्र कुमार, प्रावि बेल्दरिया के प्रधानाध्यापक कुतुब अली व उपेन्द्र कुमार, प्रावि नुर्दीचक के प्रधानाध्यापक देवव्रत कुमार व प्रवीणचंद पाल, जमुआवां से आफताब आलम व रविकांत कुमार के साथ-साथ विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार, सचिव राखी देवी व पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने भी प्रशिक्षण को दिल से लेते हुए इस क्षेत्र में सहयोग का वचन दिया व कहा कि दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने के लिए "ट्रिपल ऊ फामूर्ला" दिल व दिमाग के साथ-साथ दान के रूप में समय तथा अर्थ दान तीनों की आवश्यकता है ।

## उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर डॉ.रेखा कुमारी ने किया सिंहेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना

**सिंहेश्वर स्थान/डॉ.रूद्र किंकर वर्मा ।**

उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर डॉ. रेखा कुमारी ने शनिवार को सिंहेश्वरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और बिहार की शैक्षणिक उन्नति के लिए बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा। मंदिर के पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा संपन्न कराया। उन्होंने बताया कि सिंहेश्वर बाबा की महिमा अपरंपार है। इनकी ख्याति देश-विदेश तक फैली हुई है। बाबा के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता है। बाबा सबकी मुरादें पूरी करते हैं। बीएनएमयू के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि निदेशक की धर्म-कर्म में गहरी आस्था है। उन्होंने सिंहेश्वर मंदिर के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, बीएनमुस्टा के महासचिव डॉ. नरेश कुमार, जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

मालूम हो कि सिंहेश्वर मंदिर का पौराणिक महत्व है। यह बिहार का देवघर के नाम से सुप्रसिद्ध है। यहां देवाधिदेव महादेव की श्रृंगीश्वर के नाम से अराधना की जाती है।श्रृंगीश्वर महर्षि श्रृंगी के अराध्य थे। कालांतर में श्रृंगीश्वर सिंहेश्वर बन गया।

'वाराह पुराण' में चर्चा है कि महादेव एक बार हिरण का वेश धारण कर छिप गए। उनकी अनुपस्थिति में असुरों ने काफी उधम मचाया। त्रस्त ब्रह्मा, विष्णु तथा इन्द्र देव उन्हें खोजने निकले। उन लोगों ने महादेव को हीरो के छद्मवेष में पहचान लिया और उनसे वापस चलने की विनती की।



लेकिन हिरण रुपी छद्मवेशी महादेव ने देवताओं के साथ चलने में अपनी असमर्थता जताई। फिर देवगण मिलकर हिरण रुपी महादेव को जबरन अपने साथ ले जाने के लिए उनके सिंग को पकड़कर खिंचने लगे। लिहाजा हिरण के अंग तीन भागों में विभक्त हो गए। श्रृंग अर्थात सिंग वाला भाग जिस स्थान पर रहा, वही श्रृंगेश्वर या सिंहेश्वर कहलाया।

त्रेता में राजा दशरथ ने ऋष्य श्रृंग की प्रेरणा से यहाँ पुत्रेष्ठी यज्ञ किया था। तदुपरांत उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम राम आदि पुत्रों की प्राप्ति हुई। सिंहेश्वर स्थान का सतोखर ग्राम सप्त पुष्कर सात पोखर यज्ञ का सप्त कुण्ड था।

शिव पुराण के रुद्र संहिता खण्ड में वर्णित महर्षि दधिचि और राजा धुत के बीच अंतिम संघर्ष यहीं हुआ था। इसमें महर्षि दधिचि विजयी हुए थे। ऐसा भी कहा जाता है कि पांडवों ने विराटनगर नेपाल के भीम बांध क्षेत्र में शरण लेने के पश्चात सिंहेश्वर में शिव की पूजा की थी।

मध्ययुग के महान विद्वान पण्डित मंडन मिश्र, जिनका शंकराचार्य से उनका शास्त्रार्थ हुआ था, सिंहेश्वर में ही रहते थे। यहाँ नवाब होशियार जंग बहादुर के अनुसार सिंहेश्वर नाथ महादेव की सेवा अर्चना हेतु महाराजाधिराज दरभंगा श्री माधो सिंह ने मौजा गौरीपुर सहित 1100 एकड़ जमीन मंदिर को दान में दिया था। 1937 में दिल्ली से आए मुख्य अभियंता दल ने इस मंदिर के चार सौ फीट नीचे पहाड़ पाया था। ऐसी मान्यता है कि भूमिगत पहाड़ का ऊपरी भाग ही शिवलिंग है। वर्तमान शिवलिंग ऊपरी सतह से लगभग चार फीट नीचे अवस्थित है। यह मंदिर सौम्य प्रकृति के गोद में परवाने तथा बैवाह नदी के संगम पर अवस्थित है। कभी चंचला कोसी नदी के मंदिर के बगल से गुजरती थी। लेकिन कोसी की मुख्यधारा के करवट लेने से इसकी उफनती धारा मंदिर से दूर चली गयी। लेकिन चंचला कोसी अपने नाम पर निकट में एक शाखा छोड़ गयी है, जो वर्तमान में मृतप्राय है। कोसी की भीषण विभीषिका के चलते कभी यह मंदिर बालुका राशि में विलीन थी, बाद में बालू की चमकीली रेतों की गिरफ्त से मंदिर को पूर्णरुपेण मुक्त किया गया।५

## उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु अभिनव प्रयोग हमारा एक मात्र लक्ष्य- डॉ.माधवेन्द्र झा

### छात्र/ छात्राओं को मिलेगा स्टडी मैटेरियल,09 जनवरी से 18 जनवरी तक कॉलेज में होगी आंतरिक परीक्षा

आलमनगर । उदयनाचार्य विद्याकर कवि महाविद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य डा माधवेंद्र ने संकायवार एवम विषयवार शिक्षक एवम अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के कोर्सेज ऑफ स्टडी की समीक्षा के क्रम में कहा कि उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु अभिनव प्रयोग हमारा एक मात्र लक्ष्य है। बताते चलें कि बीते माह 05दिसंबर 2022को शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु विश्वविद्यालय स्तर का कार्यशाला सह नए सत्र 2022-23के छात्र/छात्राओं को कैंपस वापसी, पुस्तक एवम पुस्तकालय से प्रेम, प्रायोगिक विषयों की महत्ता के साथ शिक्षा एवम क्रीड़ा से संबंध स्थापित कर शारीरिक एवम मानसिक विकास हेतु वृहत्तर कार्यशाला आयोजित की गई थी जिसमे मेंटर के रूप में सभी छात्र संगठनों, वरिष्ट जर्नलिस्ट, पूर्ववर्ती छात्र संगठनों के साथ विश्वविद्यालय स्तर के सभी शीर्ष पदाधिकारियों



के साथ नवोदित एवम उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नव नामांकित छात्र/छात्राओं की इंटरफेस मीटिंग भी आयोजित की गई जिसमे सैकड़ों अभिभावक भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा महाविद्यालय के शैक्षिक परिषद को जिम्मेदारी दी गई थी कि एक माह के अंदर 25 प्रतिशत वार्गाभ्यस उपरांत एक आंतरिक परीक्षा आयोजित कर छात्र/ छात्राओं को स्टडी मैटेरियल उपलब्ध कराई जाय तथा महाविद्यालय स्तर से छात्र/ छात्राओं को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराई जाय। इसी क्रम में दिनांक 09 जनवरी से 18 जनवरी तक आंतरिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। सभी छात्र/ छात्राओं को स्टडी मटेरियल्स सॉफ्ट कॉपी के रूप में उपलब्ध करा दी गई है। छात्र/छात्रा काफी उत्साहित हैं तथा कराके की ठंड के वावजूद वार्गाभ्यास में तल्लीन दिख रहे हैं। उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा टीचिंग एवम लर्निंग प्रोग्राम के तहत यह प्रयास मिल का पत्थर सिद्ध होगा ऐसी धारणा अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं एवम शिक्षकों का है।

## बिहार में जातिगत जनगणना शुरू यहां बसे पिछड़ों के लिए एक ऐतिहासिक दिन - शाहनवाज आलम

### जोकिहाट प्रखंड कार्यालय में मंत्री जी नें पदाधिकारियों के साथ किये समीक्षात्मक बैठक

जोकीहाट बिहार सरकार के काबीना मंत्री सह जोकीहाट विधानसभा के आर जे डी विधायक जनाब शाहनवाज आलम नें कहा कि




आज सिर्फ.बिहार के लिए नहीं, पूरे भारत के लिए और यहां बसे पिछड़ों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। बिहार में जातिगत जनगणना आज से शुरू हो रही है। एक बड़ा तबका जिसकी संख्या इस देश की आबादी का 60% है, अब उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति का पता चल पाएगा। जातीय जनगणना हो जाने से इनकी वर्तमान स्थिति का आंकलन हो सकेगा व आने वाले समय में इनको ध्यान में रखकर विकासपरक नीतियों का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी और माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी का धन्यवाद।इधर माननीय मंत्री जनाब शाहनवाज आलम नें अपने गृह प्रखंड जोकिहाट प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किये और पदाधिकारियों को हिदायत और कड़े निदेश भी दिये ।

## जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से क्कतक की शैक्षणिक गतिविधि 11जनवरी तक स्थगित

### सभी शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मी / विद्यालय प्रधान विद्यालय में रहेंगे उपस्थित

अररिया । अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक 06/वि० 09-68/2022-1997 दिनांक 23.12.2022 के आलोक में जिला पदाधिकारी, अररिया के अनुमोदनोपरांत इस कार्यालय के ज्ञापांक 1405, दिनांक 24.12.2022 शुद्धि पत्र ज्ञापांक 1408, दिनांक 24.12.2022 द्वारा बढ़ते ठण्ड एवं शीतलहर के कारण अररिया जिला के सभी सरकारी विद्यालयों में दिनांक 26.12.2022 से 31.12.2022 तक शैक्षणिक कार्य स्थगित किया गया था।



पुनः ज्ञापांक 01 दिनांक 02.01.2023 द्वारा दिनांक 07.01.2023 तक शैक्षणिक कार्य स्थगित किया गया था

वर्तमान में गिरते तापमान एवं शीतलहर को देखते हुए जिला पदाधिकारी. अररिया के आदेशानुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से क्कतक की शैक्षणिक गतिविधियों को दिनांक 08.01.2023 से 11.01.2023 तक स्थगित किया जाता है। सभी शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मी / विद्यालय प्रधान उक्त अवधि में विद्यालय में उपस्थित रहकर कायालीय कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां( नवादा) दिव्यांगता से संबंधित प्रारंभिक एवं उच्च विद्यालयों के पोषक क्षेत्र के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक, दिव्यांग बच्चों के माता-पिता एवं उनके अभिभावकों को एक दिवसीय गैर आवासीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जा रहा है। प्रखण्ड के वैसे विद्यालय जहां दिव्यांग बच्चे हैं, वहां निर्धारित तिथि के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा ने बताया कि समावेशी शिक्षा के संतोष कुमार एवं प्रदीप वर्मन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## गोविंदपुर में जब्त शराब को किया गया नष्ट

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता पकरीबरावां( नवादा)**

थाली थाना परिसर में प्रभारी सीओ व मजिस्ट्रेट जितेंद्र पासवान एवं थाली थानाध्यक्ष सुभाष कुमार की उपस्थिति में विभिन्न कांडों में जब्त शराब को नष्ट किया गया। थाना परिसर में गड्ढे खुदवा कर शराब को नष्ट किया गया। बताया गया कि 7 कांडों के तहत जब्त देसी महुआ शराब 26 लीटर व विदेशी शराब 8.5 लीटर कुल मिलाकर 34,5 लीटर शराब को नष्ट किया।

## प्रगणकों के बीच जनगणना का सामग्री का वितरण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता पकरीबरावां( नवादा)**

पकरीबरावां। इंटर विद्यालय पकरीबरावां में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि जनगणना कार्य में 354 प्रगणक एवं 72 पर्यवेक्षकों को लगाया गया है। बताया गया कि 50 कर्मियों को सुरक्षित रखा गया है। सामग्री प्राप्त होते ही प्रगणक जनगणना कार्य में लग गए हैं।

## सुघड़ी मे विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**कृति कुमारी दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां( नवादा) गोविन्दपुर प्रखंड के नक्सल थाना थाली क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक साक्षरता सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में चन्द्रशेखर प्रसाद पैनल अधिवक्ता जिला विधिक प्राधिकार नवादा सहित प्रखंड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। शिविर में पैनल अधिवक्ता ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बीडीओ ने बाल विवाह पर रोकथाम, दहेज प्रथा पर रोक, आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, शराबबंदी को लेकर लोगो को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रभारी सीओ जितेन्द्र कुमार पासवान, कृषि पदाधिकारी अजय कुमार, एएसआई संतोष कुमार पासवान, एलएसबीए अनीश कुमार, बाररूम कर्मी विकास कुमार, एससीडीएस समन्वयक सुमन आर्य, जीविका कॉर्डिनेटर अजीत कुमार, राजकुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार वर्मा, सरपंच बबिता देवी, पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार, पंचायत सचिव ललन सिंह, शिवहरी कुमार, रणधीर कुमार, समाजसेवी मिथलेश राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## उत्तरी पंचायत में लोहिया स्वच्छता के तहत कचरे का हो रहा उठाव

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां( नवादा) कृति कुमारी पकरीबरावां प्रखंड की उत्तरी ग्राम पंचायत में लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत कचरा का उठाव किया जा रहा है। पंचायत की मुखिया ममता देवी एवं प्रखंड समन्वयक दिवाकर प्रकाश ने संयुक्त रूप से बताया कि वार्ड वार प्रत्येक घरों में दो डस्टबिन दिए गए हैं। जिसमें एक हरा और दूसरा नीला है। हरा डस्टबिन में गीला एवं नीला डस्टबिन में सूखा कचरा रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया है। बताया गया कि उतरी पंचायत में तीन हजार घरों में डस्टबिन दिया गया है। कचरे का उठाव करने वाले कर्मियों द्वारा बाजार में भी पड़े सीमा क्षेत्र में भी कचरा उठाने को कहा गया है। इस कार्य में पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार शर्मा काफी सक्रिय रूप से लगे हैं। उनके द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रखंड समन्वयक ने बताया कि प्रखंड में तीन पंचायतों का चयन किया गया है। जिसमें पकरीबरावां उतरी, पकरीबरावां दक्षिणी एवं कोनंदपुर शामिल है। शेष पंचायतों में भी जल्द ही इसे शुरू किया जाएगा।

## पकरीबरावां थाना में जनता दरबार में सुलझाये गये सात मामले

**कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां( नवादा)। पकरीबरावां थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार लगाकर भूमि संबंधी विवाद सुलझाए गए। अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार एवं थानाध्यक्ष नीरज कुमार की उपस्थिति में आयोजित जनता दरबार में कुल नौ मामले आए। अंचलाधिकारी ने बताया कि नौ मामलों में से सात मामलों का निपटारा किया गया। शेष दो मामलों के लिए अगली तिथि मुकर्रर की गई। गौरतलब है कि हरेक शनिवार को पकरीबरावां थाना परिसर में एवं हरेक गुरुवार को धमौल ओपी में जनता दरबार लगाकर जमीन संबंधित विवाद को सुलझाया जाता है।



## एनयूएचएम के तहत संचालित यूपीएचसी के बेहतर प्रबंधन के लिए कायाकल्प प्रमाणीकरण होना अतिआवश्यक

पूर्णिया ।राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प योजना से प्रमाणीकरण अत्यंत जरूरी है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर स्थित एएनएम स्कूल के सभागार में इसके लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र पूर्णिया सिटी, गुलाबबाग, माधोपारा, पूर्णिया कोर्ट, मधुबनी एवं माता स्थान के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, एएनएम एवं लैब टेक्नीशियनों ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कैशर इकबाल, डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, डीएमएंडई आलोक कुमार, जिला सलाहकार, गुणवत्ता एवं यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सलाहकार दिलनवाज, यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद, राज कुमार, नंदन कुमार झा सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद ने बताया कि आने वाले दिनों में शहरी स्वास्थ केंद्रों का राज्य स्तरीय टीमे द्वारा निरीक्षण किया जाना है। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वच्छता, अस्पतालों के रखरखाव और सुविधा में सुधार, स्वच्छता और स्वच्छता प्रबंधन, सूखा और गीला कचरा प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण प्रबंधन, स्वास्थ्य देखभाल सहायता सेवाएं, मरीजों को मिलने सुख सुविधाएं, उपचार कराने के लिए आए मरीज एवं उनके अभिभावकों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ सर्वोत्तम व्यवहार, स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ ही बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना होगा। ताकि कायाकल्प योजना से संबंधित प्रमाणीकरण हो सके। बायो-मेडिकल वेस्ट (बीएमडब्ल्यू) नियमों का कार्यान्वयन में संग्रह और परिवहन की पूरी प्रक्रिया का प्रबंधन, खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस और तरल सामान्य अपशिष्ट प्रबंधन, बीएमडब्ल्यू के लिए आपूर्ति और उपकरणों पर नजर रखने जरूरत है।

## लाइफ सेवियर्स समूह के सदस्य पार्थ राणा ने की रक्तदान.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ सदर अस्पताल सोनाजोडी में इलाजरत पाकुड़( बागान पाड़ा) निवासी



नाजमा बीबी जो किडनी के समस्या से पीड़ित हैं। डॉक्टरों ने मरीज के परिजनों को रक्त चढ़ाने का निर्देश दिया। परिजनों ने रक्त की जरूरत के लिए लाइफ सेवियर्स समूह के कोषाध्यक्ष इफ्तिकार से संपर्क किया। कुछ ही देर बाद समूह के कोषाध्यक्ष ने महेशपुर निवासी पार्थ राणा से संपर्क किया। और कुछ ही देर बाद पार्थ जी तुरंत ही रक्तदान करने के लिए राजी हो गए। और रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान किया। तभी जाके मरीज का इलाज संभव हो पाया।रक्तदाता ने कहा कि यह मेरा तीसरी दफा रक्तदान हैं, रक्तदान करके हमें बहुत खुशी महसूस हो रही है । और मैं आगे भी समय समय पर रक्तदान करते रहूंगा, और मरीज के परिजनों ने समूह का आभार प्रकट किया।मौके पर समूह के कोषाध्यक्ष इफ्तिकार मिया और रक्त अधिकोष के कर्मचारी नवीन कुमार एवं पीयूष मौजूद थे।

## अभिषेक राय बने पाकुड़िया थाना प्रभारी.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया में नए थाना प्रभारी के रूप में अभिषेक राय ने शनिवार को



तत्कालीन थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता से प्रभार ग्रहण कर कार्यभार और जिम्मेदारी संभाला, इस मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित कर अपराध रोकना तथा क्षेत्र में शांति बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी, किसी भी तरह की शिकायत और समस्या के लिए बगैर बिचौलिए के कोई भी पीड़ित व्यक्ति उनसे सीधा संवाद स्थापित कर सकते हैं ,शिकायत पर तुरंत कार्यवाही होगी, प्रभार ग्रहण के बाद थाना प्रभारी अभिषेक राय ने थाने में तैनात सभी पुलिस पदाधिकारियों से रूबरू हुए और विधि व्यवस्था के बारे में जानकारी ली ।

## पंचायत राज पदाधिकारी ने की 15 वें वित्त आयोग की समीक्षात्मक बैठक

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ में जिला पंचायती राज पदाधिकारी के सभाकक्ष में जिला पंचायत राज



पदाधिकारी महेश कुमार राम की अध्यक्षता में 15 वें वित्त आयोग के समीक्षा बैठक की गई।बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने ग्राम पंचायत विकास 15 वें वित्त आयोग का खर्च बढ़ाने का निर्देश दिया एवं सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण कर सत्यापित करते हुए जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया गया।

मौके पर डीपीएम ई- पंचायत श्री रितेश कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद, कनीय अभियंता, लेखा लिपिक-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य उपस्थित थे।

## जिदातो गर्ल हाई स्कूल जिला विधिक सेवा प्राधिकार जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ शनिवार को जिला बिधिक सेवा प्राधिकार सचिव शिल्पा मुर्मू की



अध्यक्षता में जिदातो गर्ल्स हाई स्कूल पाकुड़ में लीगल लिटरेसी क्लब में विधिक जानकारी दी गई। लीगल लिटरेसी क्लब स्थापन के विशेष महत्व पूर्ण उद्देश्य है कि समाज मे वालविवाह , वालतस्कोरी, लैंगिक भेदभाव, और डायन वाताकर जानसे मार देना,आग से पत्थर से मार डालता है।ऐसे जघन्य अपराध करता है, इसका रोकथाम के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन हर माह का फास्ट शनिवार और तिसरा शनिवार लीगल लीटरेसी क्लब मे उपस्थित छात्राओं को दी जाती है पी एल भी कमला गांगुली ,क्लास टीचर जोली मरण्डी उपस्थित होकर वालविवाह के रोकथाम हेतु विधिक जानकारी दी।

## धारदार हथियार से किया घायल, मामला दर्ज.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ जिला के हिरणपुर थाना क्षेत्र के बड़तल्ला गांव में शनिवार को एक व्यक्ति को पीछे से धारदार हथियार से वार कर बुरी तरह से घायल किये



जाने का मामला सामने आया है. इस घटना को लेकर घायल बड़तल्ला निवासी असरफ अंसारी ने थाने में लिखित शिकायत कर थाना कांड संख्या 5/23 में मामला दर्ज कराया है. दर्ज मामले में पीड़ित ने कहा है कि गांव के हैमाजुद्दीन अंसारी ने पीछे से धारदार हथियार से वार कर दिया. जिससे जमीन पर गिर गए. इसके बाद भी वार करते रहे. चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास लोग पहुंचने पर आरोपी भाग गया. इसके बाद ग्रामीणों ने हिरणपुर सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचाया. इस बावत थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि घटना को लेकर मामला दर्ज कर ली गई है. इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## मनरेगा योजना में अनियमितता बरतने वाले रोजगार सेवक बर्खास्त क्या कहते हैं ग्रामीण विकास मंत्री

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ मनरेगा एवं अन्य विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं अनियमितता करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी के तहत हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत मनरेगा की योजना में अनियमितता बरतने वाले ग्राम रोजगार सेवक अनिरुद्ध प्रसाद साह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे सेवा मुक्त (बर्खास्त) कर दिया गया। ग्रामीण विकास मंत्री का कहना है मनरेगा की योजना भागीदारी दोनों का है केंद्र सरकार और झारखंड सरकार के जो प्रधान सचिव और सचिव होते हैं वहीं से चिट्ठी निकलकर जिला में आता है काम कराने वाले जो लोग होते हैं वह उसी क्षेत्र के होते हैं रोजगार सेवक हो निश्चित तौर पर अनियमितता वह भी दिखाई देता जब तक सरकार सक्रिय प्रयत्न नहीं करेंगे इसी तरह का निंदा दिखाई पड़ेगी चाहे वीडियो हो चाहे पदाधिकारी हो अगर मनरेगा में कोई गड़बड़ी होता है तो सभी विभाग के पदाधिकारी चाहे रोजगार सेवक हो वैसे तबके के लोगों को उस पर भी करवाई होगी।

## नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन,विशेषज्ञ ने नई शिक्षा नीति पर डाला प्रकाश

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ में शनिवार को झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, राँची के तत्वावधान में जिला इकाई पाकुड़ की जिलास्तरीय बैठक नवीन युग विद्यालय में प्रदेश महासचिव रामरंजन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक नयी शिक्षा नीति पर आधारित कार्यशाला में शिक्षाविद् , विशेषज्ञ सह शिक्षक विजयनन्दन त्रिवेदी ने बताया कि नयी शिक्षा नीति केन्द्र सरकार शिक्षा मंत्रालय के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरयाल निशंक के द्वारा दिनांक 29जुलाई 2020 को पारित किया गया था जो सत्र 2023-24 से लागू किया जायेगा,राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शिक्षा की पहुँच , समता, गुणवत्ता, वहनीयता , और उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया है, 03 वर्ष से 08 बर्ष की आयु के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम का दो समूहों में विभाजन नर्सरी एलकेजी यूकेजी के शिक्षा छात्र आंगनबाड़ी में ग्रहण करेंगे। 03 वर्ष से 06 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए विद्यालय के माध्यम से मुफ्त, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण "प्रारम्भिक वाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा" की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बच्चे को उनके मातृभाषा में ही अध्ययन कराना है। 06 वर्ष से 08 वर्ष तक के बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा प्रथम एवं द्वितीय में शिक्षा प्रदान की जायेगी, प्रारम्भिक शिक्षा को बहुस्तरीय खेल और गतिविधि और आधारित बनाने को प्राथमिकता दी जायेगी ।

एन ई पी/एम एच आर डी द्वारा "बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान दिया जायेगा। अब बच्चे का



नामांकन 3 वर्ष की उम्र में की जा सकती है।.नयी शिक्षा नीति में पाँच + तीन+ तीन+ चार की शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डाला गया, नयी शिक्षा नीति में कौशल विकास,अवधारणात्मक ,रचनात्मक ,तार्किक सोच , नैतिकता, मानवीय और संवैधानिक मूल्य,बहु-भाषिक, जीवन कौशल, सीखने के लिए सतत मूल्यांकन पर जोर, तकनीकी शिक्षा पर जोर , एवं भारतीय जड़ों और गौरव से बंध कर बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया गया है ।कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव ने अपने विचार शिक्षा नीति पर रखते हुए कहा कि शिक्षा एक सार्वजनिक सेवा है, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच को प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार माना जाना चाहिए, सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष जे. दत्ता ने कहा कि नयी शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी विषय पर फोकस कम किया गया है। जिलाध्यक्ष गब्रियल मुर्मू ने कहा कि नयी शिक्षा नीति के तहत हर बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं की स्वीकृति , पहचान और उनके विकास हेतु प्रयास करना शामिल किया गया है, बैठक में प्रदेश महासचिव रामरंजन कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष गब्रियल मुर्मू,जिला सचिव राजकुमार भगत, जिले के सभी प्रखंड के पाकुड़िया प्रखंड अध्यक्ष, जुलियस मुर्मू ,महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष कार्नेलियस मुर्मू, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मो. फेकारुल शेख , हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत सेन, अमड़ापाड़ा प्रखंड देवलाल मराण्डी, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष धर्मनाथ भगत, प्रखंड सचिव, मनोज भगत, हेमन्त हाँसदा, श्रीतन मुर्मू, रफिकुल आलम, मनिरुल इस्लाम, रेहान राही, वासिम अकरम, आरिफ हुसैन, स्माइल हेम्ब्रम सहित प्रखंड व जिला के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हैं।

## एक साल भी नहीं हुए बेकार हो गए पाकुड़ जिले में बने ओपन जिम.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़/एक वर्ष भी नहीं हुए करीब दस लाख रुपए की लागत से पाकुड़ में बिना ओपन जिमखाना रखरखाव के अभाव में बेकार हो गया है । रखखाव के आभाव के कारण ओपन जिम में लगे हरिंणडगा हाई स्कूल सिद्धू कानू पार्क अधिकांश उपकरण खराब हो गए थे। जिस कारण लोगो को जिम का लाभ मिल पा रहा है। जिला मुख्यालय में बने जिमखाना का आलम यह है कि यह बच्चों के खेल सामग्री प्रयोग में लाया



जा रहा है और इस ओर जिला प्रशासन का कोई ध्यान नही है। और तो और जिम खाना में अभी तक शेड का भी निर्माण नहीं हों सका। जिस कारण उपकरण खुले में हैं। और जर्जर हो रहे हैं। कुछ ऐसा ही पाकुड़ शहर के करीब आधा दर्जन लगे जिम खाने के भी हैं। जो बेहतर रख रखाव के कारण खराब हो रहें हैं। लेकिन इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान नहीं है। इस कुव्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर कुमार कालिदास मेमोरियल कॉलेज मे हुआ प्रतियोगिता का आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ में स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी 2023 राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर के० एम० या भाषण, निबंध, पेटिंग एवं स्पोर्टस आधारित वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन एवं उनके विचारों को युवाओं तक पहुँचाने हेतु यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ प्राचार्य डॉ० शिव प्रसाद लोहरा, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार कौशिक, नेहरू धा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी सुभम चन्द्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिका हसदा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। निबंध प्रतियोगिता 01. कोमल कुमारी 102. रोहित कुमार प्रतियोगिता 01 शशांक शेखर 02 मुकेश कुमार पाण्डेय 03 समीया प्रवीण पेन्टिंग प्रतियोगिता 01. पूनम दत्ता स्पोर्टस आधारित प्रतियोगिता- 01. राजू प्रमाण 02. सम्राट पाण्डेय



03. अपन प्रमाणिक ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य के अलावे एम०एस०एस० जिला नोडल पदाधिकारी, डा० मनोहर कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश बालते हुए युवाओं से राष्ट्रनिर्माण में भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम मे सफल प्रतिभागियों को मोटा दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सफल प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडलियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में समर कुमार सिंह, गाजी मो० कमान, ग० अजय कुमार दास, प्री० [सोनी अगर दास प्रो० महबूब आलम, प्रो० इंद्रनील सरकार कुमारी अहमद अमित कुमार डॉ० अशन्ता ग्राम प्रो० ए०एस० महाकृत डॉ. राजीव रंजन, शिक्षकेतर क श्री कुमार कुमारी सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नाला थाना के गेट के समीप पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

नाला थाना के गेट के समीप पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। शनिवार को नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा के निर्देश पर नाला के निकुत पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों से वाहन दस्तावेज, प्रदूषण सर्टिफिकेट, लाइसेंस, इंश्योरेंस के अलावे हेलमेट समेत अन्य बिंदुओं की गहनता पूर्वक जांच की गई। जांच के दौरान जिन बाइक चालकों के पास हेलमेट तथा कागजात नहीं थे जप्त कर रख लिया गया है ।बताया गया कि बाइक चलाने के दौरान हेलमेट का इस्तेमाल अवश्य करें। ज्ञात हो की सड़क सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातारवाहन जांच अभियान चलाया जा रहे है। दर्जनों बाइक एवं



चार पहिया चालकों को जुमार्ना भी भरना पड़ता है। पुलिस के लगातार वाहन जांच से मोटरसाइकिल चालकों में अब भी हड़कंप मचा हुआ है । इधर फिर से पुलिस ने रूटीन चेकिंग आरंभ कर दिया है। आपको बता चले कि आईए दिन कहीं ना कहीं सड़क दुघर्टना होते रहते हैं। एवं थाना प्रभारी महेश मुंडा ने मिडिया को जानकारी देते हुए कहा कि उच्च अधिकारी के आदेश पर वाहन जांच किया जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि चार पहिया वाहन में भी सिट बेल्ट भी चैक किया गया जिसमें रोज 10 गो वाहन का चालान काटा ना है एवं एक चार पहिया वाहन में सिट बेल्ट नहीं लाएंगे जाने पर जुमार्ना भी भरना पड़ेगा

## स्थानीय जनता से रूबरू हुए ग्रामीण विकास मंत्री,दिया आश्वासन.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड जिला के स्थानीय कांग्रेस भवन में सूबे के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री सह विधायक दल नेता आलमगीर ने कार्यकताओं के साथ मुलाकात कर स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए और उन्हें हर संभव निदान का आश्वासन दिया। स्थानीय स्तर पर शहरी क्षेत्र में लोगों ने प्रमुखता से भाग लेते हुए जल समस्याओं पर अपने विचार रखा। हरिनडंगा स्कूल के पास स्कूल की जमीन पर पाकुर नगर पालिका द्वारा लोगों के आवागमन वाले रास्ते को रिक्रूटमेंट करने की बाबत शिकायत सुनी, कई स्थानों पर नई चापाकल की बात भी कही गई। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा की काग्रेस



पार्टी एक विचारधारा है ,जिसे हर भारतीय को समझना जरूरी है। यह पार्टी किसी को नुकसान पहुंचाने की बात नहीं करती है,। लोगों को रोजगार कैसे प्राप्त हो ,किसान कैसे आगे बढ़े एवं स्थानीय जन समस्या का समाधान इसका मुख्य लक्ष्य है। लोगों का झुकाव पार्टी की ओर हो रही है। 26 जनवरी से भारत जोड़ो आंदोलन पुनः व्यापक स्तर से प्रारंभ होगी।

## उ. प्रा. विद्यालय रामचंद्रपुर में एसएमसी का पुनर्गठन संपन्न, मोहम्मदुर शेख बने अध्यक्ष, नाइमा बीबी उपाध्यक्ष.

### पुलिस कि कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ कार्यक्रम.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ प्रखंड के रामचंद्रपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मैं एसएमसी का पुनर्गठन लेलिन दुबे,निहार रंजन सरकार की देखरेख में संपन्न हुआ। उक्त एसएमसी के पुनर्गठन कार्यक्रम मैं पंचायत के अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अभिभावकों के द्वारा चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से 6 महिला तथा 6 पुरुषों को विद्यालय का सदस्य चुना गया। सायमा बीबी, अंसारुल शेख,नसीमा बीबी,पोली मंडल, लइली बीबी,बुटोन बीबी, उल्फतून बीबी,मोहम्मदुर शेख, नाएमा बीबी,ज्योति मैडय्या,सद्दाम शेख तथा अनारुल शेख सभी सदस्यों ने मिलकर अध्यक्ष के रूप में मुहम्मदुर शेख तथा उपाध्यक्ष के रूप में नाएमा बीबी को चुना। वहीं जिला प्रशासन



की तरफ से उक्त कार्यक्रम में कोई बाधा सृष्टि ना हो इसे लेकर कड़ी सुरक्षा का इंतजाम भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई पुलिसकर्मी गश्ती करते हुए देखे गए। वही दंडाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता जुलियास हांसदा को कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी दी गई। पंचायत के मुखिया गीता कुमारी ने भी उक्त कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

बताते चलें कि उक्त विद्यालय के एसएमसी पुनर्गठन के लिए दो बार अभिभावकों द्वारा चुनाव हो चुका है। ग्रामीण राजनीति के कारण एसएमसी पुनर्गठन को भंग कर दिया जा चुका है। तीसरी बार एसएमसी पुनर्गठन के चुनावी प्रक्रिया के दौरान कोई बाधा उत्पन्न ना हो जिसके लिए जिला प्रशासन को कड़ी सुरक्षा का इंतजाम करना पड़ा।

## डीडीसी ने की प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक

### अधूरी निर्माण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ जिला के डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास, ग्रामीण योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2016-22 तक प्रखण्ड अन्तर्गत अधिक संख्या में लंबित रहने वाले कुल 39 पंचायत के पंचायत सचिव एवं प्रखण्ड समन्वयक, प्रधानमंत्री



आवास योजना-ग्रामीण के साथ समीक्षा बैठक की। अधिक संख्या में आवास लंबित रहने के कारण उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पंचायत सचिव को फटकार लगाते हुए लंबित सभी आवासों को 31 जनवरी, 2023 तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

## मध्याह्न भोजन योजना के संचालन समिति की बैठक बीडीओ उमेश मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साह**

पाकुड़ जिला के महेशपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में शनिवार को मध्याह्न भोजन योजना के संचालन समिति की बैठक बीडीओ उमेश मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मध्याह्न भोजन योजना का प्रत्येक विद्यालय में संचालन नियमित रूप से हो, इसका मॉनिटरिंग करने का निर्देश संबंधित बीआरपी-सीआरपी को दिया गया। बीडीओ ने किसी भी परिस्थिति में विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना बंद न हो तथा किचन शेड की साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान रखने, किचन शेड में खाना बनाते समय बच्चे किसी भी परिस्थिति में न जाए, इसे सुनिश्चित



करने का निर्देश दिया। बैठक में चावल एवं पैसे की उपलब्धता की विद्यालय वार समीक्षा की गई। बैठक में बीडीओ उमेश मंडल के अलावे बीईईओ - 1 तरुण कुमार घाटी, बीईईओ-2 बाबूराम मुर्मू, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अब्दुल वहाब अंसारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार किस्कु के अलावे बीआरपी अब्दुस समाद, अकबर अली, अब्दुस सलीम, सीआरपी घनश्याम चौबे के अलावे अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## राजमहल सांसद करेंगें गांव का दौरा करे, करेंगे जन समस्याओं का समाधान.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड में झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव के उपस्थिति में उनके आवासीय कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख के अध्यक्षता में प्रखंड के सभी पंचायत के अध्यक्ष / सचिव उपस्थित बैठक की गई। तय किया गया कि 8 जनवरी को सांसद विजय हंसदा पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत चेंगाडंगा ,नसीपुर ,सितापहारी ,और नबीनगर आदि का दौरा करेंगे।09 जनवरी झिकरहटी पश्चिमी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे जिसमे ग्रामीण लोगों से मुलाकात कर उसके बुनियादी समस्या से



रूबरू होकर उसे निष्पादन करने का हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह ,प्रखण्ड सचिव राजेश सरकार , उपाध्यक्ष अजफरुल शेख , सह सचिव कौस शेख ,हबीबुर्रहमान ,महमूद आलम ,मोकलेसुर रहमान ,मोसरफ हुसैन ,अनेकुल आलम ,सेलिम शेख ,जाकिर ,शेख ,फिरोज शेख ,फुरकान शेख ,जर्शिद शेख ,फितू शेख मनिरुल सेख ,मिन्टू शेख ,अलीम शेख शेख ,अशरफुल शेख मोजीबुर शेख सहित प्रखंड के सभी सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहरग्राम के +2 विद्यालय में पेयजल की किल्लत से रोज रूबरू होते हैं छात्र.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा**

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड के शहरग्राम पंचायत के + 2 स्कूल में पेय जल की सुविधा न होने से छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, विद्यालय में कुल 337 छात्र और छात्रा है,कई छात्रों ने कहा कि पीने का पानी के लिए हमलेगों को स्कूल से बाहर दूसरे चापाकल से जार के माध्यम से पानी भर कर स्कूल लाना पड़ता है। प्रधानाचार्य से पूछने पर बताया की साल 2020 में स्कूल अंतर्गत केंद्र योजना द्वारा एक डीप बोरिंग किया गया था,करीब 2 साल होने को आए लेकिन अभी तक बोरिंग और पाइप लाइन का कार्य आगे नहीं बढ़ा है, साथ ही शहरग्राम



प्राथमिक शाखा में सोलर पैनल की भी व्यवस्था है, लेकिन धूप नहीं होने पर या फिर मौसम खराब होने पर पानी नहीं निकलता है जिस से एमडीएम, स्वच्छता आदि को करने में समस्या उत्पन होती है जिस की सूचना पदाधिकारी को दी गई है लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विद्यालय में कमरे की भी कमी है, कमरे की कमी के कारण विद्यार्थी सभी विषय का क्लास बड़ी मुस्किल से कर करते है। छात्रों ने बताया कि पीने के लिए पानी, खेल कूद या योगा करने के लिए मैदान और बाउंड्री ना होने के कारण छात्रों को बहुत सारे समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के बाउंड्री संबंधी सूचना पदाधिकारी को भी है फिर भी कोई ध्यान नही है।

## पहाड़िया आदिम जनजाति युवा संगठन का एक बैठक आहुत की गई।

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट प्रशांत मंडल**

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत बड़ा मरगो में मनोज कुमार देहरी के अध्यक्षता में पहाड़िया आदिम जनजाति युवा संगठन का एक बैठक आहुत की गई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई जैसे पहाड़िया समाज में घट रही घटनाओं को रोकने हेतु, गैर समाज द्वारा पहाड़िया समाज को अत्याचार हो रहा है उसे बंद करने,बेटी बचाने बेटी पढ़ाने को लेकर चर्चा,पहाड़िया समाज के बीच गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।बैठक में केंद्रीय कमेटी



नियुक्ति किया गया जिसमें अध्यक्ष बेंजामिन मालतो ,उपाध्यक्ष मनोज कुमार देहरी,सचिव शिवप्रसाद पहाड़िया,उप सचिव चंदन कुमार मालतो,कोषाध्यक्ष,बेंजामिन मालतो ,उप कोषाध्यक्ष विजय मालतो,संगठन मंत्री अनिल मालतो आदि को पद दिया गया। मौके पर जेम्स मालतो,मदन बाबू पहाड़िया,चार्लोश पहाड़िया,राजेश पुजहर सहित पाकुड़,साहेबगंज,गोड्डा एवं दुमका जिले से पहाड़िया समाज के दर्जनों युवा कार्यकर्ता शामिल थे।

## किसान को नही मिला कृषि ऋण माफी योजना का लाभ

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता फतेहपुर विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर प्रखण्ड के सिमलाडंगाल ग्रम पंचायत के बादल रुज को नही मिला कृषि ऋण योजना का लाभ। रुज ने बताया कि झारखण्ड सरकार की कृषि ऋण योजना की घोषणा की गई तब से ही ऑन लाइन की प्रक्रिया के तहत झारखंड ग्रामीण बैंक फतेहपुर मे आधार लिंक कराए मगर मेरे खाता को जब आधार लिंक कराता हु तो मेरे नाम के जगह पर मन्टु भंडारी का नाम आ जाता है उन्होने बताया कि मुझे सरकार की कृषि ऋण माफी योजना का लाभ मिला ही नही। मगर अभी तक सुधार नही किया गया।बैंक आते जाते थक गया हूँ। बादल रुज ने फिर बताया कि 5/01/23 को उपायुक्त महोदय को आवेदन देकर गुहार लगाये है कि उचित कार्रवाई करते हुए मेरे खाते मे गलत नाम को हटा कर मेरा नाम से लिंक करने की कृप की जाय।